बैशाख शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 17 मई 2024
वर्ष 5, अंक 52, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कैनेडियन जंगलों की आग से अमेरिकी देश धुंए की चपेट में 16

ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 में विलेन का किरदार निभाएंगे ऋतिक 15

## रेप पीड़िता किशोरी ने आरोपी को दी क्लीन चिट, अदालत ने सुना दी सजा

- अदालत ने डीएनए और एफएसएल नतीजों के आधार पर आरोपी को माना दोषी
- आरोपी को न्यायपालिका का मजाक उड़ाने की अनुमति नहीं दी जा सकती : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने एक असाधारण फैसला सुनाते हुए लगभग दस साल पहले 12 वर्षीय एक लड़की के साथ बलात्कार करने के लिए एक व्यक्ति को दोषी ठहराया है। इस मामले में पीड़िता ने आरोपी को क्लीन चिट दे दी थी।

अदालत ने कहा कि डीएनए और एफएसएल नतीजों जैसे निर्णायक सबूत के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया जाता है। आमतौर पर यौन उत्पीड़न के मामलों में बलात्कार पीड़िता की गवाही को मुख्य सबूत माना जाता है और यदि पीड़िता आरोपी को क्लीन चिट दे देती है तो उसे संदेह का लाभ मिल जाता है और वह छूट जाता है। अक्टूबर 2014 में नाबालिग लड़की से हुए बलात्कार के इस मामले की सुनवाई कर रहे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत ने कहा, पीड़िता हालांकि इस तथ्य से मुकर गई कि आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये थे, लेकिन डीएनए और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के नतीजों से सच्चाई सामने आ गई है, जो कि एक निर्णायक सबूत है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पीड़िता ने पहले चिकित्सक, पुलिस और मजिस्ट्रेट को दिए अपने बयानों में कहा था कि आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। अदालत के समक्ष अपने चौथे बयान में वह मुकर गई और अभियोजन पक्ष के मामले का समर्थन नहीं किया। न्यायाधीश ने कहा कि अदालत का कर्तव्य सच्चाई का पता लगाना है और आरोपी व्यक्तियों को न्यायपालिका का मजाक उड़ाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## पांच मामलों में आजम समेत 12 पर आरोप तय

**रामपुर।** जौहर यूनिवर्सिटी के लिए किसानों की जमीन कब्जाने के पांच मामलों में गुरुवार को एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) कोर्ट ने सपा नेता आजम खां, उनके परिवार के चार सदस्यों और चमरौआ के सपा विधायक नसीर खां समेत 12 लोगों के खिलाफ आरोप तय कर दिए। अब इस मामले में 21 मई को सुनवाई होगी। कोर्ट ने आजम खां, आलेहसन, कुशलवीर, तंजीन फात्मा,अब्दुल्ला आजम ,अदीब आजम, निकहत अखलाक,जकी उर रहमान सिद्दकी, मुश्ताक अहमद सिद्दकी,फसीह जैदी और लेखपाल आनंदवीर सिंह पर आरोप तय कर दिए।

चारधाम यात्रा : भारी भीड़ को देखते हुए उत्तराखंड सरकार का निर्णय

## ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 19 मई तक बंद



- मंदिरों से 200 मीटर दूर से मोबाइल रहेंगे प्रतिबंधित
- मुख्यमंत्री की श्रद्धालुओं से अपील, तय तिथि पर ही करें यात्रा
- मुख्यमंत्री धामी ने की चारधाम यात्रा की व्यवस्था की समीक्षा

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ और उसके चलते हो रही दिक्कतों के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को चारधाम यात्रा व्यवस्था की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा राज्य की लाइफ लाइन है, यात्रा में मानकों का अनुपालन किया जाए। उन्होंने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि वे रजिस्ट्रेशन तिथि के अनुसार ही यात्रा करें। चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसके चलते व्यवस्थाएं चरमराने लगी हैं। गुरुवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा व्यवस्था की समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भी अनुरोध किया कि वे चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन के अनुसार जो तिथि मिली है, उसके अनुसार ही दर्शन के लिए आएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारों धामों में 31 मई तक वीआईपी दर्शन की व्यवस्था स्थगित रखी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारों धामों में प्रतिदिन के लिए जो क्षमता निर्धारित की गई है, उसके अनुसार ही यात्रियों को दर्शन के लिए भेजा जाए। रजिस्ट्रेशन की व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाया जाए। श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा हेतु रजिस्ट्रेशन होने पर ही चेक प्वाइंट से आगे जाने दें। उन्होंने कहा कि 17 से 19 मई तक तीन दिन ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन रोका जाए।

चारधाम के सभी मार्गों के एंट्री प्वाइंट एवं विकासनगर, यमुना पुल क्षेत्र, धनौल्टी, सुवाखोली में भी सख्ती से चेकिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि चारों धाम में मंदिर से 200 मीटर तक मोबाइल प्रतिबंधित रहेंगे।

### एक नजर

#### बंगाल में 10 स्थानों पर आईटी की छापेमारी

**कोलकाता।** आयकर (आईटी) अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में कोलकाता के दक्षिण से लेकर उत्तरी हिस्सों तक 10 स्थानों पर छापे मारे और लगभग 55 लाख रुपये जब्त किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आईटी अधिकारी बुधवार से शहर के कुछ हिस्सों में तलाशी अभियान चला रहे हैं, जिनमें दक्षिण में गरियाहाट, मध्य भाग में एस्प्लेनेड और उत्तर में शोभा बाजार शामिल हैं।

#### कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश की नाकाम

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया है। जिले के तंगधार सेक्टर में बुधवार रात नियंत्रण रेखा पर सेना ने घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखी। सुरक्षा बलों के ललकारे जाने के बाद घुसपैठियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलायीं।

#### सिब्बल चुने गए सुप्रीम कोर्ट बार के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के गुरुवार को हुए चुनाव में वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर रचना श्रीवास्तव और सचिव पद पर विक्रांत यादव को चुना गया। सिब्बल ने 1,066 मतों के साथ जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी वरिष्ठ वकील प्रदीप राय को 689 मत मिले।

## ऐसा प्रधानमंत्री चुनने का मौका जिस पर दुनिया रौब न जमा सके : मोदी

### प्रधानमंत्री ने पूर्वांचल में कई चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया

- बोले-अगले पांच साल में बदल देंगे पूर्वांचल की तस्वीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह चुनाव देश के लिए एक ऐसा प्रधानमंत्री चुनने का अवसर है जिस पर दुनिया रौब न जमा सके। एक ऐसा प्रधानमंत्री, जो एक दमदार सरकार चलाए और भारत के दम-खम से दुनिया को परिचित करवाए। गुरुवार को उत्तर प्रदेश में चार जनसभाएं करते हुए प्रधानमंत्री ने सभी जगहों पर अलग-अलग मुद्दे उठाए।

प्रधानमंत्री मोदी जौनपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह और मछलीशहर (आरक्षित) के बीपी सरोज के समर्थन में टीडी कालेज मैदान में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने भोजपुरी में अपना भाषण शुरू करते हुए सभी को आश्वस्त किया कि आने वाले पांच साल में मोदी और योगी पूर्वांचल की तस्वीर और तकदीर बदलने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने जय श्री राम, हर हर मोदी के नारों के बीच कहा आपका यह उत्साह दिखाता है कि आप लोगों ने उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन वालों के लिए एक सीट भी जीतना मुश्किल कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि चार जून को मतगणना के बाद जौनपुर में इतनी इमरती बंटेगी कि सारे रिकॉर्ड टूट जाएंगे।

जौनपुर के अलावा प्रधानमंत्री ने गुरुवार को पूर्वांचल के आजमगढ़, भदोही, प्रतापगढ़ जिले में भी जनसभाओं को संबोधित किया और सभी जगह उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की भी काफी प्रशंसा की। इस कड़ी में उन्होंने उत्तर प्रदेश में माफिया के सफाए के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े बदलाव का श्रेय योगी को देते हुए पूर्वांचल को विकसित भारत का नया ग्रोथ इंजन करार दिया। आजमगढ़ पहुंचकर मोदी ने कहा कि कांग्रेस और सपा की सरकारों ने सीएए के नाम पर झूठ का पहाड़ खड़ा कर दिया। इन लोगों ने सात दशकों तक हिंदू-मुसलमान किया। ये दल कह रहे हैं कि जब मोदी जाएगा तो सीएए को भी हटा दिया जाएगा, लेकिन मैं कहता हूं कि इस देश में अब कोई माई का लाल ऐसा नहीं है, जो सीएए को खत्म कर सके। प्रधानमंत्री ने भदोही में कहा, मैं काशी वाला हूं और भदोही अपना ही घर है। मुझे पक्का विश्वास है कि आप वोट देकर भाजपा प्रत्याशी को दिल्ली भेजने वाले हैं। इसी क्रम में मोदी ने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि यहां लोग पूछ रहे हैं कि भदोही में टीएमसी कहां से आ गई।



जौनपुर में भाजपा उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह के समर्थन में जनसभा के दौरान गदा लेकर लोगों का उत्साह बढ़ाते प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

#### चार जून के बाद होगा खटाखट-खटाखट

प्रधानमंत्री ने प्रतापगढ़ में राहुल गांधी के खटाखट वाले बयान पर तंज कसा। कहा, शहजादों (राहुल-अखिलेश) को न मेहनत की आदत है और न ही नतीजे लाने की, इसलिए ये कहते हैं देश का विकास अपने आप होगा। उन्होंने कहा, ये सोचते हैं कि भारत आत्मनिर्भर अपने आप बन जाएगा और पूछो तो कहते हैं- खटाखट-खटाखट। चार जून के बाद इंडिया गठबंधन टूटकर बिखर जाएगा खटाखट-खटाखट। बलि के बकरे को खोजा जाएगा खटाखट-खटाखट। शहजादे चाहे लखनऊ वाले हों या दिल्ली वाले, गर्मी की छुट्टियों पर विदेश निकल जाएंगे खटाखट-खटाखट। दरअसल, तीन दिन पहले राहुल ने झांसी में कहा था- महिलाओं के खाते में हर साल 1 लाख रुपये भेजे जाएंगे। यानी महीने 8500 रुपया खाते में खटाखट-खटाखट जाएगा।

## भाजपा सत्ता में आई तो आरक्षण खत्म, योगी नहीं रहेंगे मुख्यमंत्री

### दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने अपना दावा फिर दोहराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार को लखनऊ पहुंचे। यहां समाजवादी पार्टी मुख्यालय में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ एक संयुक्त पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने दोहराया कि भाजपा अगर केन्द्र की सत्ता में आई तो आरक्षण खत्म कर देगी, संविधान तार-तार हो जाएगा। इसी के साथ यह दावा भी फिर दोहराया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमित शाह को अपना वारिस बना देंगे। वहीं उनकी सरकार अगर बनी तो दो-तीन महीने बाद योगी आदित्यनाथ से उप्र. के मुख्यमंत्री की कुर्सी छीन लेंगे।

अपनी दावों को तर्क देते हुए केजरीवाल ने कहा कि पिछले कुछ समय से इन्होंने (भाजपा) हल्ला मचाया हुआ था। 400 पार सीटें चाहिए। ये लोग कहते थे कि मोदी कुछ बड़ा काम करना चाहते हैं। अंदर से पता कराया तो मालूम हुआ कि ये लोग आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। संघ और भाजपा शुरू से ही आरक्षण के खिलाफ रही है। ये संविधान को तार-तार करना चाहते हैं। वहीं, शाह के उत्तराधिकारी बनने के पीछे तर्क दिया कि मोदी अपने ही तयशुदा नियमों के तहत 75 साल के होते हुए पद छोड़ देंगे। यानि 17 सितम्बर को उम्र के इस पायदान पर पहुंचते ही वह शाह को अपनी कुर्सी सौंप देंगे। योगी वाले बयान के पीछे तर्क दिया कि शाह के रास्ते में जो नेता बाधा बने उन्हें हटा दिया गया।

जैसे- शिवराज सिंह, वसुंधरा राजे। अब एक ही शख्स बचे हैं, जो पीएम मोदी की राह का कांटा बन सकते हैं, वो हैं योगी आदित्यनाथ। उन्हें हटाने का मन बना लिया है। अगर चुनाव जीतते हैं, तो उन्हें 2-3 महीने में हटा दिया जाएगा। इस लोस चुनाव में केजरीवाल का यह पहला उप्र. दौरा था। आप सांसद संजय सिंह भी उनके साथ रहे।

#### भाजपा चार चरणों में चारों खाने चित : अखिलेश

अखिलेश यादव ने कहा कि जो देश का माहौल है, भाजपा चार चरणों में चारों खाने चित्त हो गई। अब वह स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि 143 सीटों से ज्यादा नहीं जीत रहे हैं। 140 करोड़ जनता इनको 140 सीटों के नीचे पहुंचा देगी। यह यूपी, दिल्ली और पंजाब की 99 सीटों पर ही उलझ के रह गए हैं। यहां सबसे बड़ी हार भाजपा की होने जा रही है।



#### जेल जाकर केजरीवाल की बुद्धि फिर गई : योगी

**बांदा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अरविंद केजरीवाल के बयानों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की बुद्धि जेल जाने के बाद फिर गई है। अन्ना हजारे के सपनों पर पानी फेरने वाले केजरीवाल अब मेरा नाम लेकर बातें कर रहे हैं। योगी ने कहा कि अन्ना ने जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन किया था, केजरीवाल ने उसे ही अपने गले का हार बना लिया है। योगी गुरुवार को यहां तिंदवारी में हमीरपुर-महोबा लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां से पार्टी प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के लिए वोट करने की अपील की।

## कस्टडी में युवक की हुई मौत, पूरी चौकी निलंबित

- पुलिसकर्मियों पर पांच लाख रुपये मांगने का आरोप
- डीजीपी ने मामले की जांच व कार्रवाई की बात कही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नोएडा

**अमृत विचार :** नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र की चिपियाना चौकी में पुलिस कस्टडी में एक युवक की मौत के बाद पुलिस कमिश्नर ने गुरुवार को पूरी चौकी निलंबित कर दी।

मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि उसके भाई को छोड़ने के लिए चौकी इंचार्ज सहित अन्य पुलिसकर्मी पांच लाख रुपये मांग रहे थे। 50 हजार रुपये उसने शाम को ही दे दिया था। हिरासत में लिए गए युवक ने फंदे पर लटककर खुदकुशी की या कुछ और कारण है। इसे लेकर डीजीपी ने जांच कर कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। मृतक योगेश के भाई जितेंद्र ने बताया कि योगेश चिपियाना की एक बेकरी में काम करता था। उसकी एक सहकर्मी ने चौकी पर योगेश के खिलाफ शिकायती पत्र दिया था, योगेश को पुलिस चौकी पर बुलाया गया था। न पहुंचने पर कई पुलिसकर्मी पहुंचे और उसे चौकी ले आए। उसे जब पता चला तो वह भाई योगेश को छुड़ाने के लिए चौकी पहुंचा।

## फ्लाइट में बम की सूचना पर मची अफरा-तफरी

- टिशू पेपर पर लिखा था बम जांच में कुछ नहीं मिला

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर इंडिया की दिल्ली-वड़ोदरा उड़ान में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब चालक दल के एक सदस्य ने विमान के शौचालय में एक टिशू पेपर पर बम शब्द लिखा देखा। गुरुवार को एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुधवार शाम को यह नोट मिलने के बाद विमान की जांच की गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। जब चालक दल के सदस्य ने शाम सात बजे बम लिखा टिशू पेपर देखा, उस समय विमान उड़ान भरने के लिए तैयार था।

## मालीवाल से मारपीट में प्राथमिकी

- केजरीवाल के पीए हैं आरोपी महिला आयोग ने तलब किया

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज की और उनके निजी सहायक विभव कुमार को आरोपी बनाया। प्राथमिकी महिलाओं के खिलाफ हिंसा के अपराध से संबंधित आईपीसी की धाराओं के तहत दर्ज की गई। मालीवाल द्वारा कई पन्नों की शिकायत दर्ज कराने के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

इसके पहले दिल्ली पुलिस की टीम गुरुवार को मालीवाल के घर पहुंची। एसीपी दर्जे के एक अधिकारी के नेतृत्व में गए दल ने घटना की जानकारी ली। मालीवाल सोमवार सुबह सिविल लाइन्स थाने पहुंची थीं, आरोप लगाया था कि सीएम केजरीवाल के निजी सहायक ने मुख्यमंत्री आवास पर उनके साथ बदसलूकी की थी। वहीं, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार को समन भेजकर पक्ष रखने के लिए शुक्रवार सुबह 11 बजे तलब किया है।

#### सवालों पर चुप रहे सीएम केजरीवाल

**लखनऊ।** अरविंद केजरीवाल से लखनऊ में प्रेसवार्ता के दौरान स्वाति मालीवाल से बदसलूकी मामले पर सवाल पूछा गया तो वे चुप्पी साध गए। बार-बार उठते सवालों के बीच अखिलेश यादव ने बात दूसरी तरफ मोड़ दिया। इस दौरान केजरीवाल की कार में उनके नीजी सचिव बिभव कुमार बैठे रहे।

#### क्या केजरीवाल ने ही पिटवाया : भाजपा

भाजपा ने केजरीवाल पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल के साथ दुर्व्यवहार करने वाले को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए उनसे पूछा कि क्या मालीवाल के साथ यह दुर्व्यवहार मुख्यमंत्री के इशारे पर ही किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि केजरीवाल की चुप्पी बताती है कि महिला सम्मान उनके लिए मायने नहीं रखता है।

## गले में टॉफी फंसने से चार साल के बच्चे की गई जान

- दुकान से टॉफी खरीदकर खाई तो अचानक गले में अटक गई
- सांस लेने में दिक्कत होने पर लोगों ने परिजनों को किया सूचित

संवाददाता, शाहबाद (रामपुर)

**अमृत विचार :** सभासद के चार साल के बेटे के गले में टॉफी अटकने से उसकी हालत बिगड़ गई। बच्चे ने दुकान से खरीदकर टाफी खाई जो गले में फंस गई। सांस लेने में दिक्कत होने पर लोगों ने परिजनों को सूचित किया। आनन-फानन परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां उसने दम तोड़ दिया। मोहल्ला जिलेदरान वार्ड नंबर आठ से इकबाल खां की पत्नी अंजुम सभासद हैं। गुरुवार की सुबह उनका चार वर्षीय बेटा हमजा दुकान से टॉफी लेने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खाते समय हमजा के गले मे टॉफी अटक गई। इससे उसका दम घुटने लगा।



जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में बालक को सीएचसी ले आए। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इकबाल के पांच बेटों में हमजा सबसे छोटा था।

## केजरीवाल को अंतरिम बेल अपवाद नहीं

- फैसले के आलोचनात्मक विश्लेषण का स्वागत : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देना कोई अपवाद नहीं है और इस फैसले के 'आलोचनात्मक विश्लेषण' का स्वागत है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दी गई अंतरिम जमानत(बेल) के संबंध में दिए गए कुछ बयानों पर ईडी और केजरीवाल के वकील के दावों तथा जवाबी दावों पर विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि हमने किसी के लिए अपवाद स्वरूप कुछ नहीं किया है। हमने अपने आदेश में वही कहा, जो हमें न्यायोचित लगा। ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चुनावी रैलियों में दिए गए केजरीवाल के इन भाषणों पर विरोध जताया कि अगर जनता आप को वोट देती है तो उन्हें दो जून को जेल वापस नहीं जाना पड़ेगा। पीठ ने मेहता से कहा कि यह उनका मानना है। शीर्ष अदालत गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की मुख्य याचिका पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले में केजरीवाल को एक जून तक अंतरिम जमानत दी थी।

#### केजरीवाल के खिलाफ जल्द चार्जशीट : ईडी

ईडी ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि वह जल्द ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में आरोप पत्र दाखिल करेगा।

#### 2 जून को करना होगा आत्मसमर्पण

सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत पर 10 मई को रिहा हुए केजरीवाल के बयान अगर लोगों ने झाड़ू को वोट दिया तो मुझे वापस जेल नहीं जाना पड़ेगा पर ईडी की आपत्ति पर कहा कि उन्हें दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा।

## बंगाल-पंजाब में ओबीसी कोटा बढ़ाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने पंजाब और पश्चिम बंगाल में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए रोजगार में आरक्षण कोटा बढ़ाने की सिफारिश की है। वर्तमान में पंजाब में कुल 37 प्रतिशत आरक्षण है, जिसमें 25 प्रतिशत एससी को और 12 प्रतिशत ओबीसी को दिया गया है। एनसीबीसी ने ओबीसी के लिए 13 प्रतिशत अतिरिक्त आरक्षण की सिफारिश की है। पश्चिम बंगाल में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण कोटा क्रमशः 22 प्रतिशत, छह और 17 प्रतिशत है। एनसीबीसी का कहना है कि ओबीसी कोटा शेष पांच प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है।

## कोविशील्ड के बाद अब कोवैक्सीन का भी दुष्प्रभाव

### अध्ययन में दावा : कोवैक्सीन लगवाने वाले 30 % से अधिक लोगों को एक साल बाद हुईं स्वास्थ्य समस्याएं



- श्वास संबंधी संक्रमण और मस्तिष्काघात की भी शिकायत

नई दिल्ली, एजेंसी

काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के शोधकर्ताओं की एक दल द्वारा किए गए एक साल के अध्ययन में दावा किया गया कि भारत बायोटेक के कोविड रोधी टीके 'कोवैक्सीन' लगवाने वाले लगभग एक-तिहाई व्यक्तियों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शोधकर्ताओं ने इन स्वास्थ्य समस्याओं को 'विशेष रुचि वाली प्रतिकूल घटनाओं' या एईएसआई की संज्ञा दी है। अध्ययन में भाग लेने वाले 926 प्रतिभागियों में से लगभग 50 प्रतिशत लोगों ने शिकायत की है कि उन्हे कोवैक्सीन लगवाने के बाद श्वास संबंधी संक्रमण का सामना करना पड़ा है। यह संक्रमण उनके श्वसन तंत्र के ऊपरी हिस्से में हुआ।

अध्ययन में दावा किया गया कि कोवैक्सीन लगवाने वाले एक प्रतिशत व्यक्तियों ने एईएसआई की शिकायत की, जिसमें मस्तिष्काघात एवं गिलियन-बर्र सिंड्रोम से ग्रसित हुए। इस सिंड्रोम में लोगों के पैरों का सुन्न होना शुरू होता है तथा यह लक्षण शरीर के अन्य अंगों में फैलने लगता है।

पत्रिका स्प्रिंगर नेचर में प्रकाशित यह अध्ययन ब्रिटेन की फार्मास्युटिकल दिग्गज एस्ट्राजेनेका द्वारा ब्रिटेन की अदालत में यह स्वीकार करने के बाद आया कि कोविशील्ड से खून के थक्के जम सकते हैं और प्लेटलेट काउंट कम हो सकते हैं। बीएचयू (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय) के शोधकर्ताओं द्वारा जनवरी 2022 से अगस्त 2023 तक किए गए अध्ययन में बताया गया कि कोवैक्सीन लगवाने के बाद लगभग एक तिहाई व्यक्तियों ने एईएसआई की शिकायत की, जिसमें उन्हें त्वचा से संबंधित बीमारी, सामान्य विकार और तंत्रिका तंत्र से संबंधित बीमारियों का सामना करना पड़ा। खासकर किशोरों को ये समस्याएं हुईं। शोध में 635 किशोर और 391 वयस्क शामिल थे।

#### महिलाओं में मासिक धर्म की असामान्यताएं

अध्ययन में यह भी दावा किया गया कि कोवैक्सीन लगवाने के बाद 4 .6 प्रतिशत महिलाओं में मासिक धर्म संबंधी असामान्यताएं देखी गईं। इसमें यह भी बताया गया कि चार व्यस्कों की भी मौत हुई। इन चारों को मधुमेह था, जबकि तीन को उच्च रक्तचाप था और उनमें से दो लोगों ने कोवैक्सिन टीका लगवाया हुआ था।

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.


## शहर में आज

☞ कृष्णा विहार स्थित मनोकामना मंदिर में संतोषी माता की पूजा-अर्चना प्रात: 6:30 बजे।

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12:30 बजे।

# दूसरे दिन 229 ने बच्चों ने छोड़ा सीयूईटी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** दयावती मोदी अकादमी और व्हाइट हाल स्कूल में गुरुवार को दो पालियों में सीयूईटी हुआ। परीक्षा के लिए पंजीकृत 1452 के सापेक्ष 1223 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि, 229 परीक्षार्थी नदारद रहे। परीक्षार्थी सुबह 8:30 बजे तलाशी के बाद परीक्षा कक्ष में पहुंचे। शुक्रवार को भी दो परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित होगी।

सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) की कुछ दिनों पहले ही 15 मई को तारीख घोषित कर दी गईं थीं। इसके बाद जिला समन्वयक सेंट पॉल्स स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज पाठक ने परीक्षा की तैयरियां शुरू कर दी थीं। दयावती मोदी अकादमी, व्हाइटहाल पब्लिक स्कूल और सेंट पॉल्स पब्लिक स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। गुरुवार को दो पालियों में दयावती मोदी अकादमी और व्हाइटहाल पब्लिक स्कूल में परीक्षा हुई। इसमें पंजीकृत 1452 परीक्षार्थियों में से 1223 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 229 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे।



दयावती मोदी अकादमी के गेट पर परीक्षार्थी की तलाशी लेतीं शिक्षिका

- 1452 के सापेक्ष 1223 परीथार्थियों ने दी परीक्षा
- डीएमए और व्हाइट हाल में दो पालियों में हुई परीक्षा

गुरुवार की सुबह 8:30 बजे से परीक्षार्थियों का पहुंचना शुरू हो गया था। इसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच तलाशी लेकर परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में भेजा गया। सुबह 10 बजे से शुरू हुई परीक्षा एक बजे तक चली। दूसरी पाली तीन बजे से शाम छह बजे तक चली। शुक्रवार को भी दो परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा होगी।

### मौसम वैज्ञानिक बोले-19 मई तक शुष्क रहेगा मौसम, गन्ना-मक्का व सब्जियों की करें सिंचाई

# पारा 43 डिग्री सेल्सियस पहुंचने का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो 19 मई तक तापमान 43 डिग्री तक पहुंच सकता है। मौसम शुष्क रहेगा। इसलिए किसान गन्ना, मक्का और सब्जियों की फसलों की सिंचाई करें। खेत में नमी बनाए रखें। गर्मी बढ़ने पर बच्चों ने ट्यूबवैल और तालाबों के अलावा कोसी नदी में भी डुबकी लगाई।

पूरे दिन तपिश रहने से लोग गर्मी से बेचैन रहे। मौसम वैज्ञानिक 19 मई तक पारा बढ़ने का अनुमान जता रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रदेश के पश्चिमोत्तर भाग पर बन रहे चक्रवाती परिसंचरण तथा इससे असम तक विस्तारित द्रोणी के प्रभाव से निचले क्षोभ मंडल में बंगाल की खाड़ी से आ रही नमीयुक्त पुरवा हवा के कारण तापमान बढ़ने का अनुमान है। गुरुवार की सुबह तेज धूप निकलने के बाद पारा चढ़ने से गर्मी बढ़ गई। चिलचिलाती धूप में लोग गर्मी से बेहाल हो गए। पूरे दिन लू चलती रही। इससे बचने के लिए चिकित्सक सलाह दे रहे हैं। लापरवाही बरतने पर लू जान भी ले सकती है। बच्चों ने गर्मी से बचने के लिए ट्यूबवैल, तालाबों और तरणताल में नहाकर राहत पाई। शहरी क्षेत्र में बच्चे शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित तरणताल पहुंचे और तैराकी कर गर्मी से राहत पाई।




गुरुवार को भीषण गर्मी में ट्यूबवैल पर नहाते बच्चे। ● अमृत विचार

- गर्मी बढ़ने पर तालाबों और ट्यूबवैल पर खूब नहाए बच्चे

### हाल-ए-मौसम

| | |
|---|---|
| ● आर्द्रता | 22 प्रतिशत |
| ● वायु वेग | 5 किमी. प्रतिघंटा |

19 मई तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहने व दिन का तापमान 41 से 43 डिग्री तक रहने की संभावना है। किसान गन्ना, मक्का, सब्जी व अन्य खड़ी फसल में सिंचाई कर उचित नमी बनाए रखें।

-डा. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विवि, मेरठ

## एक नजर

### नवीन मंडी में 4 जून को सुबह 8 बजे से होगी मतगणना

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को डूंगरपुर स्थित नवीन मंडी समिति में प्रात: 8 बजे से शुरू होगी। उम्मीदवारों द्वारा मतगणना के लिए गणना एजेन्टों की नियुक्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रारूप-18 पर प्राप्त आवेदनों का निस्तारण करते हुए उनके फोटोयुक्त गणना परिचय पत्र जारी करने के लिए नगर मजिस्ट्रेट को नामित किया गया है।

### हादसे में मजदूर घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** वाहन पीछे करते समय चपेट में आने से मजदूर घायल हो गया। उसको निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। गुरुवार की शाम रेडिको खेतान में चावल से लदा वाहन आया था। मजदूर चालक से कहकर उसे पीछे करा रहा था। तभी अचानक वह डाले की चपेट में आकर घायल हो गया। इससे मौके पर चीख-पुकार मच गई। जानकारी मिलने के बाद अधिकारी भी आ गए। घायल मजदूर को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# रेलवे ने तोड़ा नवाबों के जमाने में बना फुट ओवर ब्रिज

## सुबह सात से 1:40 बजे तक बंद रही डाउन लाइन, ट्रेन नहीं मिलने से यात्रियों को हुई परेशानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुरादाबाद और बरेली से आई रेलवे की टीमों ने नवाबों के समय में बने फुट ओवर ब्रिज को गुरुवार को तोड़ दिया। इस दौरान डाउन लाइन को सुबह सात से दोपहर 1:40 बजे तक बंद रखा गया।

नवाबी दौर के रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज बना था। इसके सहारे यात्री प्लेटफार्म नंबर एक से दो और तीन पर जाते थे। लेकिन यह पुल धीरे-धीरे चटक रहा था। इसके ऊपर पड़ा लिंटर भी चटक गया था। इसके बारे में रेलवे के उच्च अधिकरियों को अवगत कराया गया था। इसके चलते करीब एक वर्ष से इसे पूरी तरह बंद कर दिया गया था। दो दिन पहले पुराने फुट ओवर ब्रिज को हटाने के आदेश जारी किए गए थे। इसके बाद गुरुवार की सुबह सात बजे रेलवे के अधिकारी पहुंचे। इसके बाद मशीन से उस पुल को हटाया गया। इस दौरान सुबह सात से दोपहर 1:40 बजे तक डाउन लाइन को बंद रखा गया। दो बजे से रेलवे ट्रैक को चालू किया गया। इसके बाद ट्रेनें चल सकीं।



फुट ओवरब्रिज को हटाती मशीन। ● अमृत विचार



रेलवे स्टेशन पर बैठे कर्मचारी। ● अमृत विचार

- सुबह से ही बरेली-मुरादाबाद से आईं रेलवे अधिकारियों की टीमें

### तीन घंटे देर से पहुंची लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस

पुल टूटने के दौरान डाउन लाइन को बंद कर दिया गया था। 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के आने का समय 11:23 बजे है। लेकिन यह तीन घंटे देरी से आई। इसके अलावा 22454 मेरठ सिटी-लखनऊ एक्सप्रेस सुबह करीब तीन घंटे देरी से चली। 10:23 बजे स्टेशन पर आने वाली 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस पांच घंटे देरी से चल रही है। 4:27 बजे आने वाली 1308 फिरोजपुर-धनबाद एक्सप्रेस नौ घंटे देर से चल रही है। 13006 अमृतसर-हावड़ा एक्सप्रेस 5:25 बजे आती है। यह भी पांच घंटे 40 मिनट देरी से चल रही है।

सुबह सात बजे से मुरादाबाद और बरेली से आई टीमों ने फुट ओवर ब्रिज को हटाना शुरू कर दिया था। इस दौरान डाउन लाइन को बंद कर दिया गया। दोपहर के बाद ट्रेनों को चालू कर दिया गया।

-मोहम्मद आजम, स्टेशन अधीक्षक

### पूरे दिन परेशान रहे मुरादाबाद जाने वाले यात्री

रेलवे स्टेशन पर बने पुल को गुरुवार को हटाया गया। इस दौरान लालकुआं-मुरादाबाद पैसेंजर, मुरादाबाद-लालकुआं पैसेंजर बंद रही। इस दौरान कम मुरादाबाद जाने वाले यात्रियों परेशनियों का सामना करना पड़ा।

### करीब 100 कर्मचारी रहे शामिल

मुरादाबाद और बरेली से टीमों का सुबह करीब साढ़े छह बजे पहुंचना शुरू हो गया था। करीब सात बजे से पुल को हटाना शुरू कर दिया गया। यह प्रक्रिया 1:40 बजे तक चली। इसके बाद कर्मचारियों ने रेलवे ट्रैक को साफ कर दिया। दो बजे से डाउन लाइन को चालू कर दिया गया।

## आर्य समाज मंदिर पट्टी टोला के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**रामपुर, अमृत विचार :** आर्य समाज मंदिर पट्टी टोला के प्रधान और सदस्यों को शपथ दिलाई गई। फूल मालाएं पहनाकर पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

आर्य समाज मंदिर सुबह आठ बजे विधि-विधान से यज्ञ कराया गया। इसके बाद प्रबंध समिति का गठन किया गया। पूर्व प्रधान धर्मवीर आर्य ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारीयों एवं अन्तरंग सभा के सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसमें प्रधान मुकेश कुमार रस्तोगी, कमल कुमार आर्य, कौशल्या नन्दन, सुभाष चन्द्र रस्तोगी, सत्येन्द्र गुप्ता, राजेंद्र कुमार आर्य, अमित रस्तोगी, अभिनव आर्य, तुषार आर्य, राहुल आर्य, प्रदीप कुमार रस्तोगी, सुचित मांगलिक, संजय रस्तोगी, आदित्य आर्य, मणिक रस्तोगी, सिद्धार्थ रस्तोगी, शशांक रस्तोगी, राजीव रस्तोगी, असित रस्तोगी, प्रवीण कुमार आर्य, ऋषभ रस्तोगी, नवीन कुमार आर्य, ऋषिराज आर्य आदि को शपथ दिलाई गई।



सैल्यूट के बारे में जानकारी देते स्काउट मास्टर सचिन पाल। ● अमृत विचार

# स्काउट-गाइड को दी प्रार्थना और झंडागीत की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शिविर में स्काउट मास्टर सचिन पाल ने स्काउट-गाइड को प्रार्थना, झंडागीत, आधारभूत तत्व, आदर्श वाक्य, सैल्यूट, स्काउट चिन्ह, टोली विधि, प्रगतिशील प्रशिक्षण, विभिन्न प्रकार के झंडे आदि के बारे में जानकारी दी।

उच्च माध्यमिक विद्यालय माटखेड़ा में तीन दिवसीय स्काउट गाइड के प्रवेश, प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान शिविर का शुभारंभ किया गया। इसमें स्काउट मास्टर ने गाइड के नियम, प्रतिज्ञा, ध्वज शिष्टाचार, बेडेन पावेल के इतिहास, स्काउटिंग का इतिहास आदि के बारे में बताया। कहा कि स्काउट-गाइड निरंतर सीखने की क्रिया है। स्कूल के स्काउट मास्टर फखरूद्दीन ने कहा कि स्काउट-गाइड शिविर में कम साधनों में जीवन जीने की कला को सीखने का अवसर मिलता है। शिविर का संचालन जिला गाइड कैप्टन निदा खुशनुद ने किया।

## मोहब्बत करने वालों के बीच दीवार बनी पुलिस

**सैफनी, अमृत विचार :** साथ जीने-मरने की कसमें खाकर थाने में शादी कराने की गुहार लगाने आई युवती के प्रेमी को ही पुलिस ने हवालात में डाल दिया।

मामला थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाली युवती को पास के ही युवक से प्रेम हो गया था। दोनों ने एक साथ जीने-मरने की कसमें खा ली थीं। दोनों शादी करना चाहते हैं। लेकिन प्रेमिका के परिजन तैयार नहीं थे। युवती बालिग होने के कारण अपनी मर्जी से प्रेमी से शादी करना चाहती है। गुरुवार को वह अपने प्रेमी को साथ लेकर थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर अपना विवाह कराने की गुहार लगाई। मगर उस समय प्रेमी युगल के अरमानों पर पानी फिर गया जब पुलिस ने उसके प्रेमी को हवालात में डाल दिया। थानाध्यक्ष हरिओम सिंह का कहना है कि युवती के परिजन शादी करने पर राजी नहीं हैं। युवक से पूछताछ की जा रही है।



गोष्ठी में बोलते सीएमओ डा. एसपी सिंह। ● अमृत विचार

# हर सप्ताह करें फ्रिज की ट्रे की सफाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित गोष्ठी में सीएमओ डा. एसपी सिंह ने कहा कि कूलर के पानी और फ्रिज के पीछे लगी ट्रे को हर सप्ताह धो-पोंछ कर सुखाने के बाद लगाएं। उन्होंने लोगों को घर की खिड़कियों व दरवाजों में जाली लगवाने के लिए भी प्रेरित किया।

गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में गोष्ठी हुई। गोष्ठी में लोगों को डेंगू से बचने के लिए जागरूक किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान ने कहा कि अचानक तेज बुखार, जी मचलाना आदि लक्षण मिलने पर चिकित्सक से सलाह लें। जिन क्षेत्रों में 2023 में डेंगू के रोगी मिले थे, वहां विशेष अभियान के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर एसीएमओ डा. सत्यप्रकाश, जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान, मलेरिया निरीक्षक रिंकू सिंह, फाइलेरिया निरीक्षक राइना कौसर शामिल रहे।

# 535 आवेदन विद्यालयों के लिए पात्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत 2024-25 के तृतीय चरण की लॉटरी निकाली गई। इसमें 663 आवेदन आए थे। इनमें से 535 आवेदन विद्यालय आवंटन के लिए पात्र पाए गए। 417 छात्र-छात्राओं को लॉटरी के माध्यम से स्कूल का आवंटन किया गया।

गुरुवार को तृतीय चरण की लॉटरी वरिष्ट डायट प्रवक्ता अशोक कुमार व बीएसए संजीव कुमार द्वारा निकाली गई। इसमें 663 के सापेक्ष 535 आवेदन विद्यालय आवंटन के लिए पात्र पाए गए। इस दौरान 417 छात्र-छात्राओं को लॉटरी के माध्यम से स्कूलों का आवंटन किया गया। सीट खत्म होने के कारण शेष 118 छात्र-छात्राओं को विद्यालय का आवंटन नहीं हो सका। चतुर्थ चरण के आवेदन एक से 20 जून तक लिए जा सकेंगे। तृतीय चरण की लॉटरी में अपात्र पाए गए छात्र चतुर्थ चरण में पुनः आवेदन कर सकते हैं।

इस मौके पर स्वदीप कनौजिया, जिला समन्वयक (एमआईएस), रफत अली खान, जिला समन्वयक (सामुदायिक सहभागिता) सुनील कुमार श्रीवास्तव और वरिष्ठ सहायक फैजल महसूद मौजूद रहे।



नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत लॉटरी निकालते अधिकारी।

- तृतीय चरण की लॉटरी में आए थे 663 आवेदन
- एक से 20 जून तक चलेगी चौथी लॉटरी योजना

**लापरवाही** धुएं से लोगों को सांस लेने में हो रही दिक्कत, घुट रहा क्षेत्रवासियों का दम, कई शिकायत के बाद भी स्थिति जस की तस

# हजरतपुर के ट्रचिंग ग्राउंड से लगातार उठ रहा धुआं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के अधिकारियों की अनदेखी के कारण हजरतपुर के ट्रचिंग ग्राउंड से लगातार धुआं उठ रहा है। इससे यहां के लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। लोग धुआं को खत्म करने के लिए कई बार पालिका के अधिकारियों को बता चुके हैं। लेकिन स्थिति जस की तस है।

तोपखाना में नगर पालिका परिषद का अस्थाई ट्रचिंग ग्राउंड है। यहां सभी वार्डों का कूड़ा फेंका जा रहा है। इसमें कूड़ा बीनने के इरादे से घुसने वाले कबाड़ी इसमें आग लगा देते हैं। धुएं से अस्थमा रोगियों को काफी दिक्कत हो रही है। इसकी शिकायत कई बार पालिका के अधिकारियों से की गई। टीम ने जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचकर अग्निशमन कर्मियों की मदद से आग को बुझा दिया। लेकिन इसके बाद भी कूड़े के ढेर से लगातार धुआं उठ रहा है। लोगों का कहना है कि धुएं को खत्म करने के लिए टीम द्वारा सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। कूड़े के ढेरों पर पानी की बौछार कराई जाए। ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

हजरतपुर निवासी फैजान ने बताया कि उनके पिता को सांस की बीमारी है। कूड़े के ढेर से उठ रहे धुएं से उनकी हालत खराब हो गई थी। उनको आनन फानन में प्राइवेट चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि हजरतपुर में दो बोरिंग कराए गए हैं। इसके अलावा अभी तक चार लोगों को आग लगाते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है।



बमनपुरी में कूड़े के ढेर पर पानी छिड़कते कर्मचारी। ● अमृत विचार

हजरतपुर और बमनपुरी में उठ रहे धुएं के लिए बोरिंग करा दिए हैं। ताकि लोगों को परेशानी न हो।

-दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका परिषद



कूड़े से उठते धुएं से लोग परेशान है। धुआं सांस लेने में काफी दिक्कत कर रहा है। दमे के रोगियों को परेशानी हो रही है। -रफीक



ट्रचिंग ग्राउंड में उठने वाले धुएं से परेशानी हो रही है। धुएं से लोगों की हालत खराब हो रही है। - मोहम्मद फैजान



धुएं की समस्या का समाधान नहीं कराया जा रहा है। इससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है। दिन भर धुआं उठ रहा है। - विनोद रावत



हजरतपुर के कूड़े में आए दिन आग लगती रहती है। अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। जल्द ही आग को बुझाया जाए। -तेजपाल

## सिंचाई विभाग के एसई ने लिया तटबंधों का जायजा

**रामपुर, अमृत विचार :** मंडल से आए सिंचाई विभाग के एसई ने एक्सईएन से कहा कि तहसील शाहबाद के गांव कूप में नदी में तीन और पीपी बेड स्टर्ड बनवाए जाएं। इसके बाद वह रेवड़ी कलां, गंगापुर शर्की, रामगंगा नदी में बाढ़ सुरक्षा के लिए किए गए कार्यों को देखने पहुंचे।

गुरुवार को एसई राजीव मित्तल दोपहर तीन बजे नगर पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले स्वार रोड स्थित रुस्तम नगर छपर्रा के समीप लालपुर धनौरी पहुंचकर तटबंधों का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के बारे में जानकारी ली। वह यहां करीब पांच घंटे रुके। उन्होंने एक्सईएन सियाराम को निर्देशित किया है कि कूप में सात मीटर लंबाई के पीपी बेड स्टर्ड बनवाया जाए। इसके बाद वह मुरादाबाद के लिए रवाना हो गए। निरीक्षण में अवर अभियंता मुथित माथुर समेत विभाग के कई कर्मचारी शामिल रहे।



डा. एपीजे अब्दुल कलाम गेस्ट हाउस में डा. रजनीश दुबे को गार्ड ऑफ ऑनर देते पुलिसकर्मी।

# रजा लाइब्रेरी की पांडुलिपियां अतुलनीय : डॉ. रजनीश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के अध्यक्ष डॉ. रजनीश दुबे शहर स्थित डा. एपीजे अब्दुल कलाम गेस्ट हाउस पहुंचे। वहां अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इससे पहले उन्हें पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. रजनीश दुबे जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के साथ रजा लाइब्रेरी एवं म्यूजियम भी गए। उन्होंने वहां की पांडुलिपियों की बारीकियों को देखा। कहा कि रजा लाइब्रेरी हाल की खूबसूरती और यहां मौजूद पांडुलिपियां अतुलनीय हैं। उन्होंने लाइब्रेरी की इमारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को सराहा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह,अपर जिलाधिकारी प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य, उप जिलाधिकारी सदर मोनिका सिंह भी मौजूद रहीं।

## एक नजर

### तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

स्वार, अमृत विचार : पुलिस ने तमंचा व दो करातूसों के साथ युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को गश्त के दौरान कस्बा इंचार्ज ललित कुमार को सूचना मिली कि बिलासपुर मार्ग स्थित सब्जी मंडी के निकट एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। कस्बा इंचार्ज मौके पर पहुंच गए। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा। पुलिस ने पीछा करके उसे दबोच लिया। तलाशी में उसके पास तमंचा व दो कारतूस मिले। पूछताछ में उसने अपना नाम मौचक स्वार निवासी इमरान बताया।

### बाइकों की भिड़ंत में मां-बेटा घायल

शाहबाद, अमृत विचार : चंदौसी रोड स्थित नवाबपुर गांव के तिगरी मंदिर के पास खेड़ा निवासी बाइक सवार युवक ने दूसरी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार विजनेश और उनकी मां लौंग श्री गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार लौंग श्री के पैर में फ्रैक्चर हो गया है।

# नहाते समय कुंडे में डूबा मजदूर, मौत

## शाहबाद थाना क्षेत्र का मामला, कड़ी मशक्कत के बाद मिला शव



मजदूर के डूबने की सूचना पर पहुंचे उप जिलाधिकारी सुनील कुमार। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहबाद



अमृत विचार : गुरुवार को नहाने गए मजदूर की हिकायत वाले कुंडे में डूब कर मौत हो गई। जानकारी मिलते ही उप जिलाधिकारी सुनील कुमार और एसआई आदेश कुमार पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। गोताखोरों की मदद से शव को तलाशने की कोशिश की। कड़ी मशक्कत के बाद मजदूर का शव कुंडे से बरामद किया जा सका।

नगर के मोहल्ला कानून गोयान निवासी पप्पू लोधी (42) मजदूरी करता था। गुरुवार को वह मतवाली के जंगल में मजदूरी करने गया था। दोपहर में गर्मी अधिक होने के चलते वह हिकायत वाले कुंडे में नहाने चला गया। पानी गहरा होने के चलते वह नहाते समय इसमें डूबने लगा। पप्पू के कुंडे डूबने की खबर मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंचे उप जिलाधिकारी और पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू की। कड़ी मशक्कत के बाद उसका शव बरामद किया गया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

### अजीमनगर में बाइक की टक्कर से गई अधेड़ की जान, बाइक सवार भी गंभीर

- अजीमनगर थाना क्षेत्र में पीलाखार नदी के पास हुआ हादसा
- दिमागी रूप से कमजोर बताया जा रहा है हादसे में जान गंवाने वाला अधेड़

सैदनगर, अमृत विचार : बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत हो गई। इस हादसे में बाइक चला रहा युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बाइक सवार युवक की हालत नाजुक बनी है। हादसा अजीमनगर थाना क्षेत्र के मिलकखानम मार्ग स्थित पीलाखार नदी के पास हुआ। थाना क्षेत्र के गांव कुम्हरिया निवासी 55 वर्षीय रहीस दिमागी रूप से कमजोर था। रहीस आकानगर स्थित अपने रिश्तेदार के घर से आ रहा था। पीलाखार नदी के पास सामने से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मार दी। इसमें रहीस व बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने हादसे की सूचना उनके परिजनों को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने रहीस को मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार थाना क्षेत्र के गांव खड़कपुर निवासी सुबहान की हालत नाजुक बताते हुए चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने रहीस के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। युवक को मुरादाबाद के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले जाते हुए उसने रास्ते में दम तोड़ दिया।

मूल रूप से पटवाई थाना क्षेत्र के गांव ठाकुरद्वारा निवासी 30 वर्षीय पुष्पेंद्र की शादी करीब सात वर्ष पहले उत्तराखंड के काशीपुर निवासी निकिता से हुई थी। मजदूरी करने वाला पुष्पेंद्र अपनी पत्नी व दो बेटियों के साथ ससुराल में ही रहता था। रिश्तेदारों के अनुसार दो मई को उसे अचानक उल्टियां होने लगीं। ससुराली उसका काशीपुर में इलाज कर रहे थे। हालत में सुधार नहीं होने पर उन्होंने उसे मुरादाबाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार नहीं होने पर बुधवार को परिजन उसे दिल्ली ले जा रहे थे। लेकिन, रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन उसके शव को गांव ठाकुरद्वारा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन कुछ भी बताने को तैयार नहीं है। गांव में मृतक की पत्नी के किसी ओर से अवैध संबंध होने की चर्चाएं हैं।





जिला अस्पताल में बैठे पुष्पेंद्र के परिजन। ● अमृत विचार

### तीन वर्ष से ससुराल में रहा था पुष्पेंद्र

आसपास के लोगों का कहना है कि उसका अपनी पत्नी से आए दिन किसी ने किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। काफी परेशान हो जाने के बाद वह पत्नी निकिता और दो बच्चियों के साथ ससुराल में रह रहा था। कभी-कभी गांव वालों से मिलने के लिए आता था। उसके दोनों बड़े भाई मेरठ में काम करते हैं। पुष्पेंद्र की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

> पटवाई का रहने वाला युवक काफी समय से काशीपुर स्थित ससुराल में रह रहा था। उसका किसी अस्पताल में इलाज चल रहा था। देर रात उसकी मौत हो गई। हालांकि परिजनों ने किसी प्रकार का कोई शक नहीं जताया है। फिर भी उसकी मौत का सच जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया गया है।
>
> -अजय शर्मा, एसओ, पटवाई

# मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से गो तस्कर घायल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/सैफनी

अमृत विचार : मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से गो तस्कर घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने अस्पताल पहुंचकर आरोपी से पूछताछ की।

सैफनी के प्रभारी हरिओम सिंह बुधवार रात को पुलिस बल के साथ बड़ा गांव चौराहे से आगे ग्राम दिव्यानगला को जाने वाली सड़क पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान ग्राम दिव्यानगला की ओर से एक व्यक्ति बाइक से आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। मगर उसने रुकने की बजाए बाइक की रफ्तार और तेज कर दी। वह ग्राम रवाना पट्टी की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर मुड़कर भागने लगा। पीछा करने पर बाइक सवार ने पुलिस फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे घेरते हुए फायरिंग की। पुलिस की एक गोली बाइक सवार के घुटने के नीचे लगी और वह घायल होकर वहीं गिर गया। पुलिस को घायल कब्जे से 315 बोर की पोनिया बंदूक मिली। घायल की पहचान गो तस्कर बहारे आलम के रूप में हुई। पुलिस ने घयल को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। पूछताछ में गो तस्कर ने बताया कि रवाना जंगल के बारे में गोकशी करने के लिये जगह देखने आया था। बताया कि गोवंश को पकड़कर उसका वध करके मांस बेचता है। अचानक सामने पुलिस को देखकर भाग रहा था।



घायल से पूछताछ करते पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

### गो तस्कर पर दर्ज हैं 20 मुकदमे

थाना प्रभारी हरिओम सिंह ने बताया के मुठभेड़ में घायल हुए बहारे आलम पर कुंदरकी, बिलारी, औरया, मुरादाबाद में सीएस एक्ट, चोरी और गैंगस्टर एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं। काफी समय से इसकी तलाश की जा रही थी। बुधवार को गोतस्कर के आने की सूचना मिली थी। गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर बहारे आलम मुरादाबाद जनपद के कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर का निवासी है।



गोली लगने के बाद जमीन पर पड़ा गो तस्कर।

- सैफनी थाना क्षेत्र का मामला आरोपी को कराया जिला अस्पताल में भर्ती
- जिला अस्पताल पहुंचकर पुलिस अधीक्षक ने की घायल से पूछताछ

# चमरौआ विधायक व लेखपाल भी हैं आरोपी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सपा शासनकाल में सपा नेता आजम खां ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय का निर्माण कराया था। अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय की तर्ज पर मोहम्मद अली जौहर विश्व विद्यालय को बनवाया गया था। सरकार जाने के बाद सूबे में आई भाजपा सरकार ने आजम खां और सपाइयों की घेराबंदी कर दी थी। इसमें जौहर ट्रस्ट के पदधिकारियों को भी घेरा गया था। इस दौरान आलियागंज के तमाम किसानों ने 2019 में अजीमनगर थाने में तहरीर दी थी। इसमें आरोप लगाया था कि पूर्व सांसद आजम खां ने सपा की सरकार में जमीन का बैनामा कराने का दबाव बनाया था। बैनामा नहीं कराने पर तत्कालीन सीओ आले हसन ने उन्हें धमकाया था। इसके बाद जमीन को जौहर यूनिवर्सिटी में मिला लिया गया था। इसकी चारदीवारी भी करा दी थी।

अपनी जमीन पर जाने का प्रयास करने पर ग्रामीणों को डरा-धमकाकर भगा दिया था। उन्होंने मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर लिए थे। पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी।

### आजम परिवार की लगातार बढ़ रहीं हैं मुश्किलें

सपा नेता आजम खां और उनके परिवार की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। आजम खां, उनकी पत्नी डॉ. तंजीन फात्मा और बेटा अब्दुल्ल आजम खां दो जन्मप्रमाण पत्र मामले में सजा काट रहे हैं। अब उनके बड़े बेटे अदीब आजम और बहन निकहत अखलाक भी फंसती नजर आ रही हैं। किसानों की जमीन कब्जाने के मामले में उन पर भी आरोप तय हो गए हैं। इनमें तत्कालीन एसओ कुशलवीर और चमरौआ विधायक नसीर अहमद खां भी शामिल हैं।

### 22 मामलों में पहले ही तय हो चुके हैं आरोप

सपा नेता आजम खां और उनके परिवार की घेराबंदी लगातार बढ़ती जा रही है। एक माह पहले यानी चार अप्रैल को किसानों की जमीन कब्जाने के 22 मामलों में आरोप तय हो चुके हैं। इसके बाद 16 मई को फिर पांच मामलों में आरोप तय कर दिए गए हैं। इस तरह अब तक 27 मामलों में आरोप तय हो चुके हैं।

> किसानों की जमीन कब्जाने के मामले में आजम परिवार सहित 12 लोगों पर आरोप तय किए हैं। अब इस मामले में 21 मई को सुनवाई होगी।
>
> -अमरनाथ तिवारी, वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी

- एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) कोर्ट में चल रहा है मामला, अब 21 मई को होगी सुनवाई

### महिला टेंपो चालक के पेट पर रखा चाकू

मिलक, अमृत विचार : टेंपो से सवारियां उतारने की धमकी देते हुए युवक ने महिला के पेट पर चाकू रख दिया। इससे टैंपो में सवार लोगों में हड़कंप मच गया। महिला के साथ हाथापाई करते देख राहगीरों ने युवक को दबोच लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को कोतवाली ले आई।

क्षेत्र के दुलीचंदपुर गांव निवासी सुनीता टेंपों चलाकर परिवार का पालन-पोषण करती है। गुरुवार को सुनीता बिलासपुर रोड पर टेंपो में सवारियां बैठा रही थी। तभी नशे में धुत युवक उसके पास आया और टेंपों से सवारियां उतारने की धमकी देने लगा। विरोध करने पर उसने महिला टेंपों का शीशा तोड़ दिया और चाकू निकालकर महिला के पेट पर रख दिया। घबराई महिला कोतवाली पहुंची और अपनी व्यथा सुनायी। तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को दबोच लिया।

# दो चोरों को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ा

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : किसान के ट्यूबवैल से बैटरी व अन्य सामान चुरा रहे दो युवकों को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ कर धुनाई कर दी। थाने ले जाते समय एक आरोपी मौका पाकर फरार हो गया। दूसरे के कब्जे से चुराया गया सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

तहसील क्षेत्र के गांव अहरौला बुधवार की शाम करीब पांच बजे अजमेर सिंह के ट्यूबवैल में रखी बैटरी व सबमर्सिबल का केबल चुराने के लिए दो युवक घुस गए। तभी उधर से गुजर रहे ग्रामीणों की नजर उन पर पड़ गई। इससे युवक हड़बड़ा गए। मगर ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ लिया। इस बीच किसान भी मौके पर आ गया। गुस्साए ग्रामीणों ने युवकों की धुनाई कर दी। पूछताछ में युवकों ने अपने नाम बमनपुरा निवासी नाजिर व नफीस बताए। आक्रोशित ग्रामीण पकड़े गए युवकों को थाने ले जाने लगे। इस बीच नफीस हाथ छुटाकर फरार हो गया। जबकि नाजिर को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

गुरुवार को थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि पकड़े गए दोनों युवकों के विरुद्ध अजमेर सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। चुराए गए सामान वादी के सुपुर्द कर दिया गया है।



चोरी के सामान के साथ पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

- थाने ले जाते समय एक आरोपी मौका पाकर हुआ फरार
- पकड़े गए आरोपी के के कब्जे से चुराया गया सामान बरामद

# निर्माणाधीन रेस्टोरेंट मालिक और ठेकेदार पर रिपोर्ट दर्ज

- निर्माणाधीन रेस्टोरेंट की पाड़ टूटने से तीसरी मंजिल से गिरकर हुई थी तीन मजदूरों की मौत

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : निर्माणाधीन रेस्टोरेंट की पाड़ टूटने से तीसरी मंजिल से गिरकर तीन मजदूरों की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर रेस्टोरेंट मालिक और ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ठेकेदार फरार है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बुधवार की दोपहर करीब तीन बजे उत्तराखंड की सीमा से सटे गांव शिकारपुर स्थित विकास भारती स्कूल के नजदीक निर्माणाधीन रेस्टोरेंट की पाड़ अचानक टूट गई थी। इससे तीसरी मंजिल से करीब 40 फिट नीचे गिरे तीन मजदूर अकबर अली, मोहसिन और आसिफ अली की मौत हो गई थी। इसकी सूचना मिलते ही सीओ स्वार संगम कुमार, कोतवाल संदीप त्यागी और नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए थे। गुरुवार को मृतक मोहसिन के भाई हसीमउद्दीन निवासी ग्राम कुरैना, थाना जहांगीराबाद, जिला बुलंदशहर ने पुलिस को तहरीर देकर रेस्टोरेंट मालिक और ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की।

उसने आरोप लगाया कि रेस्टोरेंट मालिक और ठेकेदार की लापरवाही के कारण दुर्घटना हुई है। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रेस्टोरेंट मालिक संसार सिंह और ठेकेदार इरशाद निवासी ग्राम करदमपुरी, थाना गोकुलपुरी, दिल्ली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# थाना भवन और पुलिसकर्मियों के आवासों की चिह्नित जमीन पर भी लोगों ने किया कब्जा

संवाददाता, भोट

अमृत विचार : थाना भवन और पुलिसकर्मियों के आवासों के लिए चिह्नित जमीन पर अवैध कब्जा हो गया। जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने गुरुवार की दोपहर थाना भवन व पुलिसकर्मियों के आवास के लिए आरक्षित जमीन का निरीक्षण किया। उन्होंने कब्जेदारों को दो दिन में स्वयं ही कब्जा हटाने के निर्देश दिए।

कस्बे में हाईवे किनारे मुख्य चौराहे के पास करीब तेरह बीघा सरकारी जमीन थाना भवन और पुलिसकर्मियों के आवास से लिए आरक्षित है। पुलिस विभाग द्वारा जमीन में निर्माण कार्य न कराने के कारण जमीन काफी समय से खाली पड़ी थी। जमीन को खाली देख कुछ ग्रामीणों ने अवैध रूप से कब्जा कर दुकान व मकान बना लिए। कुछ ग्रामीणों ने घर के गेट, चारदीवारी व वाटर टैंक आदि भी आरक्षित जमीन में बना लिए। थाना क्षेत्र के पीपलगांव निवासी अमीर हुसैन ने डीएम को पत्र भेजकर सरकारी जमीन से कब्जे हटाने की मांग की थी।

जिलाधिकारी के आदेश पर गुरुवार को लेखपाल रवि कुमार के नेतृत्व में गठित राजस्व टीम व थानाध्यक्ष निशा खटाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गईं। इस दौरान संयुक्त टीम ने जमीन का निरीक्षण किया तथा अवैध कब्जेदारों से स्वयं इन कब्जों को हटाने के निर्देश दिए। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि थाना भवन के लिए आरक्षित जमीन का निरीक्षण किया गया। कबजेदारों को स्वयं कब्जा हटाने के निर्देश दिए हैं। जल्दी ही पैमाइश कराकर भूमि की हदबंदी कराई जाएगी।



दुकानदार को अवैध कब्जा हटाने का निर्देश देतीं थानाध्यक्ष निशा खटाना।



रेलवे ट्रैक पर युवक के शरीर के टुकड़े एकत्र करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

# रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/धमोरा

अमृत विचार : धमोरा रेलवे ट्रैक पर युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद युवक के शरीर के टुकड़े एकत्र कर पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

धमोरा व एफसीआई रेलवे फाटक के बीच में रेलवे ट्रैक पर गुरुवार की रात युवक के क्षत विक्षत शव पड़ा होने की जानकारी पुलिस को मिली। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और टॉर्च की रोशनी में शव के टुकड़ों को एकत्र कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

भीषण गर्मी — गर्मी में जनपद में हो रही 108 मिलियन यूनिट बिजली की खपत

# हर माह 55 करोड़ की बिजली फूंक रहे उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : गर्मी दिनों दिन बढ़ती जा रही है इससे निजात पाने के लिए लोग बिजली के उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे हैं। पनवड़िया स्थित 132 केवीए विद्युत केंद्र समेत कई उपकेंद्रों से हर माह 108 मिलियन यूनिट की खपत हो रही है। जनपद के उपभोक्ता 55 करोड़ रुपये की बिजली हर माह फूंक रहे हैं।

गर्मी में सबसे ज्यादा मांग बिजली की होती है। जनपद में ट्रांसमिशन शंकरपुर, पनवड़िया और लालपुर के जरिए 85 बिजलीघरों में सप्लाई की जा रही है। हर माह यूनिट का खर्चा बढ़ रहा है। आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में 108 मिलियन यूनिट का उपयोग उपभोक्ता कर चुके हैं। जून, जुलाई व अगस्त में बिजली की मांग और बढ़ेगी। अप्रैल में 108 मिलियन यूनिट की खपत हो चुकी है। मई की रिपोर्ट फिलहाल नहीं आई है। जून, जुलाई और अगस्त माह में 140 मिलियन यूनिट का खर्चा आएगा। एक अनुमान के मुताबिक एक अरब की बिजली उपभोक्ता फूकेंगे। एसई कार्यालय से मिले डिवीजन के आंकड़ों के अनुसार शहर में सबसे अधिक बिजली की खपत है। मार्च में 25 मिलियन यूनिट की खपत थी। अप्रैल में बढ़कर 32 मिलियन यूनिट तक पहुंच चुकी है। दूसरे पायदान पर स्वार-टांडा है। यहां मार्च में 22 मिलियन यूनिट की खपत थी। अब यह 29 मिलियन यूनिट है। शाहबाद मिलक में 16 से बढ़कर 22 मिलियन यूनिट और बिलासपुर में 20 से 25 मिलियन यूनिट प्रतिमाह की खपत की जा रही है। एसई ने बताया कि हर माह 60 करोड़ रुपये का राजस्व जमा कराने जाने के लिए सभी एक्सईएन को निर्देशित किया जाता है। निर्देश दिए हैं कि जिस हिसाब से ट्रांसमिशन से बिजली मिल रही है उसी हिसाब से राजस्व की गति को बढ़ाया जाए।



पनवड़िया स्थित 132 केवी विद्युत उपकेंद्र।

### चार मिलियन यूनिट का है लाइनलॉस

पनवड़िया ट्रांसमिशन के एक्सईएन शिवम खरायत ने बताया कि अप्रैल में डिस्ट्रीब्यूशन से 112 मिलियन यूनिट बिजली मिली। जबकि एसई कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार 108 मिलियन यूनिट बिजली उपभोक्ताओं को मिली है। शेष यूनिट उपभोक्ताओं के हिस्से में नहीं आ रही है। अगर हर माह की बात की जाए तो चार मिलियन यूनिट बिजली की चोरी हो रही है। इसमें मीटर से छेड़छाड़ तो कहीं खंभों से सीधे तार डालकर चोरी की जा रही है। बाकी कभी तार टूट जाने और ट्रांसफार्मर फुंक जाने में खर्च हो रही है।

> गर्मी बढ़ने के साथ बिजली की खपत भी बढ़ती जा रही है। मार्च में 85 मिलियन यूनिट का खर्च था। अप्रैल में बढ़कर 108 मिलियन यूनिट हो गया है। इस हिसाब से 55 करोड़ की बिजली का खर्च आ रहा है। जिस हिसाब से बिजली की खपत हो रही है कि उसके अनुसार सभी एक्सईएन को राजस्व के लक्ष्य में तेजी लाने को निर्देशित किया गया है।
>
> -वीके आर्या, अधीक्षण अभियंता

# चोरों ने नकदी व जेवर समेत डेढ़ लाख का सामान उड़ाया

- पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग
- पीड़िता ने बेटी की शादी के लिए एकत्र किया था जेवर व नकदी

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : घर में घुसे चोर संदूक में रखी नकदी तथा सोने-चांदी के जेवर समेत करीब डेढ़ लाख रुपये का सामान चुरा कर ले गए। जानकारी होने पर परिजनों के होश उड़ गए। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

घटना नगर के वार्ड संख्या नौ में पुलिस चौकी के सामने वाली गली निवासी दयावती पत्नी बृज किशोर के घर हुई। दयावती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गुरुवार की सुबह चार बजे वह संदूक में कुछ रुपए रखकर खेत पर चली गई थी। उसका बेटा अमित घर में सो रहा था। दयावती के खेत पर जाने के बाद घर में घुसे चोरों ने संदूक में रखे 13,500 रुपये, चांदी की दो जोड़ी पायल, एक जोड़ी हाथ फूल, चांदी की दो चैन, सोने की चैन, सोने की कंठी, चांदी के खंडुए, चांद-सूरज, गुच्छा समेत करीब डेढ़ लाख रुपये का सामान समेट कर ले गए। अमित सोकर उठा और कमरे में जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा था। दयावती के अनुसार उसकी बेटी की शादी होनी है। बेटी के विवाह के लिए वह सामान इकट्ठा कर रही थी।

इस घटना के बाद उसकी पुत्री का विवाह भी खतरे में पड़ सकता है। छह दिन पूर्व भी चोरों ने इसी वार्ड के निवासी दिनेश कुमार के घर से नकदी व जेवर सहित एक लाख रुपये का सामान चुरा लिया था। एक सप्ताह में हुई चोरी की दो घटनों में चोर नकदी-जेवर सहित करीब ढाई लाख रुपये का माल समेट कर ले गए।

## एक नजर

### पुलिस ने सात लोगों का शांति भंग में किया चालान

**स्वार, अमृत विचार :** पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर झगड़ा कर रहे सात लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग में चालान किया है। गुरुवार को गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि गांव गम्मनपुरा निवासी लालसिंह, गांव सईदाबाद निवासी मोनू, रवि, गांव मधुपुरा निवासी सचिन को पकड़ा लिया। इसके अलावा गांव मोहब्बतपुर निवासी आरिफ, लखनऊ के थाना इंदिरा नगर दीनदयाल पुरम बुद्धि विहार निवासी माजिद खां, गांव नानकार निवासी शाहिद अलग-अलग जगह झगड़ा कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान किया है।

### ग्राहक ने जूस विक्रेता को पीटा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** केमरी में रामपुर रोड पर एक ग्राहक ने जूस विक्रेता की पिटाई कर दी। इससे मौके पर भीड़ एकत्र हो गई और हंगामा हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। करीब 24 वर्षीय अरविंद कुमार मौर्य जनुनागर गांव का रहने वाला है। थाना प्रभारी सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि ठेले पर जूस बेच रहे विक्रेता से अरविंद कुमार का पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद उसने जूस विक्रेता की पिटाई कर दी। प्रशिक्षु उप निरीक्षक आदर्श गुप्ता ने उसके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

# होर्डिंग-फ्लैक्स से हादसों का अंदेशा

## 2022-23 में छूटा था 3.26 लाख रुपये में ठेका

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के अधिकांश क्षेत्रों में लगे होर्डिंग व फ्लैक्स से हादसे होने का अंदेशा बना रहता है। पालिका के अधिकारियों द्वारा इन्हें नहीं हटाया जा रहा है। जबकि शहर अवैध होर्डिंग और फ्लैक्सी से पटा पड़ा है। इससे पालिका को लाखों रुपयों का नुकसान भी हो रहा है। यूनिपोल लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। शहर के अधिकांश हिस्सों में ब्रांडेड कंपनियों, प्रापर्टी डीलर धड़ल्ले से होर्डिंग व फ्लैक्स लगवा रहे हैं।

नगर पालिका की ओर से शहर में होर्डिंग और फ्लैक्स लगाने के लिए हर साल ठेका होता है। इसके बाद ही सार्वजनिक संपत्ति पर होर्डिंग और फ्लैक्स लगाए जाते हैं। पिछले साल 3.26 लाख रुपये का ठेका हुआ था। पालिका के अधिकारियों के मुताबिक ठेके की अवधि खत्म हो गई है। अवधि खत्म होने पर लोग सक्रिय हो गए है। लोगों ने होर्डिंग्स व फ्लैक्स से शहर को पाट दिया है। जिन क्षेत्रों में फ्लैक्स लगे वहां दिनभर पालिका के अधिकारियों की आवाजाही रहती है। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

पिछले दिनों मुंबई में आंधी के कारण होर्डिंग गिर गए थे। इनसे बड़ा हादसा हो गया था। अब आंधी चलने के दिन है। आंधी से होर्डिंग व फ्लैक्स के गिरने का अंदेशा बना रहता है। इसके बाद भी नगर पालिका प्रशासन इन्हें नहीं हटा रहा है। इस बारे में पालिका के अधिकारियों ने बताया कि दो माह पहले शहर के प्रमुख चौराहों से होर्डिंग व फ्लैक्स उतरवाए थे। आचार संहिता हटने के बाद फिर से अभियान चलाकर इन्हें हटवाया जाएगा।


शाहबाद गेट चौराहे पर लगा होर्डिंग। ● अमृत विचार

### इन क्षेत्रों में लगे हैं होर्डिंग व फ्लैक्स

मालागोदाम, सिविल लाइंस, शिवि सिनेमा, शाहबाद गेट, बाजार नसरुल्लाह खां, बिलासपुर गेट, तोपखाना, चौकी मंडी समेत शहर के अधिकांश क्षेत्रों में होर्डिंग्स, फ्लैक्स लगे हुए हैं। इसके अलावा कुछ लोगों के मकानों की छतों पर भी बड़े-बड़े होर्डिंग लगे हैं।

### अभियान के नाम पर होती है खानापूर्ति

शहर में लगे होर्डिंग व फ्लैक्स को उतराने के लिए पालिका प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। होर्डिंग व फ्लैक्स हटाने को पालिका के अधिकारी कर्मचारियों को कड़े निर्देश दे चुके हैं। मगर कर्मचारी आदेशों को हवा में उड़ा रहे हैं। पालिका के अधिकारियों के अनुसार भवनों की छतों, दीवारों आदि पर विभिन्न कंपनियों के प्रचार वाले बड़े-बड़े होर्डिंग बिना एनओसी के लगे होने की सूचना मिली है। जिन लोगों के मकानों की छतों पर होर्डिंग व फ्लैक्स लगे हैं, उन्हें नोटिस दिए जाएंगे। इन्हें लगवाने से पहले पालिका समेत कई विभागों की एनओसी लेनी होती है।

> वर्ष 2022-23 में 3 .26 लाख रुपये में ठेका छूटा था। रेट निर्धारण कर टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। आचार संहिता हटने के बाद ठेका कराया जाएगा। जल्द ही होर्डिंग और फ्लैक्स उतरवाए जाएंगे।
> —दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ, नगर पालिका परिषद

## गूल पर कब्जा होने से जल निकासी में दिक्कत

**मसवासी, अमृत विचार :** नगर पंचायत नरपत नगर दूंदावाला के सभासद रियासत अली व अन्य लोगों ने अधिशासी अधिकारी को पत्र सौंपकर गूल को कब्जा मुक्त करने की मांग की है। गूल दूंदावाला और बूढ़ी दढ़ियाल के बीच जल निकासी का एकमात्र साधन है।

नगर पंचायत नरपत नगर दूंदावाला की टंकी के पास से होकर गुजरने वाली गूल दूंदावाला की सीमा से गुजर कर बूढ़ी दढ़ियाल की सीमा में जाकर गिरती है। आसपास के खेतों की जल निकासी भी इसी गूल से की जाती है। गूल को दूंदावाला और बूढ़ी दढ़ियाल के बीच कुछ किसानों ने बंद कर दिया है। इ इससे जल निकासी अवरुद्ध हो गई है और किसानों की परेशानियां बढ़ गई हैं। दोनों जगह के लेखपालों द्वारा पैमाइश नहीं करने पर गूल कब्जा मुक्त नहीं हो पा रही है। जल निकासी खेतों में ही रुक रही है। सभासद रियासत हुसैन, शमीम अहमद, दिलदार, भूरा, कमाल अहमद, आकिल, आसिफ, जीशान, बरकत अली, यूनुस, राहुल, शाकिर, इस्लाम, जुल्फी, फारूक आदि ने गूल को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।


उर्स मुबारक के अवसर पर तकरीर करते मौलाना। ● अमृत विचार

# दादा मियां की मजार पर चादरपोशी कर मांगी दुआएं

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** सनैया सुख स्थित दादा मियां की मजार पर सालाना उर्स शान-ओ-शौकत के साथ गुरुवार से शुरू हुआ। उर्स मुबारक के मौके पर दूर-दराज से आये जायरीनों ने मजार पर चादरपोशी कर दुआएं मांगी गईं।

गुरुवार की सुबह क्षेत्र के सनैया सुख कस्बा स्थित प्रसिद्ध हुजूर दादा मियां की दरगाह पर सालाना उर्स का आगाज हो गया। मन्नतें पूरी होने पर दूर-दराज से आए जायरीनों ने मजार पर चादरपोशी की। मजार शरीफ पर बच्चों ने कुरान शरीफ की तिलावत की। इसके अलावा पूरे दिन चादरपोशी कर मन्नतें मांगने का दौर चलता रहा। इस दौरान उलमा ने तकरीर की और नात शरीफ पढ़ी।

कारी फरयाद रजा ने तकरीर करते हुए कहा कि हमें अल्लाह वालों के बताए रास्ते पर चलना चाहिए। जलसे के बाद मुल्क में अमन-चैन व भाईचारे की दुआ की गई। लंगर भी तकसीम किया गया। इस दौरान मौलाना मोहम्मद रफी रिजवी, कारी जलीस रजा, इकरार अहमद, फैयाज, मेराज, रजा, जुनैद रजा आदि मौजूद रहे।

# विज्ञान वरदान या अभिशाप पर हुआ वाद-विवाद

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** डीएवी कन्या इंटर कॉलेज में भाविप द्वारा आयोजित पांच दिवसीय महिला सहभागिता शिविर के चौथे दिन वाद-विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने पक्ष-विपक्ष रखते हुए अपनी बात रखी। विज्ञान वरदान या अभिशाप शीर्षक पर वाद-विवाद हुआ।

गुरुवार को डीएवी कन्या इंटर कॉलेज में भारत विकास परिषद शाखा के तत्वावधान में चल रहे शिविर के चौथे दिन विज्ञान वरदान या अभिशाप शीर्षक पर वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। विद्यालय की आठ छात्राओं ने शामिल होकर पक्ष-विपक्ष रखते हुए अपनी बात रखी। अन्य छात्राओं को भी इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की महिला संयोजिका कल्पना अग्रवाल ने छात्राओं से प्रश्न पूछे और विज्ञान विषय पर प्रकाश डाला।

शाखा सचिव सपन अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय आने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

शिविर के अंतिम दिन यानी 17 मई को रामायण की चौपाई प्रतियोगिता होगी। शिविर में शाखा अध्यक्ष सुनील गुप्ता, अनुपमा अग्रवाल, प्रेक्षा अग्रवाल, आसना अग्रवाल, निधि अग्रवाल, इति अग्रवाल, करुणा अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।


विज्ञान वरदान या अभिशाप विषय पर विचार रखती छात्रा। ● अमृत विचार

- पांच दिवसीय महिला सहभागिता शिविर का चौथा दिन
- प्रतियोगिता के माध्यम से विचार किए साझा

## बुद्ध पूर्णिमा 23 को धूमधाम से मनाने का किया आह्वान

**रामपुर, अमृत विचार :** भीम आर्मी के पदाधिकारियों की गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा को लेकर आंबेडकर पार्क में बैठक हुई।

जिलाध्यक्ष राजेश खन्ना ने बताया कि 23 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सुबह 8 बजे बुद्ध वंदना होगी। इसके बाद राहगीरों को शरबत पिलाया जाएगा। कहा कि बुद्ध का जन्म इसी दिन हुआ था। इसी दिन उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ था। इसी के उपलक्ष्य में पूर्णिमा पर प्रत्येक वर्ष बौद्ध धर्म अनुयायियों के द्वारा मनाई जाती है। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर प्रिय गौतम, हरिओम, रवि, दिनेश बाबू, राजीव आंबेडकर, सौरभ आदित्य, राजेश कुमार, रघुवीर सिंह आदि शामिल रहे।


सैदनगर क्षेत्र में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


कलश यात्रा में शामिल शंकर-पार्वती की झांकी। ● अमृत विचार

# रासलीला से पूर्व निकाली कलश यात्रा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- रास्ते में जगह-जगह फूल मालाओं से किया गया स्वागत
- गुरुवार से हिंदू हरि हर धाम आश्रम पर शुरू हुई रासलीला

**अमृत विचार :** सैदनगर क्षेत्र के अलीपुरा स्थित हिंदू हरि हर धाम आश्रम पर गुरुवार को धूमधाम से कलश यात्रा के साथ श्री कृष्ण रासलीला का शुभारंभ हुआ। इस दौरान अलीपुरा के ग्रामीण गाजे-बाजे के साथ सैदनगर स्थित खंड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में एकत्र हुए।

महिलाओं ने परिसर में स्थित हैंडपंप से पंडित हरिशंकर शर्मा के नेतृत्व में विधि-विधान के साथ जल भरकर कलश सिर पर रखे। इसके बाद कलश यात्रा शुरू हुई। सैदनगर चौराहे से हर-हर महादेव के जयकारों के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में दो बग्घियों पर राधा-कृष्ण की झांकी सजाई गई। इसके देख भक्त भाव-विभोर हो गए। कलश यात्रा सैदनगर से निकलर कमल सिंह ईंट भट्टा होते हुए आश्रम पर समाप्त हुई। यात्रा का रास्ते में जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया। युवाओं ने डीजे व ढोल की ताल पर जमकर नृत्य किया।

आश्रम पर पहुंचने के बाद पंडित अमित दत्तात्रेय ने विधि-विधान से कलशों को पूजा स्थल पर रखवाया। इसके बाद वृंदावन से आए गुरुओं ने प्रवचन किए। इस अवसर पर आश्रम के महंत अदैत्य मुनि, भारत भूषण शर्मा, रोहित चौधरी, बलजीत सिंह, चौधरी चरन सिंह, विपिन शर्मा, महेश शर्मा, अमन चौधरी, सोनू सिंह, शरद शर्मा, विकास शर्मा, अभिषेक चौधरी, मोनू शर्मा, नरेंद्र शर्मा, हरि सिंह, जागेंद्र सिंह, सरदार ओम सिंह, राजकुमार एवं गांव की समस्त महिलाएं मौजूद रहीं।


एसई से मुलाकात करते भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# विभिन्न समस्याओं को लेकर एसई से मिले भाजपाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय गो रक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी के नेतृत्व में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला कार्यकारिणी सदस्य शाहरुख खां एवं अन्य पदाधिकारियों ने बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता को जन समस्याओं से अवगत कराया।

धर्मपाल सिंह लोधी ने कहा कि जनपद में बिजली व्यवस्था में सुधार आया है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे जनता जागरूक होगी वैसे ही बिजली व्यवस्था बेहतर होती जाएगी। उन्होंने लोगों से बिजली निगम का सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर वसीम खां, यासिर अली, इमरान, संतोष आदि मौजूद रहे।

## संगठन में नहीं रहेंगे लापरवाह पदाधिकारी

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अंबावता के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल की सहमति पर उपाध्यक्ष ने भ्रष्ट पदाधिकारियों को संगठन से बाहर रास्ता दिखा दिखाया जाएगा। गुरुवार को बिलासपुर गेट स्थित एक होटल में संगठन की पंचायत हुई।

इसमें में कामरान शाह खां ने कहा कि लापरवाह पदाधिकारियों को संगठन में नहीं रखा जाएगा। जिलाध्यक्ष सरदार सुच्चा सिंह ने पदाधिकारियों से ईमानदारी के साथ मजबूती से जुड़े रहने और किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया। पंचायत में परवेज खां, हाफिज अहमद, फरीद खां, शाह आलम खां, बाबर खां, नसीम मियां, जमीर मियां, अब्दुल्लाह खां, नरेश कुमार, अब्दुल रज्जाक खां, महेश कुमार, मुताहिर खां, नितिन कुमार, सऊद खां आदि मौजूद रहे।


ग्रामीणों को जानकारी देते वन रेंजर मुजाहिद हुसैन। ● अमृत विचार

# वन कर्मियों ने लोगों को दी अग्नि सुरक्षा की जानकारी

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के थाना मिलकखानम के पीपली वन स्थित आर्या नगर वन चौकी परिसर में अंतर्राज्यीय समन्वयक गोष्ठी हुई। इसमें अग्नि सुरक्षा समेत विभिन्न समस्याओं पर लोगों से चर्चा कर विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

गुरुवार को वन विभाग की टीम ने अग्नि सुरक्षा, मित्र वन की स्थापना, विकासापटनम जन जागरूकता को लेकर चर्चा की। वन रेंजर मुजाहिद हुसैन ने वन की सीमा से लगे गांवों के लोगों को आग से बचाव कैसे करने समेत विभिन्न जानकारी दी। इस दौरान उत्तराखंड के प्रमोद कुमार, सेक्शन अधिकारी आर्य नगर संजय कुमार समेत यूपी व उत्तराखंड की सीमा से लगे गांवों के लोग मौजूद रहे।

# पृथ्वीराज चौहान का जन्मोत्सव मनाया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा के जिलाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह ने कहा कि इस संसार में केवल दो व्यक्ति हुए हैं जो शब्द भेदी बाण चलाने में सक्षम थे। एक श्रीराम के पिता राजा दशरथ और दूसरे महाराज पृथ्वीराज चौहान आंखे बंद करके लक्ष्य को भेद सकते थे।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह के घर महाराज पृथ्वीराज चौहान के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम हुआ। इसमें जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

युवा महामंत्री राकेश प्रधान ने कहा कि महाराज पृथ्वीराज चौहान ने क्षत्रिय धर्म निभाते हुए मोहम्मद गौरी को 17 बार युद्ध में पराजित करने के बाद भी अभय दान दे दिया था। कोषाध्यक्ष ओमवीर सिंह आर्य ने बताया कि आज युवाओं को महाराज पृथ्वीराज चौहान से प्रेरणा लेते हुए देश हित में शिक्षा के साथ शास्त्र का अध्यन करें। जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने आभार जताया।

कार्यक्रम में जिलामहामंत्री धर्मपाल तोमर, जिला कोषाध्यक्ष ओमवीर सिंह आर्य, नगर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, संदीप सिंह, अजय राठौर, युवा जिलाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह, युवा महामंत्री राकेश सिंह, नगर अध्यक्ष युवा अंजीत सिंह, महेंद्र सिंह, यशपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष युवा संजीव सिंह, सचिन राजपूत, अमित भदौरिया, प्रदीप चौहान, अजय ठाकुर आदि उपस्थित रहे।


पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर माल्यार्पण करते क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी।

- शब्दभेदी वाण चलाने में सक्षम थे राजा दशरथ और पृथ्वीराज चौहान
- महासभा ने किया जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

# कस्टम विभाग की टीम के छापे से हड़कंप

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** लखनऊ से आई कस्टम विभाग की टीम ने नगर में दबिश देकर सोना तस्करी लूटकांड के वादी सहित दो लोगों को हिरासत में लिया है। इ इससे हड़कंप मच गया। बताते हैं कि तारिक मीरगंज क्षेत्र में हुई लूटकांड की घटना में वादी होने के साथ ही एक अप्रैल को लखनऊ एयरपोर्ट से फरार होने वाले 29 आरोपियों में भी शामिल था।

एक अप्रैल को लखनऊ एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकरियों ने नगर के 36 लोगों को खाड़ी देश से सोना तस्करी व सिगरेट लाने के आरोप में पकड़ा था। इनमें से 29 आरोपी अधिकारियों को चकमा देकर फरार हो गए थे। उच्च अधिकारियों के आदेश पर फरार 29 लोगों के खिलाफ लखनऊ स्थित सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके बाद कस्टम विभाग और लखनऊ पुलिस आरोपियों की धर पकड़ के लिए नगर में लगातार दबिश दे रही है।

गुरुवार को भी सुबह लखनऊ से आए कस्टम विभाग के अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस के साथ आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान टीम ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। आरोपियों को टीम पूछताछ के लिए जिला मुख्यालय ले गई हैं।

कस्टम विभाग की टीम ने शेष आरोपियों को शीघ्र आत्मसमर्पण करने के लिए नोटिस भी जारी किए हैं। दूसरी ओर, प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने कस्टम अधिकारियों द्वारा लखनऊ से फरार हुए 29 आरोपियों में से दो को गिरफ्तार करने बात कही है।


कोतवाली टांडा में खड़ी लखनऊ से आए अधिकारियों की स्कॉर्पियो। ● अमृत विचार

- लखनऊ एयरपोर्ट से फरार चार युवकों को हिरासत में लिया
- एक अप्रैल को लखनऊ एयरपोर्ट से फरार हुए थे 29 तस्कर

**दिक्कत** नगर में देर रात तक काफी यात्री करते रहते हैं बसों का इंतजार, मिलक का नाम लेने पर यात्रियों को नहीं बैठाते परिचालक

# शाम ढलते ही बंद हो जाता रोडवेज बसों का संचालन

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** यूपी रोडवेज के चालक-परिचालक मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। शाम ढलते ही नगर में रोडवेज बसों का संचालन बंद हो जाता है। इसके कारण रात में दूसरे शहरों से आने-जाने वाले यात्रियों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

रात में रोडवेज बसों के इंतजार में लोग आंबेडकर पार्क चौराहे पर खड़े रहते हैं। जब उन्हें एहसास हो जाता है कि रोडवेज बस नहीं आएगी तो वह बाइपास की तरफ रुख करते हैं। यात्री रात में बाइपास पर खड़े होकर रोडवेज बसों को रुकवाने का प्रयास करते हैं। लेकिन तेज रफ्तार बसें यात्रियों को बिना बैठाए ही निकल जाती हैं। रामपुर व बरेली के रोडवेज बस अड्डों पर अक्सर शाम ढलते ही रोडवेज बसों के चालक व परिचालकों का मूड बदल जाता है। यात्री मिलक जाने का जिक्र करते हैं तो उनका सीधा जवाब होता है कि बस बाइपास से होकर जाएगी। इसके कारण यात्री रामपुर, बरेली, मुरादाबाद बस अड्डों पर घंटों खड़े रहते हैं। कुछ यात्री जिद करके बसों में सवार भी हो जाते हैं तो मिलक बाइपास पहुंचते ही उनकी चालक-परिचालकों से नोकझोंक होती है। कई बार नौबत मारपीट तक भी पहुंच जाती है। इन समस्याओं से जूझते लोग कई वर्ष से परिवहन निगम व अधिकारियों से शिकायतें करते आ रहे हैं। जब कोई विवाद जोर पकड़ लेता है तो अधिकारी चालक-परिचालकों पर नकेल कसने लगते हैं। अधिकारियों के खामोश होते ही चालक-परिचालक फिर उसी ढर्रे पर आ जाते हैं। वर्तमान में शादियों के सीजन में रात में रोडवेज बसों का संचालन न होने से लोग परेशान हैं। नगर के चौराहे पर रात में यात्रियों की भीड़ लगी रहती है। बुधवार की रात रोडवेज की बसें नहीं मिलने पर यात्रियों का बुरा हाल था।


रोडवेज बस का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार


> मिलक में ट्रेनों का ठहराव न होने के कारण ज्यादातर व्यापारी सामान लाने के लिए रोडवेज बसों का सहारा लेते हैं। बाइपास से नगर तक पहुंचने में व्यापारियों को जान का खतरा बना रहता है।
> —अयूब अहमद


> नगर में रोडवेज बसों के चालक-परिचालकों की मनमानी को लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है। लेकिन अधिकारी सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ देते हैं। इसके कारण रोडवेज कर्मियों के हौसले बुलंद हैं।
> —भरत गंगवार


> रात में दूसरे शहरों से नगर तक पहुंचने में बहुत परेशानी होती है। रात में मिलक के नाम से रोडवेज कर्मी कन्नी काट लेते हैं और रोडवेज बस में बैठाने से मना कर देते हैं। इससे यात्रियों को परेशानी होती है।
> — हुकुम सिंह


> रात में दूसरे शहरों को जाने वाले यात्रियों की भीड़ लगी रहती है। लोग रोडवेज बसों का घंटों तक इंतजार करते रहते हैं। अन्त में उन्हें बाइपास जाकर बस मिलती है। तब मंजिल तक पहुंच पाते हैं।
> — अवनीश रुहेला

## एक नजर

### जुआ खेल रहे तीन युवक गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** पुलिस ने जुआ खेल रहे तीन युवकों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। उप निरीक्षक सुभाष चंद्र, यशवीर सिंह, विपिन राठी, महिला उप निरीक्षक प्रियंका एवं महिला कांस्टेबल प्रेरणा ने नगर के मुर्गा मंडी के सामने कब्रिस्तान में बनी मस्जिद के निकट से तीन व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है। पकड़े गए व्यक्तियों ने नाम मोहम्मद मुनस्सर पुत्र अब्दुल मबुद्ध निवासी ग्राम मलकपुर सेमली हाल किरायेदार मोहल्ला करेला बाग कांठ, सलीम पुत्र मेहंदी हसन निवासी मोहल्ला पट्टी वाला कांठ एवं मोहम्मद सुभान और कल पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी मोहल्ला चौक बाजार कांठ बताया है। तीनों युवकों के पास से 52 ताश के पत्ते एवं 3900 रुपये नकद बरामद हुए हैं। पुलिस ने पकड़े गए तीनों युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है।

### शांति भंग में सात लोगों को किया गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में दो महिलाओं सहित सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना पुलिस ने पिताम्बर पुत्र रामलाल सिंह उम्र 32 वर्ष, राजपाल पुत्र बलकरन सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम नया गांव अकबरपुर चैदरी थाना कांठ, भारत सिंह पुत्र चौखे सिंह उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम दरियापुर थाना कांठ, सोनू पुत्र छोटे सिंह उम्र करीब 27 वर्ष, शिवलाल पुत्र मौजी राम उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम मिश्रीपुर थाना कांठ, रुमन पत्नी पिताम्बर उम्र करीब 30 वर्ष एवं ममता पत्नी राजपाल उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम नया गांव अकबरपुर चैदरी थाना कांठ को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

### सुल्तानपुर में मिला शव नहीं हुई पहचान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गुरुवार सुबह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर में दोस्त चौराहा के निकट रास्ते पर अज्ञात शव मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र 45 साल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और मामले की जांच शुरू की। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक यहां भीख मांगता था। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

# सड़क हादसे में कुंदरकी के युवक की बुलंदशहर में मौत

## रोडवेज बस की टक्कर से वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम निवासी युवक की सड़क हादसे में बुलंदशहर में मौत हो गई। युवक पिकअप गाड़ी में गाजियाबाद से पेप्सी की बोतलें भरकर आ रहा था।



जैसे ही वह बुधवार रात हाईवे पर बुलंदशहर के पास पहुंचा उसकी गाड़ी को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में गाड़ी चकनाचूर हो गई और गाड़ी चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

पता चला है कि समीर उम्र 20 वर्ष पुत्र शमीम अहमद निवासी ग्राम भीखनपुर कुलवाड़ा जो कि पिछले 10 वर्षों से परिवार के साथ अपने मामू के गांव भीखनपुर कुलवाड़ा में रह रहा था। मृतक के पिता ई रिक्शा चलाते हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। समीर पिकअप गाड़ी में गाजियाबाद से अलीगढ़ के लिए पेप्सी की बोतलें लोड कर ले जा रहा था। बुलंदशहर के पास बुधवार रात 1 बजे तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उसकी गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई और समीर की मौके पर मौत हो गई। समीर के शव को गुरुवार दोपहर गांव के कब्रिस्तान में दफनाया गया। मृतक के परिवार में मां मुस्तरी, भाई नन्हूं उर्फ शहजाद, बहन शबीना का बुरा हाल है।

### रोटावेटर की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ट्रैक्टर के पीछे लगे रोटावेटर की चपेट में आकर बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले भर्ती कराया गया। हादसेकी सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हायर सेंटर रैफर कर दिया। बुधवार रात कोतवाली क्षेत्र के गांव नाहरवाला निवासी रूपेश कुमार पुत्र हरकरन सिंह बाइक से अपने घर जा रहा था। तभी ट्रैक्टर के पीछे लगे रोटावेटर की चपेट में आ गया। जिसमें बाइक सवार का पैर रोटावेटर की चपेट में आ कर आकर बुरी तरह जख्मी हो गया। मौके पर मौजूद लोगों की सूचना पर घायल को 108 एम्बुलेंस की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती करा गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक बताते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिस पर परिजन घायल को उत्तराखंड स्थित निजी चिकित्सालय ले गए।



सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती मनाते राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के कार्यकर्ता।

# राजपूत करणी सेना ने मनाई पृथ्वीराज चौहान की जयंती

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- संगठन के पदाधिकारियों ने उनके आदर्श अपनाने को कहा

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान की हर्षोउल्लास के साथ जयंती मनाई।

गुरुवार को नगलिया रोड स्थित कार्यालय पर राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के विधानसभा क्षेत्र प्रभारी डॉ. दीपक चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्रित हुए। सम्राट पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर कार्यकर्ताओं ने जयंती मनाई। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र प्रभारी ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सम्राट पृथ्वीराज चौहान के जीवन के बारे विस्तार से बताया। कहा कि हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलकर देश हित के कार्य करने चाहिए। उन्होंने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। कार्यक्रम में विवेक चौहान, नितिन चौहान, ठाकुर गौरव चौहान, ठाकुर अनिरुद्ध चौहान, मोहित चौहान, आदित्य, अभिषेक, अवनीत प्रिंस कुमार, आर्यन राजपूत, दिनेश आदि मौजूद रहे।

### पालिका के पूर्व सभासद के घर से लाखों के जेवर चोरी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बुधवार रात चोरों ने नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद के घर से 10 लाख रुपये के जेवर चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पालिका के पूर्व सभासद अमजद अली का मकान नगलिया रोड पर पूर्व विधायक डॉ. मोहम्मद उल्ला चौधरी के आवास के निकट है। अमजद अली खान पुत्र लियाकत खान का परिवार बुधवार शाम 6 बजे जनपद बिजनौर के चांदपुर निवासी भांजे के यहां गया हुआ था। सुबह परिवार के लोग 4.30 बजे ठाकुरद्वारा पहुंचे। इसी बीच चोर मकान की छत से घुसे और कमरे की ग्रिल उखाड़कर सेफ अलमारी का ताला तोड़कर 10 लाख रुपये की कीमत के जेवर ले गए। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# बार एसोसिएशन के सभागार में पहले अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता का लगाया चित्र

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के सभागार के कार्यालय में वरिष्ठ अधिवक्ता व साहित्यकार स्व. रामकुमार गुप्ता का छाया चित्र अधिवक्ताओं की मौजूदगी में लगाया गया।

गुरुवार को बार एसोसिएशन के सभागार में अधिवक्ताओं की बैठक हुई। जिसमें बार के पूर्व अध्यक्ष व साहित्यकार स्व. रामकुमार गुप्ता का चित्र अधिवक्ताओं की मौजूदगी में लगाया। अधिवक्ताओं ने बताया कि स्व. रामकुमार गुप्ता 25-30 वर्षों तक कई बार एसोसिएशन के पदाधिकारी रहे और इन्हीं के संघर्ष के कारण ठाकुरद्वारा में 1990 में मुंसिफ न्यायालय की स्थापना हुई। 1966 में बार एसोसिएशन की स्थापना की थी। वह बार एसोसिएशन के 1966 में पहली बार अध्यक्ष बने थे। इनका धार्मिक, आध्यात्मिक व राजनैतिक क्षेत्र में विशेष योगदान रहा था। उन्हें सात भाषाओं का ज्ञान था। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रमोद कुमार, महासचिव शमीम कुरैशी, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, हीरालाल अग्रवाल, उमेश गुप्ता, पुष्पराज सिंह, अशोक गहलौत, रनवीर सिंह त्यागी, सफदर अली खां, शिवेंद्र गुप्ता, प्रखर गुप्ता, सचिन गुप्ता , विमल गुप्ता, यासीन खां आदि मौजूद रहे।



बार एसोसिएशन सभागार में स्व. रामकुमार गुप्ता का चित्र लगाते अधिवक्ता।

### ईंटें व लोहे के रिंग चोरी होने की शिकायत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** डिलारी क्षेत्र के गांव सरकड़ा खास में गांव के कुछ लोगों द्वारा आरआरसी केंद्र के तहत हो रहे निर्माण को तोड़कर ईंटें व लोहे के रिंग चोरी के मामले में ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है।

ब्लॉक डिलारी का गांव सरकड़ा खास ओडीएफ प्लस योजना में चयनित है। जिससे ग्राम पंचायत में आरआरसी केन्द्र के निर्माण कार्य को स्वच्छ बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें कूड़ा घर बनवाकर गांव से निकलने वाला कचरा आरआरसी केंद्र में डाला जा सके। जिसको कुछ लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। 14 मई को केंद्र में हुए निर्माण को गांव के लोगों ने तोड़कर ईंटें और लोहे के रिंग को चोरी कर घर ले गए। जिसमें सचिव और ग्राम प्रधान ने सरकारी संपत्ति को बर्बाद करने के संबंध में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।



छात्र-छात्राओं को जागरूक करतीं प्रधानाचार्या। ● अमृत विचार

# स्कूल में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति छात्रों को किया जागरूक

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय माननगर में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

प्राथमिक विद्यालय माननगर कांठ की प्रधानाचार्य भुवनेश कुमारी ने विद्यालय के बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। प्रधानाचार्य भुवनेश कुमारी ने यातायात के सामान्य नियमों के बारे में सभी बच्चों को बताया कि सड़क पार करते समय रुको, देखो और चलो नियम का पालन करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। चलते वाहन से कोई भी अंग बाहर न निकले। सड़क पर न दौड़े। ड्रिंक एडं ड्राइविंग न करें। ट्रैफिक लाइट का पालन करें। भुवनेश कुमारी ने सभी बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया।

### थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज सम्मानित

**कुंदरकी, अमृत विचार :** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं व अधिवक्ताओं ने थाना कुंदरकी में थाना प्रभारी निरीक्षक और कस्बा चौकी इंचार्ज को लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सम्मानित किया।

अधिवक्ता पप्पू राजपूत ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र संभल के विधानसभा कुंदरकी के कुंदरकी थाना क्षेत्र में चुनाव शान्तिपूर्ण सम्पन्न हुए। जिसके संबंध में गुरुवार को थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल तथा कस्बा चौकी इंचार्ज अनिल कुमार व थाना के समस्त स्टाफ और अन्य पुलिस कर्मियों का आभार व्यक्त कर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं अधिवक्ताओं ने बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पप्पू राजपूत, यशवंत सिंह सैनी, अरमान खान, मुकीम पाशा आदि मौजूद रहे।




खण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। ● अमृत विचार

# समस्याओं को लेकर बीईओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक संवर्ग विकासखंड छजलैट कार्यकारिणी ने ब्लॉक संयोजक गौरव यादव के नेतृत्व में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए खंड शिक्षा अधिकारी वार्ता की।

शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं जैसे शिक्षकों का चयनित वेतनमान समय से लगाने, अंतर्जनपदीय स्थानांतरण शिक्षकों के एरियर, अवशेष वेतन भुगतान के लिए ऑनलाइन व्यवस्था, मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षकों के अवकाश में त्रुटि का समाधान, विभाग द्वारा कक्षा एक में प्रवेश के लिए आयु में शिथिलता प्रदान की जाए, परीक्षा ड्यूटी की धनराशि को जल्द ही खातों में पहुंचाया जाए, एनपीएस से संबंधित समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए, विद्यालयों में सफाई के लिए ग्राम पंचायत में नियुक्त सफाईकर्मी विद्यालय में प्रतिदिन आए। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का पूर्ण आश्वासन दिया। खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देने वालों में रामानंद यादव, सुशांत चौहान, गौतम सिंह, धर्मेंद्र कुमार, शुभम लांबा, शिवम, नितिन कुमार, रोहित यादव, शाहबाज अंसारी, विमल चौहान, सुरेशपाल सिंह, सुमित विश्नोई, जहीर आलम आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### पिता-पुत्र के एक साथ उठे जनाजे

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव में पिता की मौत के कुछ घंटे के बाद ही बेटे के भी मौत हो गई। एक साथ दो मौतें होने से परिजनों का बुरा हाल है। ग्राम वासियों में चर्चा है कि पिता की मौत का सदमा बेटा बर्दाश्त नहीं कर सका। जिसके उसकी भी मौत हो गई।

मामला कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम हरियाना का है। जहां ग्राम निवासी भूरा सलमानी उम्र 65 वर्ष की मंगलवार शाम मौत हो गई थी। पिता की मौत के करीब 9 घंटे बाद बेटे तासिर उम्र करीब 26 वर्ष की तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद तासिर को परिवार के लोग रात्रि में ही मुरादाबाद अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां तासिर को मृत घोषित कर दिया था। बुधवार दोपहर को घर से पिता-पुत्र के जनाजे साथ उठे, तो हर किसी की आंखें नम हो गईं। परिजनों ने सलमानी की मौत का कारण हार्टअटैक बताया है। जबकि तासिर गुर्दे की बीमारी से वह डायलिसिस पर था।

# कथा में किया भगवान श्रीराम के जन्म का वर्णन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** कथावाचक कृष्णकांत शास्त्री ने भगवान शिव पार्वती के विवाह उत्सव के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र के जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि उनका जन्म धरती पर मर्यादा का संदेश देने एवं साधु संतों की रक्षा के लिए हुआ था।

कृष्णकांत शास्त्री ने नौ दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन कहा कि भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह में पुरोहित की भूमिका भगवान ब्रह्मा ने निभाई। स्वयं भगवान विष्णु ने माता पार्वती के भाई की भूमिका निभाकर उनका कन्यादान किया। इस अद्भुत विवाह में सभी देव, दानव, संत, पुरोहित और भूतों ने भाग लिया। इसके बाद उन्होंने कहा कि अयोध्या के सूर्यवंशी चक्रवर्ती सम्राट दशरथ ने पुत्र की कामना से यज्ञ किया। जिसके फलस्वरूप उनके चार पुत्रों का जन्म हुआ। राम का जन्म देवी माता कौशल्या के गर्भ से हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम कथा के सच्चे मन से श्रवण करने पर मानव पाप मुक्त हो जाता है और उनकी पूजा अर्चना करने से मुक्ति की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर धर्मपाल सिंह चौहान, विजय कुमार उर्फ सीटू, महेंद्र सिंह, हरपाल सिंह चौहान, सुशील मणि गुप्ता, वीरमपाल सिंह, जयप्रकाश सिंह प्रजापति, भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।



कथा सुनाते आचार्य कृष्णकांत शास्त्री।

### हेड कांस्टेबल का लापता बेटा महाराष्ट्र में मिला

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** हेड कांस्टेबल रविंद्र सिंह का लापता 10 वर्षीय पुत्र रचित महाराष्ट्र पहुंच गया।

बताते चलें की हेड कांस्टेबल रविंद्र कुमार सिंह काशीपुर की आवास विकास कालोनी में रहकर ठाकुरद्वारा कोतवाली में अपनी ड्यूटी करते हैं। तीन दिन पहले उनके 10 साल के बेटे के लापता होने की सूचना पर पुलिस ने उसकी गुमशुदगी दर्ज की थी। अब बच्चे की लोकेशन महाराष्ट्र में मिली। पता चला है कि रचित ट्रेन में बैठ गया जो महाराष्ट्र पहुंच गया। टीटीई की सूचना पर पुलिस व परिजन उसे लेने महाराष्ट्र रवाना हो गए हैं। ज्ञात हो कि रचित मंगलवार शाम पांच बजे घर के पास ही पार्क में खेलने गया था। इसके बाद घर नहीं लौटा था। रचित के पिता उत्तर प्रदेश पुलिस में हेड कांस्टेबल हैं। अब लोकेशन मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली है। वह उसे लेने महाराष्ट्र की और रवाना हो गए हैं।

# खातों को हैककर धनराशि महाराष्ट्र के बैंक में भेजी

संवाददाता, कांठ

- पीड़ित के तीन बैंक खातों से निकाले गए 12800 रुपये

**अमृत विचार :** सरकार द्वारा बैंक ग्राहकों को सचेत रखने के लिए हिदायत देते रहते हैं लेकिन बैंक खाते हैक करने वाले बहुत ही चतुर और चालक हैं। ऐसे ही घटना नगर कांठ के व्यक्ति के साथ हुई है। जिसमें बैंक खाते को हैककर धनराशि को महाराष्ट्र में एक खाते में भेज दिया गया।

कांठ के मोहल्ला फकीरगंज निवासी हरि ओम सिंह पुत्र स्व. सत्यवीर सिंह के तीन बैंकों में खाता चल रहे हैं। जिसमें से 13 मई को अलग-अलग बैंकों के खातों को हैककर धनराशि निकाली गई जो कि महाराष्ट्र में केनरा बैंक की एक शाखा में भेज दी गई। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 13 मार्च को वह साप्ताहिक बाजार में सामान लेने के लिए गया हुआ था, वहीं से उनका मोबाइल चोरी हो गया। उसी दिन भारतीय स्टेट बैंक कांठ शाखा से 5000, केनरा बैंक खाते से 2800 रुपये, एचडीएफसी से 5000 की धनराशि निकालने पर बैंक द्वारा खातेदार को सूचित किया। जब पीड़ित केनरा बैंक पहुंचे तो उन्होंने बताया कि आपके खाते से महाराष्ट्र में केनरा बैंक दहाणू खाता संख्या 12002544 8992 आईएफएससी कोड नंबर सीएमआरबी 00046 426 में धनराशि ट्रांसफर हुई है। जिनका मोबाइल नंबर 8655935644 है। पीड़ित ने इसकी सूचना मुरादाबाद साइबर सेल को दी। पीड़ित ने बताया कि थाना कांठ प्रभारी योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जांच उपरांत ही कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

### बहन के घर मारपीट में महिला घायल, तहरीर दी

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला लालबाग रेतिया में जानीसारा अपनी बहन इमराना के साथ रहती है। इमराना की शादी मोहल्ला निवासी नवाब के साथ हुई है। नवाब काम करने के लिए बाहर गया हुआ है। जानीसारा का आरोप है कि इमराना के जेठ का गुरुवार सुबह फोन आया। उसने कहा कि घर आ जाओ कुछ बात करनी है। दोनों बहनें उनके घर पहुंचीं तो वहां कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इससे जानीसारा घायल हो गई। घायल अपनी बहन के साथ कोतवाली पहुंची और आरोपी के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल पीड़िता को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। घायल पीड़िता का आरोप है कि जेठ बहन के हिस्से के मकान पर कब्जा करना चाहता है। जिसके चलते उन्हें मारपीट की है। कोतवाली पुलिस का कहना है, कि मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है।

# नवाबपुरा भूड़ में कीचड़ व जलभराव से लोग परेशान

संवाददाता, कैसरा

अमृत विचार : गांव नवाबपुरा भूड़ में सड़क पर कीचड़ व जलभराव से लोगों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई कर्मचारी कई माह से गांव में सफाई करने नहीं आया है। ग्राम प्रधान भी ध्यान नहीं देते हैं। इस समय गांव में 10 से 15 मरीज बुखार के हैं।

गांव नवाबपुरा भूड़ में पूर्व प्रधान चेतन के मकान से पंचायत घर तक रास्ता खराब है। हर समय इस मार्ग पर कीचड़ व जल भराव रहता है। लोगों का निकलना दूभर है। इस मार्ग पर नाला नहीं है। घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। आए दिन लोग इस कीचड़ में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। इस संबंध में ग्रामीण शिकायत भी कर चुके हैं। धनौरा-शेरपुर रोड पर नवाबपुरा भूड़ में पानी भरा रहता है।



गांव नवाबपुरा में रास्ते पर पसरी गंदगी।

बरसात के दिनों में इस मार्ग पर हर समय पानी भरा रहता है। ग्रामीणों व स्कूल के बच्चों को भी जलभराव व कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। गंदे पानी से उठती बदबू ने यहां के लोगों का रहना दूभर कर दिया है। ग्रामीणों ने जल्द सड़क बनवाने व जल भराव कीचड़ से निजात दिलाने की मांग की है। मांग करने वालों में काविन्दर सिंह, जयदेव सिंह, चेतन सिंह, रोहताश सिंह, चमन सिंह व गौतम सिंह आदि मौजूद रहे।

## महिला को पीटने और छेड़खानी का आरोप

गजरौला, अमृत विचार : दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने महिला को पीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने ससुर पर छेड़खानी करने का आरोप भी लगाया।

बछरायूं थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी 22 फरवरी 2022 को गजरौला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले उससे दो लाख रुपये नकद, कार व स्कूटी की मांग करने लगे। एक जनवरी को महिला ने एक बेटी को जन्म दिया। आरोप है कि इसके बाद ससुराल वाले उसका उत्पीड़न और भी ज्यादा करना शुरू कर दिया। पीड़िता के मुताबिक, 13 अप्रैल को ससुर ने उसके साथ छेड़खानी भी की। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में पीड़िता की तहरीर पर उसके पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी गई है।

## गर्मी में भी अस्पताल, रोडवेज बस अड्डा और चौपला पर पेयजल की व्यवस्था नहीं

# वाटर एटीएम मशीन खराब, पानी को तरस रहे लोग

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : सूरज की तपिश के बीच गर्मी में राहगीरों को पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा है। अस्पताल, रोडवेज बस अड्डा, चौपला पर शीतल पेयजल की व्यवस्था नहीं है। शहर में नगर पालिका की ओर से लगाए गए वाटर कूलर बदहाल हैं। इससे के चलते लोगों को प्यास बुझाने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। जिम्मेदार अधिकारी समस्या से अनजान है।

इस समय तापमान रोजाना बढ़ रहा है। ऐसे में पानी की हर किसी को जरूरत बढ़ गई है। लेकिन शहर में अव्यवस्था ऐसी है कि सीएचसी के बाहर ठंडे पानी के लिए मरीज भटकते नजर आते हैं। चौपला पर लगी वाटर एटीएम मशीन कई माह से खराब है। वहां से गुजरने वाले रोजाना सैकड़ों लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। ऐसे में नगर पालिका को वाटर एटीएम मशीन को सही कराना चाहिए था। लेकिन अभी तक नगर पालिका के अधिकारियों का ध्यान उस तरफ नहीं जा रहा है। इसके अलावा शहर में कई जगह हैंडपंप भी खराब पड़े हैं। शहर के इन्दिरा चौक, चौपला, रेलवे स्टेशन समेत अन्य स्थानों पर हैंडपंप खराब हैं। इसके बावजूद प्रशासन इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहा हैं। नगर पालिका प्रशासन ने लाखों रुपये खर्च कर वाटर एटीएम मशीन लगाई है।, लेकिन इसकी नियमित देखभाल न होने से आमजन को लाभ नहीं मिल रहा है। ईओ शालिनी गुप्ता ने बताया कि शहर में जो भी एटीएम वाटर मशीन खराब है। उनको जल्द ठीक कराया जाएगा।



गजरौला में खराब पानी की मशीन।

### आठ घंटे तक पानी के लिए तरसे एक लाख नागरिक

हसनपुर, अमृत विचार : नगर की एक लाख की आबादी गुरुवार सुबह से लेकर दोपहर तक करीब आठ घंटे पेयजल के लिए तरस गई। नलकूप की मोटर खराब होने के कारण जनता को इस खामियाजा भुगतना पड़ा। सुबह घरों में ज्यादा काम होने के कारण महिलाओं को सबसे ज्यादा दिक्कत हुई। नगर में पालिका के चार नलकूप है। इनसे नगर को पेयजल की आपूर्ति की जाती है। नगर के होली चौक व ब्लाक के सामने स्थित नलकूप की मोटर खराब होने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई। दो नलकूपों से आपूर्ति दी गई, लेकिन प्रेशर कम होने के कारण नगर वासियों को पेयजल की आपूर्ति नहीं मिल पाई। सुबह 6 बजे से दोपहर दो बजे तक नगर के लोग गर्मी में पेय जल के लिए तरसते रहे। कुछ नगर वासियों ने फोन करके पालिका कार्यालय में शिकायत भी दर्ज कराई। दोपहर दो बजे के बाद मोटर सही हुई और नगर को पेयजल आपूर्ति दी गई। नगर पालिका के कर्मचारी दिनेश कुमार ने बताया कि नलकूप की मोटर खराब होने से जल आपूर्ति बाधित हुई। अब नगर में सुचारू रूप से जलापूर्ति की जा रही है।

# पंचायत में नहीं पहुंचे अधिकारी, हाइवे पर लगाया जाम

## एसडीएम ने भाकियू के पदाधिकारियों को समस्याओं का समाधान कराने का दिया आश्वासन

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : ब्लॉक परिसर में गुरुवार को हुई भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में अधिकारी नहीं पहुंचे। इससे नाराज भाकियू पदाधिकारियों ने गजरौला-चांदपुर स्टेट हाइवे पर जाम लगा दिया। एसडीएम चंद्रकांता ने किसानों को समस्याओं के समाधान कराने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

भाकियू के पदाधिकारियों ने बताया कि फिना मार्ग स्थित गांव वालीपुर में संचालित ईंट भट्ठा मालिक द्वारा रात में ट्रैक्टर और डंपरों से मिट्टी डलवाई जा रही है। चीनी मिल प्रबंधन से किसानों का गन्ना भुगतान कराया जाएं। क्षेत्र में बिजली कटौती की जा रही है। तहसील क्षेत्र में बांध की व्यवस्था कराई जाए। इन मुद्दों को लेकर 10 मई को इन भाकियू के कार्यकर्ताओं ने खनन अधिकारी, पीडब्लूडी विभाग, चीनी मिल, बिजली विभाग, जिला चकबंदी अधिकारी को बैठक में बुलाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। भाकियू कार्यकर्ताओं ने 15 मई तक सभी समस्याओं का निस्तारण न होने पर 16 मई को चक्का जाम करने की चेतावनी दी थी। गुरुवार को हुई पंचायत में कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा। इससे नाराज भाकियू के कार्यकर्ताओं ने गजरौला-चांदपुर स्टेट हाइवे पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना के बाद थाना बछरायूं व धनौरा की पुलिस मौके पर पहुंच गई और किसानों को समझने का प्रयास किया। लेकिन किसान अपनी मांग पर अड़े रहे। बाद में एसडीएम ने किसानों को समझाया। कहा कि तहसील कार्यालय में एक बैठक बुलाई जाएगी। इसमें किसानों की समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों से वार्ता होगी। एसडीएम के आश्वासन पर किसानों ने जाम खोल दिया। इस मौके पर सोबीर सिंह, गुरमीत सिंह, सुभाष चीमा, धर्मवीर सिंह, अशोक सिंह, वचन सिंह, मनोज, नेत्रपाल, विपिन चौधरी आदि मौजूद रहे।



मंडी धनौरा में सड़क पर बैठे किसानों को संबोधित करते भाकियू के जिलाध्यक्ष।




हसनपुर में तहसीलदार को ज्ञापन देते किसान। ● अमृत विचार

### भाकिसं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हसनपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान संघ ने मासिक पंचायत कर किसानों की समस्याओं के संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। मांगों को जल्द पूरा करने की बात कही। मंडी समिति में गुरुवार को भाकिसं की मासिक पंचायत में क्षेत्र के किसानों की समस्याओं पर विचार किया गया। इसके बाद तहसीलदार सुंदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा। छुट्टा पशुओं की समस्या से किसानों को बचाने, पशुपालकों को प्रति पशु 1500 रुपये मासिक देने, पशु छोड़ने पर अंकुश लगने की मांग की। उन्होंने क्रय केंद्रों पर गेहूं की दर के साथ 200 रुपये प्रति क्विंटल बोनस राशि देने की मांग की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा, धर्मपाल सिंह चौहान, यशवीर सिंह, ओमवीर सिंह, भगत सिंह, समरपाल सिंह, राजीव, निहाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## तापमान 43 डिग्री के पार तपिश से लोग हुए बेहाल

अमरोहा, अमृत विचार : गर्मी और लू के बीच सूरज आग बरसा रहा है। तेज धूप के बीच तापमान बढ़ने से उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। गुरुवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया।

बढ़ती गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। तपिश के चलते लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। गर्म हवा के कारण लोगों का बुरा हाल है। गुरुवार को जिले का न्यूनतम तापमान 28 डिग्री और अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। गर्मी के चलते दोपहर में शहर के मार्ग और बाजारों में लोगों की आवाजाही घटती जा रही है। गुरुवार सुबह आठ बजे ही तेज धूप और उमस से लोग परेशान रहे। लोग कड़ी धूप से बचने के लिए अपने चेहरे को ढककर निकले। ये गर्मी लोगों को बीमार कर रही है। रोजाना तापमान बढ़ता जा रहा है। तेज धूप से त्वचा झुलस रही है। गर्म हवा से सितम लगातार बढ़ता जा रहा है। शाम ढलने के बाद ही लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली।

## सार संक्षेप



एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

### ग्रामीणों ने राशन डीलर के खिलाफ किया प्रदर्शन

मंडी धनौरा, अमृत विचार : ग्रामीणों ने राशन डीलर पर धांधली का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी कार्यलय में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शन किया। गांव फंदेडी सादात के ग्रामीण गुरुवार को तहसील पहुंचे। उन्होंने राशन डीलर कमाल हैदर पर धांधली का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने बताया कि राशन डीलर पिछले कई वर्षों से राशन वितरण मे धांधली कर रहा है। राशन कार्ड धारकों का अंगूठा मशीन पर लेने के बाद भी उन्हें राशन नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी कार्यलय में राशन डीलर के खिलाफ प्रदर्शन कर एक शिकायती पत्र दिया। इस दौरान शाबान अली जैदी, दरकशा जैदी, सोमपाल सिंह, हरपाल सिंह, राजा, इरशाद अली, अबरार हुसैन, मोहम्मद यूनुस, काविंद्र सिंह, मोहम्मद अली, इरशाद अली आदि रहे।



जेएस इंटर कॉलेज में कार्यक्रम में प्रमाण पत्र दिखाते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### जेएस कॉलेज में मेधावियों को किया सम्मानित

अमरोहा, अमृत विचार : जेएस हिंदू इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षाओं के साथ गृह परीक्षा में कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रबंध समिति ने प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य डॉ. जीपी सिंह ने छात्र छात्राओं को बधाई दी। अच्छे अंक लाकर परिवार और विद्यालय का गौरव बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने कहा की विद्या अनमोल धन है। विद्या धन सभी धनों में प्रधान है। विद्यालय प्रबंधक अनिल स्वरूप टंडन ने प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी भेंट करते हुए छात्र-छात्राओं से अपेक्षा की कि भविष्य में और अच्छे अंक लाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाएंगे। प्रबंधक ने कहा कि आगामी बोर्ड परीक्षा में जो भी छात्र छात्रा जनपद की टॉप 10 सूची में अपना स्थान बनाएगा, उसको विद्यालय सम्मानित करेगा। हाई बोर्ड परीक्षा प्रतिभा ने प्रथम, पलक ने द्वितीय एवं रजनीश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में विद्यालय के दो छात्र अनमोल गोले एवं धनंजय जोशी ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर ऋतिक तथा तृतीय स्थान पर दीपाली शर्मा रहे। इसी तरह गृह परीक्षा में प्रत्येक कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजवीर सिंह यादव ने किया।

### बीएससी के छात्र को मारी गोली, घायल

अमरोहा, अमृत विचार : बीएससी फाइनल के छात्र को गांव के ही युवक व उसके साथियों ने गोली मार दी। छर्रे लगने से छात्र घायल हो गया। तमंचे की बट से भी उसे पीटा गया। मामले में एक नामजद समेत छह लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है। यह घटना थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के मंडी समिति के पास की है। दरअसल नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव फाजलपुर निवासी किसान भीम सिंह के परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी है। छोटा बेटे मनु उर्फ सनी बीएससी फाइनल का छात्र है। गुरुवार दोपहर मनु सिंह किसी काम से अमरोहा जा रहा था। जैसे ही वह मंडी समिति के दूसरे गेट पर पहुंचा, तभी गांव के ही युवक व उसके पांच साथियों ने उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। छर्रे लगने से मनु सिंह घायल हो गया। आरोपियों ने तमंचे की बट से भी वार किए। गोली लगने की सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे। घायल छात्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मामले में घायल छात्र के पिता ने तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



डेंगू से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए शपथ लेते स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

# डेंगू की रोकथाम के लिए ली शपथ

संवाददाता, हसनपुर

● डेंगू से बचाव के उपाय बताकर लोगों को किया जागरूक

अमृत विचार : नगर स्थित सीएचसी में चिकित्सा प्रभारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों ने डेंगू की रोकथाम के लिए शपथ ली। लोगों को इससे बचाव के उपाय के प्रति जागरूक किया।

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत गुरुवार को नगर स्थित सीएचसी में चिकित्सा प्रभारी डॉ. धुर्वेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों ने क्षेत्र को डेंगू मुक्त करने की शपथ ली। चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि डेंगू एक मच्छर जनित रोग है, जो एडीज एजिटी नामक मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर साफ व रुके हुए पानी में पनपता है। यदि व्यक्ति को डेंगू होने की आशंका हो तो ये लक्षण हो सकते हैं। अचानक तेज बुखार व सिर में दर्द होना, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द होना, आंखों के पीछे तेज दर्द होना, आंखों को घुमाने से बढ़ता हो, जी मिचलना व उल्टी होना, इतना ही नही गंभीर रूप से ग्रसित होने पर नाक, मुंह व मसूढ़ों से खून आना और त्वचा पर चकत्ते होना समेत अनेक प्रकार के लक्षण होते हैं। इस मौके पर डॉ. मुदित, डॉ. अंजू, डॉ. रिया, डॉ. प्रियंका, मनोज जोशी, ललिता, अब्दुल कादिर, राकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बाग में पशुओं के खून के धब्बे मिलने से रोष

आदमपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव गारवपुर स्थित आम के बाग में पशुओं के खून के धब्बे मिलने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। सूचना के बाद थानाध्यक्ष फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

बताया कि गुरुवार को ग्रामीण अपने खेतों पर काम करने जा रहे थे। तभी सुनिल सक्सैना निवासी रोहणी दिल्ली के आम के बाग में खून देखा। बाग में चार पहिया वाहन के पहियों के निशान थे। घटना की सूचना पर गारवपुर, खरसोली, फय्याज नगर, दूल्हेपुर अहीर, ढबारसी के ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच गएग्रामीणों ने आशंका जताई है कि गोतस्कर गोकशी मांस ले गए हैं। थाना प्रभारी राजीव कुमार पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। बजरंग दल के जिला सह-संयोजक वीरेंद्र शर्मा ने मौके पर पहुंचे। कहा कि पुलिस की शिथिलता की वजह से आए दिन क्षेत्र में गोतस्कर गोकशी कर रहे हैं। उन्होंने तीन दिन में घटना का खुलासा करने की मांग की है।

# जनरल स्टोर में आग से 25 लाख रुपये का नुकसान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : अमरोहा देहात क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट से जनरल स्टोर की दुकान में भीषण आग लग गई। इससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन आग की लपटें तेज होने से लोग पास आने की हिम्मत नहीं जुटा सके। इसके बाद दकमल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। दुकानदार ने घटना में 25 लाख रुपये के नुकसान का दावा किया है।

यह घटना गांव बंबूगढ़ की है। यहां विजेंद्र सिंह का परिवार रहता है। गांव में उनकी जनरल स्टोर की दुकान है। गुरुवार तड़के सभी लोग सो रहे थे। तभी शॉर्ट सर्किट से जनरल स्टोर में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख लोगों में अफरा तफरी मच गया। विजेंद्र सिंह ने शोर मचाया तो आसपास के लोग एकत्रित हो गए। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, बाल्टियों से पानी डाला। लेकिन आग नहीं बुझ सकी। इसके बाद मालिक ने आग लगने की जानकारी दमकल विभाग को दी। मौके पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकान में रखा लाखों रुपये की कीमत का माल जल गया। दुकानदार ने बताया कि आग लगने से उसका 25 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।



आग बुझाने का प्रयास करते लोग।

## नगर क्षेत्र में नालों की साफ-सफाई शुरू

हसनपुर, अमृत विचार : बरसात से पहले नगर पालिका प्रशासन ने नगर स्थित सभी नालों की सफाई कर्मचारियों से करनी शुरू कर दी है। ईओ ने नाला सफाई कार्य का निरीक्षण कर सफाई कर्मचारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

ईओ प्रदीप नारायण दीक्षित ने नाले सफाई कार्य का निरीक्षण किया। इस कार्य में 20 सफाई कर्मचारी लगाए गए हैं। ईओ ने बताया कि बारिश में किसी भी मोहल्ले में जलभराव की स्थिति न पैदा हो, इसके लिए पहले ही सफाई शुरू करा दी गई है। नगर में 28 नाले हैं, उनका सफाई का कार्य तेजी के साथ कराया जा रहा है।



नाले की सफाई करते कर्मचारी।

स्वास्थ्य

दढ़ियाल, आदमपुर व अन्य गांवों में टायफाइड के कई मरीज मिले, स्वास्थ्य विभाग सतर्क, सावधानी बरतने की सलाह

# ग्रामीण क्षेत्र में टायफाइड के मरीजों की बढ़ रही संख्या

संवाददाता, मुबारिजपुर

अमृत विचार : गर्मी के मौसम में वायरल बुखार के साथ ही टायफाइड के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। सरकारी व निजी अस्पतालों में टायफाइड के मामले सामने आ रहे हैं। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। चिकित्सकों का कहना है कि इस मौसम में लोगों को खानपान में सावधानी बरतनी चाहिए। इसमें लापरवाही ही लोगों को बीमार बना सकती है। इस मौसम में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

अस्पतालों में वायरल बुखार के मरीज पहले से ही आ रहे हैं। अब टायफाइड के भी मामले सामने आने लगे हैं। चिकित्सक इसकी मुख्य वजह दूषित खानपान और सफाई न होना बता रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि टायफाइड का समय पर इलाज कराना चाहिए। अगर देरी से इलाज होता है तो वह लंबा चलता है। इसलिए इसमें लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए, वरना सेहत के लिए भारी पड़ सकती है। रहरा सीएचसी प्रभारी डॉ. शशांक चौधरी ने बताया है कि ओपीडी में कई दर्जन मरीज आए। क्षेत्र के दढ़ियाल, आदमपुर सहित अन्य गांव में टायफाइड के कई मरीज मिले हैं। इसके अलावा वायरल बुखार, नजला, खांसी के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूषित पानी नहीं पीना चाहिए। साफ पानी पीना चाहिए और ताजा बना भोजन करना चाहिए। बासी भोजन करने से बचना चाहिए।



जिला अस्पताल की ओपडी में मरीजों को दवा लिखते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### गर्मी में बढ़ रहीं बीमारियां, अस्पतालों में मरीजों की भीड़

अमरोहा, अमृत विचार : गर्मी के चलते जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। बुखार, उल्टी-दस्त सहित संक्रमण के मरीजों की संख्या अधिक है। अन्य दिनों के मुकाबले अब जिला अस्पताल में अधिक मरीजों की ओपीडी हो रही है। बच्चों व बुजुर्ग गर्मी व बदलते मौसम के कारण बीमार पड़ रहे है। गुरुवार सुबह जिला अस्पताल खुलते ही ओपीडी कराने को डायरिया व बुखार के मरीजों की लंबी कतारें लगी दिखाई दीं। पर्चा बनवाने से लेकर चिकित्सक से परामर्श और दवा लेने तक के लिए मरीजों को मशक्कत करनी पड़ी। इनमें सबसे ज्यादा छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग बुखार की चपेट में आ रहे हैं। चिकित्सकों के मुताबिक गर्मी के चलते डायरिया होने की ज्यादा संभावना रहती है। बदलते मौसम में साफ-सफाई, खानपान और रहन-सहन में लापरवाही के कारण बीमारियों का ग्राफ बढ़ा हुआ है।

> वायरल बुखार के साथ टायफाइड के मामले भी आ रहे हैं। गर्मी में लोगों को बुखार से बचाव के लिए सफाई का ध्यान रखना चाहिए। बाजार में कटे फटे फल, गन्ने का जूस, दूषित पानी व बासी भोजन का सेवन करने से बचना चाहिए। अगर टायफाइड के लक्षण नजर आते हैं तो उसका इलाज शुरू कर देना चाहिए। समय पर इलाज कराने से यह सात से 10 दिन में मरीज स्वस्थ हो जाता है। देर होने पर इलाज लंबा चलता है। इसलिए लोगों को बुखार से बचाव के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है।
> – डॉ. सतपाल सिंह, सीएमओ




बच्चों को शिक्षण सामग्री बांटते ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बच्चों को वितरित की शिक्षा सामग्री

हसनपुर, अमृत विचार : केशव दत्त शर्मा सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को शिक्षा सामग्री का वितरण किया। उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक किया। ट्रस्ट का उद्देश्य शिक्षा की अलख जगाना है। गांव माछरा भगवानपुर निवासी साकेत गौड ने अपने परिवार के साथ मिलकर अपने दादा स्वर्गीय केशव शर्मा के नाम पर एक ट्रस्ट का गठन किया। इसका नाम केशव शर्मा सेवा ट्रस्ट है। केशव दत्त शर्मा की पुण्यतिथि पर गुरुवार को ट्रस्ट के पदाधिकारी ने गांव में बच्चों को कॉफी, पेंसिल व किताबें बांटीं। गांव में शिविर लगाकर राजगीरों को शरबत पिलाया। इस मौके पर प्रबंधक संकेत गौड़, दिवाकर शर्मा, पंडित सतीश चंद्र शर्मा, विवेक गौड़, दिव्यांश गौड़, बृजेश शर्मा, ओमप्रकाश, शुभम व अजीत आदि मौजूद रहे।

एक नजर

## दंपती और किशोरी के साथ मारपीट

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव गढ़ा निवासी भूरे की पत्नी कुरेशना ने गुरुवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि गांव का ही एक व्यक्ति बाइक पर सवार होकर रास्ते में जा रहा था। भूरे ने व्यक्ति से पूछ लिया कि कहा जा रहे हो। आरोप है कि इसी बात को लेकर व्यक्ति गाली गलौज करने लगा। विरोध किया तो व्यक्ति लात घूंसों से भूरे के साथ मारपीट करने लगा। भूरे को बचाने पहुंची कुरेशना व उसकी बेटी के साथ भी व्यक्ति ने मारपीट की और भूरे की जेब में रखे बीस हजार रुपये निकालकर व्यक्ति बाइक पर सवार होकर भाग गया।

## मारपीट कर युवक को किया घायल

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मंडी किशनदास सराय निवासी सुमित गुरुवार को घर के बाहर रास्ते पर खड़ा था। मुहल्ला का एक युवक वहां से गुजर रहा था। आरोप है कि बिना बात के ही युवक देखकर सुमित के साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध किया तो युवक ने अपने परिजनों को बुला लिया और मारपीट करते हुए युवक ने सुमित को घायल कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो युवक धमकी देते हुए भाग गया। जिसके बाद परिजन सुमित को लेकर कोतवाली आ गए।

## उधार में दिए रुपये मांगने पर गाली गलौज

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला पंजू सराय निवासी शारिक ने गुरुवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि दो माह पहले पुराने वाहन खरीदने व बेचने का कारोबार करने वाले सगे भाइयों ने 3 लाख 60 हजार रुपये उधार लिए थे। साथ ही सगे भाइयों ने वाहनों की बिक्री में फायदा होने पर हिस्सा देने का भी लालच दिया था। एक माह बाद रुपये मांगे तो सगे भाइयों ने बाद में रुपये देने की बात कहते हुए मोहम्मद शारिक को टरका दिया। आरोप है कि मंगलवार को मोहम्मद शारिक ने रुपयों का तकादा किया तो रास्ते से गुजर रहे सगे भाइयों ने गाली गलौज करते हुए रुपये देने से मना कर दिया और सगे भाई धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

# कबाड़ के गोदामों में आग से लाखों की क्षति

## गुरुवार तड़के एक गोदाम में लगी आग तो मालिक पहुंचा अग्निशमन केंद्र, दी सूचना

कार्यालय संवाददाता, संभल


चौधरी सराय में कबाड़ गोदाम में आग बुझाने का प्रयास करते दमकल कर्मी।

अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मल्ली सराय में स्थित कबाड़ के दो गोदामों में आग लग गई। एक गोदाम पर दमकल की गाड़ी पहुंची तो कर्मियों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया। जबकि दूसरे गोदाम की आग लोगों ने बुझाई। आग से करीब 4.50 लाख रुपये का कबाड़ और मशीन जलकर राख हो गई। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

बहजोई मार्ग पर स्थित मुहल्ला चौधरी सराय निवासी अहसान और इंतजार सगे भाई हैं। इनके कबाड़ के गोदाम मल्ली सराय में हैं। गुरुवार को तड़के करीब चार बजे अहसान के गोदाम में आग लगी तो चौकीदार की आंख खुल गई। चौकीदार ने तुरंत सूचना दी तो अहसान मौके पर पहुंचा। यहां से अहसान भागकर हसनपुर मार्ग पर स्थित अग्निशमन केंद्र पहुंच गया तो आग लगने की जानकारी दी। दमकल की गाड़ी से अहसान और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। तब तक मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई थी तो आग ने भी विकराल रूप ले लिया था। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने पानी की बौछार करके आग बुझाना शुरू किया। कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया जा सका। आग से कबाड़ को दबाने की मशीन के अलावा प्लास्टिक और गत्ता जल गया। करीब चार लाख रुपये का नुकसान हुआ। आग कैसे लगी यह साफ नहीं हो सका।

### दूसरे गोदाम में भी लगी आग

संभल, अमृत विचार : मल्ली सराय में जब अहसान के कबाड़ गोदाम में लगी आग पर काबू पा लिया गया तो दमकल कर्मी भी लौट गए। इस बीच कुछ दूरी पर स्थित इंतजार के कबाड़ गोदाम में भी आग धधक गई। आसपास के लोगों ने इकट्ठा होकर पानी डालकर आग पर काबू किया। यहां करीब 50 हजार रुपये का कबाड़ आग की भेंट चढ़ गया।

### चौकीदार ने ही लगाई थी कबाड़ के गोदाम में आग

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय निवासी असलम सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय में मुन्नी माता मंदिर के पीछे स्थित मुहल्ला मल्ली सराय में एहसान के कबाड़ के गोदाम पर चौकीदारी करता था। रुपये बढ़ाने की मांग की तो एहसान ने रुपये बढ़ाने से मना कर असलम को चौकीदारी से हटाने की बात कही थी। इसी बात को लेकर एहसान से नाराज होकर असलम ने गुरुवार की सुबह गोदाम में रखे कबाड़े के बोरे में आग लगा दी। सीसीटीवी कैमरे में असलम गोदाम में आग लगाता दिखाई दिया तो एहसान ने असलम को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।

## ट्राली का टायर फटा, गेहूं की बोरियों में दबा मजदूर

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में अचानक ट्रॉली का टायर फटने पर गेहूं की बोरियां सड़क पर गिरीं तो मजदूर भी उनके नीचे दब गया। आनन फानन में घायल मजदूर को निकालकर निजी डॉक्टर के यहां भर्ती कराया गया।

जनपद बदायूं के थाना जरीफनगर अंतर्गत गांव उस्मानपुर निवासी किसान मोहर सिंह बुधवार को रात करीब 150 क्विंटल गेहूं को ट्रैक्टर ट्राली में भरकर बबराला के लिए रवाना हुआ। जुनावई थाना क्षेत्र में गांव सैंजना मुस्लिम और जुनावई के बीच देर रात करीब दो बजे अचानक ट्रॉली का टायर फट गया।

ट्राली अनियंत्रित हुई तो गेहूं की बोरियां सड़क पर गिर गईं। बोरियों पर बैठा सहसवान थाना क्षेत्र के गांव भवानीपुर निवासी 20 वर्षीय शाह आलम भी नीचे गिरने पर बोरियों के नीचे दब गया। कड़ी मशक्कत कर शाह आलम को निकालकर घायलावस्था में निजी डॉक्टर के यहां भर्ती कराया गया।

# युवती को प्रेम में फंसाकर दुष्कर्म वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

कार्यालय संवाददाता, संभल

शोषण

- युवक के परिजनों ने शादी का भरोसा देकर युवती को चुप कराया लेकिन बाद में मुकरे
- शादी से इनकार कर युवती के घर जाकर दी गालियां

अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र में युवक ने प्रेमजाल में फंसाकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म का वीडियो बनाकर युवक ने कई माह तक युवती को ब्लैकमेल कर उसका शारीरिक शोषण किया। युवक के परिजनों ने शादी का भरोसा देकर युवती को चुप करा दिया लेकिन बाद में मुकर गए।

कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला चौधरी सराय निवासी युवक ने आते जाते दूसरे मुहल्ला निवासी युवती को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। आरोप है कि एक दिन घर बुलाकर युवक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया।

युवती का कहना है कि युवक ने चुपचाप अपने फोन से दुष्कर्म का वीडियो बना लिया। युवती कहना है कि इस घटना के बाद युवक ने वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये। युवती ने परेशान होकर परिजनों को बताया तो युवती के परिजनों ने युवक के घरवालों से शिकायत की। परिजनों ने युवक व युवती का जल्दी ही रिश्ता पक्का करने का भरोसा दिया। अब युवक व उसके परिजनों ने शादी से इनकार कर युवती के घर जाकर गाली गलौज की। गुरुवार को युवती अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची और तहरीर देकर युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## अंतिम संस्कार में आए लोगों में गंगा घाट पर मारपीट, दो घायल

बबराला, अमृत विचार : राजघाट गंगा तट पर शव के अंतिम संस्कार में शामिल होने गये कुछ लोग आपस में उलझ गए। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट हो गई। जिसमें दो युवक घायल हो गए।

गवां निवासी हरीचंद उर्फ ननुआ कलाबाज की मौत होने पर शव को अंतिम संस्कार के लिए गुरुवार को राजघाट गंगा तट पर लाया गया। अंतिम संस्कार में तमाम परिचित और नाते रिश्तेदार शामिल हुए। गवां निवासी मनोहर कलाबाज की भाई सुनील के ससुराल वालों के साथ कहासुनी हो गई। बात बढ़ी तो दोनों ओर से मारपीट होने लगी। मारपीट में मनोहर और जनपद हाथरस के रमनपुर निवासी संजय घायल हो गए। हालांकि पुलिस ने घटना की जानकारी होने से इनकार किया है।

# अधिवक्ता बेटे के अपहरण का झांसा देकर 65 हजार की ठगी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- अधिवक्ता के पिता के नंबर पर वाट्सएप कॉल कर की गई ठगी

अमृत विचार : बेटे का अपहरण कर लिए जाने की फर्जी खबर देकर अधिवक्ता के पिता से 65 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। मां ने बेटे मनीष नारायण को कॉल कर पता किया तो बेटा चेंबर में कार्य में व्यस्त था। अधिवक्ता ने पुलिस को मामले की जानकारी देते हुए तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के फड़याई बाजार निवासी मनीष नारायण पुत्र श्याम नारायण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह चन्दौसी न्यायालय में विधि व्यवसाय करने वाले अधिवक्ता हैं। 15 मई बुधवार की सुबह 10 बजे वह रोज की तरह जिला न्यायालय गए हुए थे। पिता श्याम नारायण गुप्ता के मोबाइल नंबर पर सुबह 11.20 बजे वाट्सएप नंबर से किसी अज्ञात व्यक्ति ने कॉल करके कहा कि हमने तुम्हारे बेटे मनीष का अपहरण कर लिया है। अगर उसे जिंदा देखना चाहते हो तो हमारे बताए फोन नंबर पर एक लाख रुपये भेज दो और धमकी दी कि अगर तुमने फोन काटा तो अभी के अभी तुम्हारे बेटे की हत्या कर देंगे। इकलौती संतान होने पर पिता डर गए ओर उन्होंने कॉल करने वाले व्यक्ति के बताए गए यूपीआई नंबर पर 20 हजार रुपये गूगल पे के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। इसी नंबर पर पुनः 20 हजार रुपये और फिर 25 हजार रुपये अलग-अलग खातों से गूगल पे के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए।

उसी समय फोन पर बातचीत के दौरान पिता ने माताजी को कान में जानकारी दी तो मां ने तत्काल अधिवक्ता बेटे को फोन किया तो पता चला कि बेटा मनीष चैंबर पर मौजूद है और न्यायालय के कार्य में व्यस्त है। तब पिता को ठगी का एहसास हुआ। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# प्रत्याशियों की हार-जीत पर फिर लगी 1.50 लाख की शर्त

कार्यालय संवाददाता,गुन्नौर/संभल



- दो लोगों के बीच हुआ लिखित अनुबंध, 50-50 हजार रुपये किए जमा

अमृत विचार : बदायूं लोकसभा सीट से प्रत्याशियों की हार-जीत को लेकर शर्त लगाने का एक और मामला सामने आया है। दो लोगों के बीच डेढ़-डेढ़ लाख रुपये की शर्त लगी है। इसके लिए लिखित अनुबंध किया गया है।

लोकसभा चुनाव को लेकर नतीजे सामने आने में अभी वक्त है लेकिन बदायूं लोकसभा सीट से प्रत्याशियों की हार-जीत को लेकर खूब शर्तें लगाई जा रही हैं। अब गुन्नौर थाना क्षेत्र के गांव पतेई कायस्थ निवासी संजय लम्बरदार और गांव डूडाबाग निवासी ओमप्रकाश के बीच शर्त लगी है। ई स्टाम्प पर हुए लिखित अनुबंध में कहा गया है कि भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य की जीत हुई तो ओमप्रकाश द्वारा संजय लम्बरदार को डेढ़ लाख रुपये दिए जाएंगे जबकि सपा उम्मीदवार आदित्य यादव विजयी होते हैं तो संजय लम्बरदार ओमप्रकाश को डेढ़ लाख रुपये देंगे। दोनों ने सहमति से 50-50 हजार रुपये दो जिम्मेदार लोगों के पास जमा कर दिए हैं। बहरहाल, गुन्नौर क्षेत्र में प्रत्याशियों की हार जीत पर लग रहीं शर्तों को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## कैशबैक का लालच देकर खाते से उड़ाए एक लाख

रजपुरा, अमृत विचार: रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव भीकमपुर जैनी निवासी एक युवक से एक लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई है। उसके पास एक नंबर से फोन आया और फोन पर लिंक शेयर किया। ऐप को डाउनलोड कराया। क्लिक करने पर युवक के खाते से एक लाख रुपए काट लिए।

गांव भीकमपुर जैनी निवासी पुष्पेंद्र कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि युवक के मोबाइल पर एक फोन आया और उसने पूछा कि आप फोनपे चलाते हैं क्या, युवक ने कहा चलाता हूं। इसके बाद उधर से फोन करने वाले ने कैशबैक का लालच देकर एक ऐप डाउनलोड करने को कहा। फोन करने वाले ने एप डाउनलोड कराने के लिए लिंक भेज दिया। युवक ने ऐप को डाउनलोड किया तो युवक के खाते से एक लाख रुपए कट गए। प युवक ने उस मोबाइल नंबर पर कॉल किया तो वह नंबर बंद आ रहा था। पीड़ित ने रजपुरा थाने में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



पुलिस अधीक्षक के साथ शूटिंग चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# निशानेबाजी में पदक हासिल कर लौटे खिलाड़ी सम्मानित

संवाददाता,बहजोई

- पुलिस अधीक्षक ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

अमृत विचार : स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में पदक पाने वाले खिलाड़ियों को पुलिस अधीक्षक ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों को आगे भी मेहनत कर अपना भविष्य उज्जवल बनाने काआह्वान किया।

राइफल क्लब द्वारा संचालित इंडोर शूटिंग रेंज के निशानेबाजों ने जिला मेरठ में हुई स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। 10 मीटर पिस्टल के मिनी चैंप ग्रुप में अग्रिमन ने पहला स्थान व मृत्युंजय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में 10 मीटर पिस्टल कैटेगरी में आकाश कुमार ने रजत पदक प्राप्त किया तथा 10 मीटर राइफल कैटेगरी में आशुतोष दीक्षित व हिमांशु यादव ने रजत पदक हासिल किया। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने पदक पाने वाले सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

एसपी ने कहा कि सभी खिलाड़ी आगे भी ऐसा ही प्रदर्शन करें। अपना भविष्य बनाकर देश का नाम रोशन करने का काम करें। इस दौरान उप क्रीड़ा अधिकारी प्रमिला भारती व कोच मयंक कुमार आदि मौजूद रहे।

यातायात — प्रशासन शहर में अतिक्रमण हटवाने के लिए नहीं उठा रहा कदम, जाम लगने पर दिक्कतों से जूझते हैं लोग

# अस्पताल मार्ग पर अवैध फल मंडी में जाम का कारण बना अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, संभल


जिला अस्पताल के निकट ठेलों की वजह से संकरी हुई सड़क।


सुभाष रोड पर नर्सिंग होम के बाहर लगा बाइकों का जमावड़ा।

- कई बार तो जाम में एंबुलेंस और पुलिस की गाड़ी भी फंस जाती है जिससे होती है दिक्कत

अमृत विचार : प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान नहीं चलाने के कारण अब दूसरे क्षेत्रों में भी अतिक्रमण पसरने लगा है। ताजा उदाहरण जिला अस्पताल मार्ग है, जहां सड़क के दोनों तरफ दिनभर अवैध रूप से फलों की मंडी लग रही है। कई फलों के ठेले खड़े रहने से अतिक्रमण हो रहा है तो वाहनों के आने पर जाम भी लगता है। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

शंकर इंटर कॉलेज चौराहा से ही जिला अस्पताल की तरफ रास्ता जाता है। इसी रास्ते पर कचहरी का भी गेट है। कचहरी और जिला अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। फिर भी जिला अस्पताल के मार्ग पर अवैध रूप से ठेले लगाकर फलों को बेचने का काम हो रहा है। आलम यह है कि सड़क के दोनों तरफ एक दो नहीं बल्कि दर्जनभर ठेले कतारबद्ध खड़े रहते हैं। जब लोग वाहन लेकर निकलते हैं तो अतिक्रमण के कारण फंसने पर जाम लग जाता है। कई बार तो जाम में एंबुलेंस और पुलिस की गाड़ी भी फंस जाती है।

ज्यादा परेशानी उन लोगों को होती है जो जरूरी काम निपटाने के लिए वाहनों से निकलते हैं और जाम फंस जाते हैं। बहरहाल, सुबह और शाम के वक्त इस मार्ग पर जाम के नजारे अक्सर देखने को मिलते हैं। फिर भी पुलिस प्रशासन गंभीर नहीं दिखाई दे रहा है। बताते चलें कि कई महीनों से अतिक्रमण हटाओ अभियान नहीं चलने के कारण शहर की तस्वीर बदतर हो रही है। मुख्य मार्गों, बाजारों के रास्तों पर अतिक्रमण पसर रहा है लेकिन सरकारी तंत्र कार्रवाई करने के मूड में नहीं दिख रहा है।

### अतिक्रमण से नहीं मिल रही निजात

चन्दौसी, अमृत विचार : निजी अस्पताल व बैंक के बाहर अक्सर दोपहिया वाहन को बेतरतीब खड़े कर दिए जाते हैं। जिससे अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। भीषण गर्मी में जाम में फंसे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसमें छात्र-छात्राओं को तो ज्यादा दिक्कत उठानी पड़ती है। मगर अतिक्रमण से निजात मिलती नजर नहीं आ रही है। शहर में निजी अस्पताल, चिकित्सकों की डिस्पेंसरी व बैंक काफी संख्या में हैं। लोग यहां आते हैं तो अपने दोपहिया वाहन खड़े कर देते हैं। बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण सड़क पर अन्य वाहन नहीं निकल पाते हैं। सुभाष रोड, मुरादाबाद रोड, बैंक रोड, फड़याई बाजार, पसरट्टा बाजार, सीता रोड, संभल गेट, बड़ा बाजार में जाम लग जाता है।

## भूमि चिह्नित करने को पहुंची टीम से अभद्रता

संभल/असमोली, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव खानपुर बंद में एमआरएफ सेंटर के लिए ग्राम समाज की भूमि चिन्हित करने गई राजस्व विभाग की टीम के साथ दो भाइयों और महिला ने अभद्रता कर दी। सरकारी काम में बाधा डालने और गाली गलौज करने के मामले में पुलिस को तहरीर दी गई।

गुरुवार को राजस्व विभाग के कानूनगो पंकज गुप्ता, लेखपाल पुष्पेंद्र कुमार, नीरज सिंह और सिराज उस्मानी की टीम पुलिस के साथ गांव खानपुर बंद पहुंची। टीम एमआरएफ सेंटर के लिए ग्राम समाज की भूमि चिन्हित करने लगी तो दो भाई और एक महिला पहुंच गए। सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए टीम के साथ अभद्रता शुरू कर दी। महिला और उसका पति जेसीबी के आगे आ गए तो पुलिस ने सख्ती की। पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। जिस पर महिला फिर से अभद्रता करने लगी।

सार-संक्षेप

## पशुशाला में लगी आग से तीन पशुओं की मौत

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में किसान की पशुशाला में अचानक आग लग गई। आग से जलकर तीन पशुओं की मौत हो गई जबकि चार पशु झुलस गए। दमकल कर्मियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। थाना क्षेत्र के गांव सिंघौला दौलत सिंह निवासी किसान रोशन सिंह की पशुशाला उनके घर के बराबर है। गुरुवार को शाम पशुशाला में अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आए पशु शोर मचाने लगे। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक तीन पशुओं की जलने से मौत हो गई जबकि चार पशु गंभीर रूप से झुलस गए। झुलसे पशुओं का उपचार शुरू किया।

## किशोरी से छेड़छाड़ में झोलाछाप सहित दो गिरफ्तार


पुलिस गिरफ्त में छेड़छाड़ के आरोपी।

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव तलवार निवासी झोलाछाप डॉक्टर नितिन व अरबाज निवासी थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर कला ने सोमवार की रात दवा देने घर पहुंचकर किशोरी के साथ छेड़छाड़ की थी। किशोरी के दादा ने मंगलवार को थाने में तहरीर देकर अरबाज व नितिन के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। गुरुवार को अरबाज व नितिन गांव तलवार के पास मनोटा चौधरपुर मार्ग पर यात्री शेड पर खड़े थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अरबाज व नितिन को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी कार्रवाई कर चालान कर दिया।

## छेड़छाड़ के विरोध पर किशोरी और बहन से मारपीट

संभल/रजपुरा अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गई किशोरी के साथ युवक ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर किशोरी और उसकी बड़ी बहन के साथ मारपीट की गई। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने रजपुरा थाने में तहरीर देकर कहा कि वह बड़ी बहन के साथ खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। आरोप है कि गांव का ही एक युवक पहुंचा तो किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। किशोर ने विरोध करते हुए शोर मचाया तो युवक का पिता भी मौके पर पहुंच गया। जिसके बाद किशोरी और उसकी बड़ी बहन के साथ मारपीट की गई। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## अलग अलग जगह से संपत्ति विवाद में तीन गिरफ्तार

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना पुलिस ने गुरुवार को अलग अलग जगहों से जमीन बंटवारे को लेकर आपस में गाली गलौज करने में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव सुरपुर निवासी श्रीपाल व कृष्णपाल आपस में जमीन बंटवारे को लेकर विवाद कर रहे थे। वहीं थाना क्षेत्र के गांव अर्थल निवासी भीमसेन भी जमीन बंटवारे को लेकर अपनी भाभी पत्नी ताराचंद के साथ गाली गलौज कर रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने श्रीपाल, कृष्णपाल और भीमसेन को गिरफ्तार कर लिया। कानूनी कार्रवाई कर पुलिस ने भीमसेन, श्रीपाल और कृष्णपाल का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।

## निजी स्कूल से नकदी सहित अन्य सामान चोरी

असमोली, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव शकरपुर सोत निवासी आदेश कुमार का गांव से मिलक जाने वाले रास्ते पर बाल विद्या पब्लिक स्कूल स्थित है। बुधवार की देर रात दीवार फांदकर चोर स्कूल में घुस गए। चोरों ने ऑफिस में रखी फोटो स्टेट मशीन, कंप्यूटर सिस्टम, दराज में रखी नकदी, मंदिर का दानपात्र और स्कूल की रसोई में रखा गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। गुरुवार की सुबह स्कूल खोलने पहुंचे आदेश कुमार को स्कूल में चोरी होने की जानकारी हुई। आसपास में सामान तलाश किया, लेकिन पता नहीं चला। आदेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर सामान बरामद करने की मांग की। बताया कि पहले भी कई बार स्कूल में चोरी हो चुकी है।

## सारथी पोर्टल हुआ बंद तो नहीं हुए डीएल के लिए टेस्ट

संभल, अमृत विचार : परिवहन विभाग का सारथी पोर्टल गुरुवार को साफ्टवेयर अपडेट करने के चलते बंद हो गया। जिस कारण एआरटीओ कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस के लिए टेस्ट की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी। आवेदकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आवेदक भटकने के बाद वापस लौटते नजर आए। इस बीच कार्यालय पर सारथी पोर्टल बंद होने को लेकर सूचना भी चस्पा कर दी गई। एआरटीओ प्रशासन डॉ .पीके सरोज ने बताया कि कार्य के चलते सारथी पोर्टल के 18 मई तक बंद रहने की बात सामने आ रही है। सर्वर आने पर ड्राइविंग लाइसेंस के स्लॉट को रिशेड्यूल किया जाएगा। जिसकी सूचना आवेदकों के मोबाइल नंबर पर पहुंचाई जाएगी।

## बीएलओ पर कार्रवाई न करने की मांग

संभल, अमृत विचार : राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ संभल के जिला संयोजक विकास यादव ने जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान संभल में बीएलओ के रूप में तैनात कुछ शिक्षक, शिक्षामित्रों से स्पष्टीकरण लिया गया है। मांग की कि किसी पर एकतरफा कार्रवाई न की जाए। पूरी तरह से जांच करा ली जाए। कहा कि कुछ मतदान कार्मिक प्रथम किस्त से वंचित रह गए हैं। खाता संख्या या आईएफएससी ड्यूटी लेटर में गलत थे। कुछ ने प्रशिक्षण के समय संशोधन के लिए प्रार्थना पत्र दिए लेकिन पहली किस्त का भुगतान नहीं हुआ। जिलाधिकारी से विचार करते हुए अवशेष चुनाव पारिश्रमिक भुगतान के लिए संबंधित को निर्देश दिए जाने की मांग की।

## किशोरी से सरेराह छेड़छाड़ करने वाला युवक गिरफ्तार

संभल/सिरसी, अमृत विचार : हजरत नगर गढ़ी थाना पुलिस ने किशोरी के साथ सरेराह छेड़छाड़ करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। युवक के कब्जे से किशोरी के फूफा के साथ मारपीट करने में इस्तेमाल लोहे की रॉड भी बरामद कर ली गई है। थाना क्षेत्र के गांव कासमपुर निवासी लवलेंद्र पर आरोप था कि उसने सोमवार को साइकिल से निजी स्कूल पढ़ने जा रही किशोरी के साथ रास्ते में रोककर छेड़छाड़ की थी। मौके पर पहुंचे किशोरी के फूफा ने छेड़छाड़ का विरोध किया तो लवलेंद्र ने लोहे की रॉड से हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि गुरुवार को लवलेंद्र कासमपुर से संभल चंदौसी मार्ग पर जाने वाली सड़क पर खड़ा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लवलेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। लवलेंद्र की निशानदेही पर लोहे की रॉड भी बरामद की गई है।

## नशे में धुत युवक ने मोबाइल टॉवर पर किया हंगामा

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव मऊ अस्सू में मोबाइल टॉवर पर चढ़ कर नशे में धुत युवक ने हंगामा कर दिया। मौके पर पुलिस पहुंची तो युवक फरार हो गया। गांव मऊ अस्सू के पास निजी कंपनी का मोबाइल टॉवर है। जिस पर कार्यरत समीर मिश्रा ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि पिछले कुछ दिनों से गांव का एक युवक आए दिन नशे की हालत में पहुंच टॉवर के पास हंगामा करता हैं, कभी टॉवर पर चढ़ जाता है तो कभी सामान तोड़ देता है। मना करने पर मारपीट पर उतारू हो जाता है। गुरुवार को भी युवक टॉवर पर चढ़ने का प्रयास कर रहा था, जब उसे रोका तो गाली-गलौज व हंगामा करना शुरू कर दिया। घटना की सूचना 112 पुलिस को दी। मगर पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गया।

## शिक्षकों की समस्याओं को लेकर महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

बहजोई, अमृत विचार : राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से जुड़े पदाधिकारियों ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर बीएसए को ज्ञापन सौंपा। समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। जिला संयोजक विकास यादव के नेतृत्व में बीएसए चंद्रशेखर को ज्ञापन सौंप कर कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रशिक्षण में प्रतिभागी शिक्षकों के जल पान तथा भोजन के लिए आनुषंगिक व्यय का भुगतान अद्यतन नहीं किया गया है। ऑनलाइन अवकाश लिए जाने के बाद भी निरीक्षण में शिक्षकों को अनुपस्थित दिखाया गया है। कम छात्र उपस्थिति वाले विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा अपना स्पष्टीकरण देने के बाद भी उनकी वेतन बहाली का आदेश जारी नहीं किया गया है।


## नोडल अधिकारी ने दो अवैध क्लीनिक और लैब की सील

संभल/रजपुरा अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने दो अवैध क्लीनिक और एक पैथोलॉजी लैब को सील किया। गुरुवार को नोडल अधिकारी डॉ .विरास यादव पुलिस टीम के साथ गवां में स्थित मुटैना मोड़ पर अवैध रूप से चल रहे अवैध क्लीनिक पर पहुंचे। नोडल अधिकारी ने क्लीनिक को सील किया। वहीं गांव सैतुआ में मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहे अवैध क्लीनिक को भी सील करने की कार्रवाई की। गांव चाऊपुर डांडा में अवैध रूप से चल रही निशांत पैथोलॉअी लैब को सील गया।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में नामांकन के दौरान दो दिन प्रवास करने के एक दिन बाद ही फिर से उत्तर प्रदेश में खासतौर पर पूर्वांचल के रण में हल्ला बोल दिया है। तपती-चुभती भीषण गर्मी की परवाह किए बिना मोदी ने गुरुवार को चार लोकसभा क्षेत्रों प्रतापगढ़, आजमगढ़, जौनपुर (मछली शहर) और भदोही में रैलियां करके बता दिया कि इस बार यहां वह कोई सीट खोना नहीं चाहते हैं। माना जा रहा है कि इन चार सभाओं से मोदी ने करीब एक दर्जन लोकसभा सीटों को साधने का प्रयास किया। जौनपुर से 2019 में बसपा के श्याम सिंह यादव ने जीत दर्ज की थी, तो मछली शहर में भाजपा के बीपी सरोज को 181 वोट के मामूली अंतर से जीत मिली थी। पूर्वांचल में आजमगढ़ के बाद जौनपुर को ही सपा का गढ़ माना जाता है। ऐसे में आजमगढ़ और जौनपुर में जीत के समीकरण साधने के साथ ही मोदी ने आसपास की चार और लोकसभा सीटों पर भी अपना संदेश फैला दिया है। प्रतापगढ़ से सुल्तानपुर और कौशांबी, अमेठी, रायबरेली और जौनपुर की सीमा लगती है। इसी तरह भदोही में जहां मोदी की सभा हुई वहां से वाराणसी, फूलपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर और जौनपुर लोकसभा क्षेत्र की दूरी केवल 35 किमी ही थी।**

# पूर्वांचल का रण जीतने के लिए भाजपा ने शुरू की चढ़ाई

**2019**
में पूर्वांचल की 26 लोकसभा सीटों में भाजपा 17 पर ही जीत पाई थी चुनाव






## मुकाबला कांटे का

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल की चुनावी जंग जातीय समीकरणों के लिहाज से कठिन मानी जाती है। प्रदेश के इस हिस्से में जातियों का प्रभाव बहुत ज्यादा है। भाजपा ने इसे भांपते हुए ही प्रदेश में अपने लिए जिन चार सहयोगियों को चुना था, उनमें लोकदल को छोड़कर सुभासपा, अपना दल और निषाद पार्टी इसी इलाके से आती हैं। इसके बावजूद पिछली बार सात सीटों पर मिली हार को देखते हुए पीएम मोदी ने इस बार खुद आगे बढ़कर मोर्चा संभाल लिया है।

माना जा रहा है कि मोदी का पूरा फोकस अब पूर्वांचल क्षेत्र में ही रहने वाला है। तीन-चार दिनों के अंतर से वह पूर्वांचल के रण में फिर से धावा बोल सकते हैं, इसकी एक वजह इसी क्षेत्र में आने वाली उनकी वाराणसी सीट भी है, जिस पर सातवें और अंतिम चरण में मतदान होना है।

### सपा और बसपा ने कमजोर सीटों पर बिछाया है जातीय समीकरण का मजबूत जाल

- पूर्वांचल में 11 लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन पर सपा और बसपा जीत नहीं हासिल कर सकी है। सपा को वाराणसी, बस्ती, संत कबीर नगर, कुशीनगर और भदोही में जीत नहीं नसीब हुई है, जबकि बसपा वाराणसी, गोरखपुर, महाराजगंज, कुशीनगर, बासगांव और बलिया में जीत हासिल करने से दूर है। इस बार दोनों दलों ने अपनी कमजोर सीटों पर जातीय चक्रव्यूह का मजबूत ताना-बाना बुना है।

### प्रदेश में 80% लेकिन पूर्वांचल में स्ट्राइक रेट था 65%

- पूर्वांचल में कुल 26 लोकसभा सीटें आती हैं। 2019 में भाजपा इन 26 में 17 सीटों पर ही चुनाव जीत पाई थी। दो सीटों राबट्र्सगंज और मिर्जापुर पर उसके सहयोगी अपना दल (एस) ने जीत हासिल की थी, जबकि गाजीपुर, घोसी, आजमगढ़, लालगंज, श्रावस्ती, जौनपुर समेत सात लोकसभा सीटों पर सपा-बसपा का गठबंधन बाजी मारने में कामयाब रहा था। पूर्वांचल में भाजपा का स्ट्राइक रेट 65 फीसदी था, जो कि प्रदेश के ओवर आल स्ट्राइक रेट 80 फीसदी से काफी नीचे था। ऐसे में मिशन-80 और 400 पार के लिए इस बार भाजपा को यूपी में भी दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा, हिमाचल और गुजरात जैसे 100 फीसदी सफलता वाले स्ट्राइक रेट की जरूरत है।
- साल 2019 के लोकसभा चुनाव में आजमगढ़, लालगंज, घोसी, गाजीपुर, जौनपुर, श्रावस्ती और अंबेडकर नगर सीट पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। इनमें आजमगढ़ से सपा जबकि अन्य जगह बसपा के सांसद चुने गए थे। इस बार माना जा रहा है कि ज्यादातर सीटों पर भाजपा की लड़ाई इंडिया गठबंधन में सपा-कांग्रेस के गठजोड़ से है। जानकार भदोही सीट को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला बता रहे हैं। भदोही सीट पर भाजपा और टीएमसी में सीधी लड़ाई है। सपा ने यह सीट टीएमसी के लिए छोड़ी थी। टीएमसी से यहां ललितेश पति त्रिपाठी चुनाव मैदान में हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उनके लिए सभा करने आने वाली हैं।

- वाराणसी में दो दिन प्रवास के एक दिन बाद ही चार रैलियां करके पीएम मोदी ने धावा बोला
- दो सीटों राबट्र्सगंज और मिर्जापुर में भाजपा की सहयोगी अपना दल (एस) को मिली थी 2019 में जीत
- गाजीपुर,घोसी,आजमगढ़, लालगंज,श्रावस्ती और जौनपुर में सपा-बसपा गठबंधन ने मारी थी पिछली बार बाजी

### पिछली बार था 50-50 का स्कोर, चार रैलियों से जीत की गारंटी का भरा जोश

इस बार भाजपा ने आजमगढ़ से सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, प्रतापगढ़ से सांसद संगमलाल गुप्ता, मछली शहर से सांसद बीपी सरोज, लालगंज सीट पर पिछली बार हारीं नीलम सोनकर, जौनपुर से कृपाशंकर सिंह और भदोही से अपने सांसद रमेश बिंद की जगह विनोद कुमार बिंद को चुनावी मैदान में उतारा है। 2019 के चुनाव में भाजपा इन छह लोकसभा सीटों में तीन पर ही जीत हासिल कर सकी थी। हालांकि 2022 में हुए उपचुनाव में आजमगढ़ सीट जीत ली थी। इस तरह से चार सीटों पर उसका कब्जा है और दो सीटें बसपा के पास हैं। गुरुवार को चार रैलियां करके पीएम मोदी इन सभी छह सीटों पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जीत का जोश भर दिया है।


## आखिर कितनी सीटों पर होगा धनंजय और राजा भैया के फैसलों का असर

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** पूर्वांचल की जातीय सियासत में ओबीसी, दलित और सवर्ण तीनों वोटर अहम भूमिका में रहते हैं। इसके आधार पर ही इस बार भी यहां भाजपा, सपा और बसपा ने अपनी चुनावी बिसात बिछा रखी है। इसी क्रम में भाजपा ने अपना जातीय गणित दुरुस्त करते हुए जौनपुर में बाहुबली धनंजय सिंह का साथ हासिल कर लिया है। धनंजय ने जौनपुर और मछलीशहर सीट पर भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया है, लेकिन प्रतापगढ़ में राजा भैया का साथ भाजपा को नहीं मिल सका है। कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भैया' ने अपने समर्थकों को अपनी पसंद से वोट देने के लिए कहा है। इससे जानकार भाजपा के लिए प्रतापगढ़ और कौशांबी सीट पर राह थोड़ी मुश्किल भरी होना मान रहे हैं। लेकिन धनंजय सिंह के खुले समर्थन से कयास हैं कि जौनपुर के साथ ही पूर्वांचल की कई सीटों पर भाजपा को फायदा हो सकता है। धनंजय का अपनी ठाकुर बिरादरी में खासा प्रभाव है। जौनपुर में दो लाख से ज्यादा ठाकुर वोट हैं। धनंजय के समर्थन से पिछली बार जौनपुर सीट हारने वाली भाजपा अब राहत महसूस कर रही है। जौनपुर में अब तक हुए 17 चुनावों में 11 बार ठाकुर उम्मीदवारों को ही जीत मिली है। इस बार यहां भाजपा के कृपाशंकर सिंह का सपा-कांग्रेस गठबंधन के बाबू सिंह कुशवाहा और बसपा के सांसद श्याम सिंह यादव से मुकाबला है। जानकारों की माने तो जौनपुर के अलावा प्रतापगढ़, गाजीपुर, बलिया, अयोध्या, भदोही, चंदौली, मछलीशहर, घोसी, सोनभद्र और वाराणसी सीटों पर भी ठाकुर मतदाता अच्छी संख्या में हैं।

**सपा उठा सकती फायदा?:** कौशांबी से सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज ने भी राजा भैया से मुलाकात की थी। बताते हैं, 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज की आपत्तिजनक टिप्पणी पर राजा भैया के कानूनी सलाहकार ने मानहानि का मुकदमा दाखिल किया था। पिता-पुत्र ने राजा भैया से समर्थन मांगते हुए पुराने गिले शिकवे भूलने की बात कही थी। सपा सूत्रों की माने तो जनसत्ता दल के मुखिया ने पुरानी बात का भुला दिया है। कौशांबी में भाजपा ने दो बार के सांसद विनोद सोनकर को तीसरी बार चुनाव मैदान में उतारा है। बसपा से शुभ नारायण गौतम चुनाव लड़ रहे हैं। सपा प्रत्याशी 25 साल के पुष्पेंद्र सरोज लंदन से पढ़कर लौटे हैं। कौशांबी (सुरक्षित) लोकसभा की कुंडा और बाबागंज विधानसभा प्रतापगढ़ जनपद में आती हैं। इन दोनों विधान सभा क्षेत्र में राजा भैया का दबदबा चलता है।


विधायक रघुराज प्रताप सिंह।


बाहुबली धनंजय सिंह।

### ... जब जन सत्ता दल से बनते-बनते रह गई बात

धनंजय सिंह के साथ ही भाजपा कुंडा के विधायक और जनसत्ता दल के संस्थापक राजा भैया का भी समर्थन हासिल करना चाहती थी, लेकिन यह काम उससे मैनेज नहीं हो पाया। दावा किया है जा रहा है कि इसके पीछे राजा भैया की भाजपा के कौशांबी से सांसद विनोद सोनकर से कथित तौर पर नाराजगी रही। हालांकि भाजपा नेता केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के साथ कौशांबी से भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर ने राजा भैया से मिलकर समर्थन मांगा था। इससे पहले राजा भैया की गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात हुई थी।

## लालू की बेटियां दिखा पाएंगी कमाल

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की दो बेटियां मीसा भारती पाटिलपुत्र व रोहिणी आचार्य सारण लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। मीसा का यह तीसरा चुनाव है, वह दो बार हार चुकी हैं, जबकि सिंगापुर से आयीं रोहिणी राजनीतिक पारी शुरू कर रही हैं। सारण सीट पर भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी का मुकाबला राजद की रोहिणी आचार्य से है। सारण सीट पर रोहिणी के पिता लालू प्रसाद और मां पूर्व सीएम राबड़ी देवी को हार का स्वाद चखना पड़ा था, ऐसे में बड़ा सवाल है कि क्या रोहिणी उन दोनों की हार का बदला ले पाएंगी। सारण से लालू प्रसाद यादव 1977, 1989, 2004 और 2009 में चार बार सांसद रह चुके हैं। भाजपा के राजीव प्रताप रूडी भी यहां से चार बार 1996, 1999, 2014 और 2019 में चुनाव जीत चुके हैं।


मीसा भारती।


रोहिणी आचार्य।

- **सारण में पिता लालू प्रसाद और मां राबड़ी देवी की हार का बदला ले पाएंगी रोहिणी आचार्य**

रूडी इस बार पांचवी जीत के साथ लगातार जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में हैं। 2009 के चुनाव में रूडी ने लालू प्रसाद यादव ने हराया था। 2014 में रूडी ने लालू प्रसाद की पत्नी और पूर्व सीएम राबड़ी देवी को भी हरा दिया था। 2019 में उन्होंने राजद के चंद्रिका राय को एक लाख से अधिक वोटों से मात दी थी। राजद ने रोहिणी के लिए ताकत झोंक रखी है। लालू प्रसाद कई बार प्रचार करने आ चुके हैं।

**दो चुनाव हार चुकी हैं मीसा भारती :** पाटलिपुत्र लोकसभा सीट पर भी दिलचस्प मुकाबला हो रहा है। यहां से तीसरी बार राम कृपाल यादव और लालू प्रसाद की पुत्री मीसा भारती आमने-सामने हैं। मीसा ने 2014 और 2019 में भी यहां से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार का सामना करना पड़ा था। दोनों बार भाजपा के रामकृपाल यादव ने शिकस्त दी थी। इस बार भी मीसा भारती के खिलाफ रामकृपाल यादव ही मैदान में हैं। हालांकि इस बार असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी की एंट्री से समीकरण बिगड़ गए हैं। ओवैसी ने यहां इंजीनियर फारुख रजा को मैदान में उतारा है। वह पूर्व में राजद से जुड़े रहे हैं। पाटलिपुत्र लोकसभा सीट पर करीब 17 लाख मतदाताओं में सबसे ज्यादा यादव हैं, जिनकी संख्या करीब चार लाख है। भूमिहार मतदाता तीन लाख, एक लाख से अधिक ब्राह्मण, पौने दो लाख कुर्मी और डेढ़ लाख मुस्लिम और बाकी दलित व अन्य मतदाता हैं।

### जीत की अरदास


पंजाब में प्रचार के लिएपहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ अमृतसर में स्वर्ण मंदिर पहुंचकर माथा टेका और चुनावी सफलता की कामना की।

## हावड़ा में फुटबालर प्रसून बनर्जी चौका लगाने की कोशिश में जुटे

चुनाव डेस्क

**अमृत विचारः** हावड़ा लोकसभा सीट पर इस बार त्रिकोणीय संघर्ष का मैदान बन गया है। भाजपा से डॉ. रथिन चक्रवर्ती और सीपीआई (एम) के सब्यसाची चटर्जी का मुकाबला तृणमूल कांग्रेस के सांसद प्रसून बनर्जी से हो रहा है। हावड़ा को कोलकाता का जुड़वां शहर माना जाता है। यहां स्थित हावड़ा ब्रिज या रवींद्र सेतु दुनिया में अपनी तरह का छठा सबसे लंबा पुल है। फुटबॉलर प्रसून बनर्जी ने 2013 में टीएमसी सांसद अंबिका बनर्जी की मृत्यु के बाद हुए उपचुनाव में यहां जीत हासिल की थी और तब से उन्होंने इस सीट पर कब्जा जमा रखा है। हावड़ा घनी आबादी वाला काफी हद तक अनियोजित इलाका है। एक समय में यहां तमाम लौह ढलाई के कारखाने थे जिनमें विभिन्न राज्यों के लोग कार्यरत थे। हावड़ा लोकसभा सीट पर 25 फीसदी से अधिक गैर-बंगाली मतदाता हैं, जो राजस्थान, बिहार या उत्तर प्रदेश से आकर यहां बसे हैं। हावड़ा के सात विधानसभा क्षेत्रों बाली, हावड़ा उत्तर, हावड़ा मध्य, शिबपुर, हावड़ा दक्षिण, सांकराइल और पंचला सभी पर टीएमसी का कब्जा है। 2019 के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के प्रसून बनर्जी 5,76,711 वोट पाकर जीते थे। भाजपा के रंतिदेव सेनगुप्ता 4,73,016 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर थे। सीपीआई (एम) के सुमित्रो अधिकारी 1,05,547 वोट तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के प्रसून बनर्जी ने सीपीएम के श्रीदीप भट्टाचार्य को हराया था। प्रसून बनर्जी को 488461 वोट जबकि सीपीएम के भट्टाचार्य को 291505 वोट मिले थे। भाजपा ने 22.05 फीसदी वोट पाए थे, जबकि कांग्रेस 5.62 फीसदी वोट पर ही सिमट गई थी।

# झारखंड में सीटें बचाने की चुनौती के लिए छिड़ा संग्राम

## पांचवें चरण में हजारीबाग, कोडरमा और चतरा के साथ गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव में पड़ेंगे वोट

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचारः** झारखंड में भाजपा लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की तीनों सीटें बरकरार रखने के लिए संघर्ष करती नजर आ रही है। राज्य में लोकसभा की तीन सीटों हजारीबाग, कोडरमा और चतरा के साथ गांडेय विधानसभा सीट के उपचुनाव में भी 20 मई को मतदान होगा। गांडेय में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन झामुमो उम्मीदवार के रूप में भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाए हैं। गांडेय विधानसभा सीट झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। सरफराज अब झामुमो से राज्यसभा के सदस्य हैं। इस बार के चुनाव में जहा कांग्रेस एक बार फिर से झामुमो और राजद के साथ गठबंधन में लड़ रही है, वहीं भाजपा को ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (एजेएसयू) समर्थन दे रही है।

### हजारीबाग को कांटे के संघर्ष में मिलेगा इस बार नया चेहरा

हजारीबाग लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा करते थे। बाद में उनके बेटे जयंत सिन्हा दो बार इस सीट से जीतकर केंद्रीय मंत्री बने। लेकिन 1998 के बाद यह पहला चुनाव है जब अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में केंद्रीय वित्त और विदेश मंत्री रहे तथा विपक्ष के संयुक्त प्रत्याशी के रूप में राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने वाले यशवंत सिन्हा के परिवार का कोई भी सदस्य इस सीट से चुनाव नहीं लड़ रहा है। 2009 से हज़ारीबाग में भाजपा जीत रही है। 2009 में यशवंत सिन्हा के जीतने के बाद उनके बेटे जयंत सिन्हा ने 2014 और 2019 में दो बार जीत हासिल की थी। 2019 में जयंत सिन्हा ने कांग्रेस उम्मीदवार गोपाल प्रसाद साहू को 4,79,548 वोटों के बड़े अंतर से हराया था। उन्हें 67.42% यानी 7,28,798 वोट मिले थे। इतनी बड़ी जीत के बाद भी भाजपा ने जयंत के स्थान पर मनीष जयसवाल को उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतारा है, जो इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल का मुकाबला कर रहे हैं। कुर्मी उप-समुदाय के नेता जय प्रकाश पटेल झामुमो के सह-संस्थापक टेक लाल महतो के पुत्र हैं। पहले वह झामुमो में थे लेकिन बाद में भाजपा में चले गए और लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हो गए थे। जयप्रकाश पटेल ने कांग्रेस में जाने के लिए हज़ारीबाग सीट के मांडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। इस बार दोनों प्रत्याशी नए होने से यह तय है कि हज़ारीबाग की जनता को सांसद के रूप में नया चेहरा मिलेगा। फिलहाल यहां करीबी संघर्ष होते नजर आ रहा है। इसकी वजह पटेल का मांडू से पूर्व विधायक होना है, वह तीन बार इस विधानसभा से जीत चुके हैं। कांग्रेस ने आखिरी बार यह सीट 1984 में जीती थी जब दामोदर पांडे ने सीपीआई उम्मीदवार को हराया था।


मनीष जयसवाल।


जय प्रकाश भाई पटेल।

### चतरा में ओबीसी, एससी-एसटी वोटर तीन चौथाई, मुकाबला ब्राह्मण और भूमिहार में

चतरा लोकसभा सीट पर अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एसटी) का वर्चस्व है। तीनों समुदायों का संयुक्त रूप से 75% से अधिक वोट शेयर है, लेकिन यहां मुकाबला भूमिहार और ब्राह्मण उम्मीदवारों के बीच हो रहा है। इस बार दोनों प्रत्याशी स्थानीय होने से इतना तय है कि पहली बार कोई स्थानीय व्यक्ति चतरा का सांसद बनेगा। भाजपा ने अपने दो बार के सांसद सुनील कुमार सिंह, जिन्होंने 2014 और 2019 में चतरा सीट जीती थी, के स्थान पर भूमिहार जाति से आने वाले कालीचरण सिंह को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने भी पिछला चुनाव हारने वाले मनोज कुमार यादव की जगह ब्राह्मण नेता पूर्व मंत्री कृष्णनंदन त्रिपाठी पर दांव लगाया है। भाजपा प्रत्याशी शिक्षक कालीचरण को चुनाव लड़ने का अनुभव नहीं है। वह प्रधानमंत्री की लोकप्रियता के सहारे जीत की उम्मीद लगाए हैं। वह पीएम का चेहरा आगे करके स्थानीय समीकरण साधके हुए कैडर वोट एकजुट करने में लगे हैं, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार जातीय समीकरण और राजद के वोटरों को साथ रखते हुए गुटबाजी दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा के लिए राहत की बात यह है कि बसपा से पूर्व सांसद नागमणि के मैदान में उतरने से कुर्मी-कोइरी वोट में सेंधमारी की संभावना है। बिहार के रहने वाले नागमणि अविभाजित बिहार के समय 1999 में लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। चतरा लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र सिमरिया, चतरा, मनिका, लातेहार और पांकी शामिल हैं।


अन्नपूर्णा देवी।


विनोद सिंह।


जय प्रकाश वर्मा।

### कोडरमा में त्रिकोणीय संघर्ष में फंसीं केंद्रीय मंत्री

कोडरमा लोकसभा सीट पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी लगातार दूसरी बार भाजपा उम्मीदवार के रूप में बगोदर से तीन बार के विधायक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के प्रत्याशी विनोद सिंह के खिलाफ मैदान में हैं। यहां झामुमो के बागी नेता पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने मुकाबले को लगभग त्रिकोणीय बना दिया है। कोडरमा को अगर भाजपा का गढ़ कहा जाता है, तो यह इलाका अपनी अभ्रक बेल्ट के लिए भी प्रसिद्ध है। 1977 में अस्तित्व में आई कोडरमा लोकसभा सीट पर अब तक 16 बार लोकसभा चुनाव हुए हैं। इनमें आठ बार भाजपा ने कमल खिलाया है। कांग्रेस को सिर्फ तीन बार जीत मिली है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में गांडेय विधानसभा के अलावा बगोदर, जमुआ, धनवार और कोडरमा विधानसभा सीटें आती हैं। यादव और कुशवाह जाति के मतदाता यहां बड़ी संख्या में होने के कारण चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्ष 2004 में बिहार से अलग राज्य बनने के बाद कोडरमा का प्रतिनिधित्व झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने किया था। अन्नपूर्णा देवी पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव से पूर्व वह भाजपा में शामिल हो गई थीं। इसके बाद भाजपा ने उन्हें कोडरमा से लोकसभा की प्रत्याशी बनाया था। अन्नपूर्णा देवी ने 2019 के चुनाव में झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) से मैदान में उतरे बाबूलाल मरांडी को हरा दिया था। अन्नपूर्णा देवी को 64.3% वोट मिले जबकि मरांडी 24.6% वोट ही हासिल कर पाए थे। उनकी जीत का अंतर 4.55 लाख वोट था। इस तरह कोडरमा से राजद के टिकट पर 2014 का विधानसभा चुनाव हारने वाली अन्नपूर्णा देवी पांच साल बाद भाजपा सांसद बन गईं। मरांडी जैसे दिग्गज नेता को हराने के इनाम के रूप में उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। जुलाई 2021 में मोदी मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ, तो उस समय भाजपा और जदयू में खींचतान चल रही थी। अन्नपूर्णा देवी को इसका फायदा मिला और यादव कोटे से वह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री बन गईं। उनका कद और बढ़ गया। माना जा रहा है कि बगोदर से विधायक कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के प्रत्याशी विनोद सिंह राजद के समर्थन से यादव वोटों में सेंधमारी कर पाने पर ही अन्नपूर्णा देवी के लिए चुनौती बन सकते हैं।

## अपनी ढपली अपना राग



देश की गरीबी हटाने का दावा करने वाले राहुल गांधी 15 वर्षों में अमेठी की गरीबी तो हटा नहीं पाए वो देश की गरीबी क्या हटाएंगे। - स्मृति ईरानी



भाजपा ने 10 वर्षों में मोटरसाइकिल की कीमत दोगुनी कर दी है। अगर भाजपा सरकार फिर आ गई तो फौज की नौकरी के बाद अब पुलिस की तीन साल की नौकरी हो जाएगी। - अखिलेश यादव



आजादी के बाद से ज्यादातर समय कांग्रेस के हाथ में सत्ता रही, जो गलत नीतियों के कारण सत्ता से बाहर हो गई। अब भाजपा भी जाने वाली है। -मायावती



किसानों को प्रधानमंत्री मोदी ने धोखा दिया। मोदी ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून बनाने की बात की थी, लेकिन कानून तो छोड़िए किसानों की इतनी दुर्दशा इस सरकार ने कर दी कि किसी और की नहीं हुई। - पवन खेड़ा

# मतों के ध्रुवीकरण में ब्राह्मण कभी नहीं रहा शामिल

## 2009 पुनर्गठित कैसरगंज सीट पर सबसे अधिक हैं ब्राह्मण मतदाता

## हर बार जनेऊ जोड़ने की मुहिम हुई है धराशायी

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार :** कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र का रहस्य किसी से छिपा नहीं है। ब्राह्मण इस सीट के खेवनहार रहे हैं। क्षेत्रवाद, जातिवाद और धर्म के नाम पर मतों का ध्रुवीकरण होता रहा है लेकिन इनमें ब्राह्मण कभी शामिल नहीं रहा। जीतने वाले क्षत्रप किसी जाति धर्म संप्रदाय के रहे हों लेकिन जो जीता वही सिकंदर साबित हुआ और और ब्राह्मण वोटर हमेशा उसी के साथ खड़ा रहा है।

2009 में लोकसभा व विधानसभा सीटों के परिसीमन के तय हुए क्षेत्र पर जातिवार आधिपत्य स्थापित करने की मंशा कामयाब नहीं हो पाई। 2009 के पहले कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र का फैलाव बाराबंकी तक रहा और अपने सजातीय वोटरों के भरोसे बेनी प्रसाद वर्मा जीतते रहे।



इस सीट पर रुद्रसेन चौधरी से लेकर रानावीर सिंह सहित तमाम दिग्गज लोकसभा की ड्योढ़ी पर पहुंचे। लेकिन पुनर्गठित कैसरगंज लोकसभा पर राजनीतिक दलों का ब्राह्मण कार्ड कभी सफल नहीं हुआ। वर्ष 2009 के चुनाव में बसपा से सुरेंद्र नाथ अवस्थी और भाजपा से लालता प्रसाद मिश्र को मैदान में उतारा गया। लेकिन दोनों का वोट प्रतिशत 21-21 रहा। इसमें ब्राह्मण के साथ अन्य जातियों का वोट शेयर शामिल रहा।

दोनों ब्राह्मण उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा था। इसी तरह 2014 में चार प्रमुख दलों के उम्मीदवारों में एक मात्र ब्राह्मण उम्मीदवार के रूप में बसपा से कृष्ण कुमार ओझा मैदान में थे लेकिन इकलौते ब्राह्मण उम्मीदवार का वोट प्रतिशत घट कर 15.6 हो गया।

2019 में भी एक मात्र ब्राह्मण प्रत्याशी विनय कुमार पांडेय कांग्रेस के टिकट पर मैदान पर थे। लेकिन उनका वोट प्रतिशत कुल 3.84 प्रतिशत पर जाकर सिमट गया। यानि ब्राह्मण के नाम पर राजनीति में इंट्री करने की कोशिश करने वालों को ब्राह्मणों ने दूर भगा दिया है। 2024 में भी सपा ने ब्राह्मण कार्ड खेलने की कोशिश में भगत राम मिश्र को मैदान में उतार दिया है। लेकिन ब्राह्मण वोटरों के रुझान व इतिहास से यह कयास लगाना कि ब्राह्मण कार्ड सफल होगा यह सही नहीं है।

### सबसे अधिक हैं ब्राह्मण वोटर पर निर्णायक नहीं

कैसरगंज लोकसभा में करीब 4 .5 लाख ब्राह्मण मतदाता हैं। इनमें कटरा बाजार व तरबगंज में दो लाख से अधिक हैं और करनैलगंज में भी क्षत्रिय, मुस्लिम व अन्य जातियों के साथ ब्राह्मण वोटों की बहुलता है। पयागपुर में भी विशेश्वरगंज ब्लाक में सबसे अधिक ब्राह्मण मतदाता हैं। ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या तो सबसे अधिक हैं परंतु ये निर्णायक नहीं रहे हैं।

### कैसरगंज का ब्राह्मण मतदाता किसी दल से बंधा नहीं

कटरा बाजार के पप्पू शुक्ल कहते हैं कि कैसरगंज का ब्राह्मण मतदाता किसी राजनीतिक दल से बंधा नहीं हैं। उन्हें जहां सम्मान मिलता है वह वहीं चले जाते हैं। धार्मिक आस्था के कारण उनका नरम रुख होता है। जिस तरह अन्य जातियों में रूढ़ियों की जकड़न है और अपने बिरादरी की ललक होती है ब्राह्मणों में नहीं होती है। सत्यम तिवारी कहते हैं हिंदूवादी छवि के साथ सम्मान के भूखे होते हैं।

**लोकसभा चुनाव- 2009**

| प्रत्याशी | मिले वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|
| बृजभूषण शरण सिंह | 196063 | 34.7% |
| सुरेंद्र नाथ अवस्थी | 123864 | 21.9% |
| डा एलपी मिश्रा | 120561 | 21.3% |
| मोहम्मद अलीम | 73140 | 12.9% |

**लोकसभा चुनाव-2014**

| प्रत्याशी | मिले वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|
| बृजभूषण शरण सिंह | 381500 | 40.4% |
| विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह | 303282 | 32.1% |
| कृष्ण कुमार ओझा | 146726 | 15.6% |
| मुकेश श्रीवास्तव | 57401 | 6.1% |

**लोकसभा चुनाव-2019**

| प्रत्याशी | मिले वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|
| बृजभूषण शरण सिंह | 581358 | 60.04% |
| चंद्रदेव राम यादव | 319757 | 33.02% |
| विनय कुमार पांडेय | 37132 | 3.84% |

## चुनावी चक्कर

**● राहुल के कारण चर्चा में है मिथुन की दुकान :**

राहुल गांधी इन दिनों निरन्तर चुनावी दौरों पर हैं। इस बीच वह कुछ ऐसे पल निकालते हैं, जिससे उनका आम जन के प्रति निकट से जुड़ाव झलकता है। इसी क्रम में रायबरेली में पिछले दिनों एक नाई की दुकान पर उनकी एक ऐसी ही तस्वीर सामने आई है, जहां वे अपने बाल कटवाने और दाढ़ी ट्रिम कराने के लिए पहुंचे। हालांकि, अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच से राहुल गांधी अक्सर ऐसे-ऐसे क्षण साझा करते हैं, जिससे उनकी जमीनी छवि भी सामने आती है। ऐसा ही एक पल रायबरेली में उनका नाई की दुकान पर पहुंचना भी रहा। उस वक्त न्यू मुंबा देवी हेयर कटिंग सैलून चलाने वाला मिथुन कुमार अचरज से भर गया था, जब राहुल गांधी अचानक सैलून में अंदर आ गए और उन्होंने दाढ़ी ट्रिम करने को कहा। इसके बाद तो रायबरेली में अचानक मिथुन के सैलून की चर्चा बढ़ गई। इस बीच, राहुल गांधी के जाने के बाद मिथुन से मीडिया वालों ने संपर्क किया। बातचीत में मिथुन ने कहा कि उन्होंने कभी इस बात की कल्पना भी नहीं की थी कि कभी राहुल गांधी जैसा बड़ा नेता उनकी दुकान पर आएगा। फिलहाल मिथुन की दुकान पर ग्राहक बढ़ गए हैं।




जर्जर मार्ग को लेकर मतदान का विरोध करते ग्रामीण। -अमृत विचार

# रोड नहीं तो वोट नहीं, लगा दिया बैनर

तारुन, अयोध्या

**● सड़क बनाने के लिए वर्ष भर पहले प्रधान व ग्रामीणों ने लिखा था बीडीओ को पत्र**

**अमृत विचार :** यहां चुनाव बहिष्कार के लिए जनता तैयार है, रोड नहीं तो वोट नहीं यह बैनर लगा है तारुन नंसा मार्ग अंतर्गत सहसीपुर पहुंच मार्ग पर।

इस अनुसूचित बाहुल्य ग्राम पंचायत का पहुंच मार्ग की निर्माण कब हुआ था, उसके बारे में युवा वर्ग अनजान है। सड़क की हालत ऐसी हो गई है कि उस पर तारकोल का नामोनिशान तक नहीं है। सड़क पर अगर कुछ दिखाई दे रहा है तो वह है बड़ी बड़ी गिट्टियां। उसपर पैदल चलना है तो अपने को बचा कर ही चलना पड़ता है।

सड़क बनाने का वादा चुनाव शुरू होने पर सभी प्रत्याशी करते है, लेकिन जीतते ही किया गया वादा सभी भूल जाते है। ग्रामसभा निवासी बब्बन, राकेश पांडेय, मायाराम वर्मा, अमित, देवमणि, धर्मेंद्र, राम गणेश, मो फारुख, सुनील आदि ने बताया कि सड़क का निर्माण न होने से इस बार हम सभी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का मन बना लिए है। यह अकेले सहसीपुर सम्पर्क मार्ग का ही हाल नहीं है। पारा गरीबशाह से ददरा एवं टिकरी से पिछौरा तक वर्षों पूर्व बनाई गई सड़क की हालत इससे भी बदतर हो गयी है, जिसपर चलना ही क्षेत्र वासियों ने छोड़ दिया है। पिछौरा के ग्राम प्रधान नन्हकू प्रसाद सहित ग्राम वासियों ने अधिशाषी अभियंता प्रांतीय खण्ड लोकनिर्माण विभाग को साल भर पूर्व रजिस्टर्ड पत्र देकर सड़क के निर्माण की मांग किया था, लेकिन विभाग मौन रहा।

## सोनिया आज रायबरेली में जनसभा को करेंगी संबोधित

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी शुक्रवार को रायबरेली में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी, जबकि अमेठी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने बताया कि रायबरेली में सोनिया गांधी चुनाव सभा को संबोधित कर पार्टी प्रत्याशी राहुल गांधी को जिताने की अपील करेंगी। इस दौरान मंच पर राहुल के साथ ही, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा व सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि अमेठी में चुनावी सभा के पहले राहुल गांधी नंद महर धाम में दर्शन करेंगे। इसके बाद संयुक्त जनसभा में राहुल-अखिलेश कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा को जिताने की अपील करेंगे। उन्होंने बताया कि चुनावी सभा के लिए सोनिया गांधी रायबरेली में पहुंच गई हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि रायबरेली की राजनीति के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक होगा, क्योंकि यह पहली बार हो रहा है, जब एक ही दिन में कई दिग्गजों का जमावड़ा लग रहा है।

# मतदाताओं की खामोशी ने बढ़ाई उम्मीदवारों की धड़कन

## अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर भाजपा और सपा के बीच टक्कर

## बसपा मुस्लिम उम्मीदवार उतार कर किले को बचाने में जुटी

सुभाष गुप्ता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** लोहिया की धरती और बहुजन समाज पार्टी के किले के रूप में पहचान बन चुकी अंबेडकरनगर संसदीय सीट पर चुनाव 6वें चरण में 25 मई को होना है। भले ही इस चुनाव में प्रमुख राजनीतिक पार्टी भाजपा, बसपा और सपा के नेता मतदाताओं की गणेश परिक्रमा कर अपनी-अपनी पार्टी की जीत का दावा कर रहे हो, लेकिन चुनाव की करीब आ रही तारीख और मतदाताओं की खामोशी ने उनकी धड़कनों को बढ़ा दिया है।

इस सीट पर सबसे ज्यादा चुप्पी मुस्लिम और वैश्य समाज के मतदाता साधे हुए हैं। हालांकि इन दोनों समाज के नेता जिस दल में हैं वह सभी इन दोनों समाजों का वोट अपनी-अपनी पार्टी में मिलने का दावा कर रहे हैं। वैश्य समाज भाजपा का मतदाता माना जाता है। जबकि मुस्लिम मतदाताओं के बारे में चर्चा रहती है कि उनका वोट अक्सर ही भाजपा को हराने वाली पार्टी को जाता है। जिसके कारण अंबेडकरनगर संसदीय सीट पर भाजपा को हराने के लिए सपा और बसपा दोनों ही



रितेश पांडे



लालजी वर्मा



कमर हयात

दम भर रहे हैं। फिलहाल इस बार लोकसभा सीट पर लड़ाई भाजपा और समाजवादी पार्टी के बीच में मानी जा रही है। लोकसभा सीट पर भाजपा जहां अपनी जीत को एक तरफा मान कर चल रही है।

वहीं जनपद की पांचों विधानसभाओं पर जीत का परचम फहराने के कारण सपा अपनी लड़ाई को भाजपा से ही मान रही है। जबकि बसपा ने अपने सिटिंग सांसद के भाजपा में शामिल होकर भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने पर मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर अपने किले को बचाने की कवायद में जुट गई है। लोकसभा सीट पर बसपा ने जिस रणनीति के तहत मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट दिया है। यदि उसमें उसे कामयाबी मिलती है तो यहां पर लड़ाई त्रिकोणीय भी हो सकती है। हालांकि मुस्लिम मतदाताओं की खामोशी से सपा और बसपा के प्रत्याशी और कार्यकर्ता दोनों ही बेचैन है।



नए परिसीमन के बाद अनारक्षित श्रेणी में आई लोकसभा की इस सीट पर हुए अब तक हुए चुनाव की बात करें तो इस सीट पर बसपा का ही पलड़ा भारी रहा है। 2009 व 2019 में बसपा ने दो बार जीत का परचम फहराया है। जबकि 2014 के चुनाव में भाजपा को जीत मिली थी। जबकि सपा का इस सीट पर अभी तक खाता नहीं खुल पाया है।

**● 25 को होना है अंबेडकरनगर संसदीय सीट पर छठे चरण में मतदान**

## 2009 व 2019 में बसपा ने दो बार जीत का परचम फहराया जबकि 2014 के चुनाव में भाजपा को मिली थी जीत


### जातीय समीकरण को लेकर गुणा-गणित तेज

लोकसभा चुनावी की बिसात पर जातिगत समीकरण को लेकर भी गुणा-गणित तेज हो गई है। जातीय समीकरण की बात करें तो लगभग साढ़े 18 लाख मतदाताओं वाले इस संसदीय सीट पर दलित मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है। जो 3 से 4 लाख के बीच बताई जा रही है। दलित मतदाता बसपा के वोट बैंक माने जाते हैं। बसपा ने यहां पर मुस्लिम प्रत्याशी के रूप में कमर हयात को उतार कर दो से ढाई लाख के करीब मुस्लिम मतदाताओं को अपने पाले में कर अपना यह किला बचाने का दावा करती दिख रही है। फिलहाल 25 को मतदान होने के बाद पार्टियों के नेताओं और कार्यकर्ताओं के द्वारा की जा रही मतदाताओं की गणेश परिक्रमा तो समाप्त हो जाएगी। लेकिन सभी प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के द्वारा किए जा रहे अपनी-अपनी जीत के दाव पर मोहर 4 जून को गिनते के बाद ही लग पाएगी।

### उम्मीदवार कर रहे हैं अपनी-अपनी जीत का दावा

भाजपा उम्मीदवार रितेश पांडे क्षत्रिय, ब्राह्मण, वैश्य मतदाताओं के साथ अन्य पिछड़ी जातियों व मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ पाए दलित व मुस्लिम मतदाताओं को भी अपने पक्ष में मतदान करने का दावा करते हुए इस सीट पर 2014 का इतिहास दोहराने का ख्वाब संजोए हैं। बसपा से कद्दावर नेता के रूप में पहचान बना चुके सपा के प्रत्याशी लाल जी वर्मा सपा के एम-वाई समीकरण के साथ स्वजातीय कुर्मी मतदाताओं व बसपा में मौजूद अपने चहेते कार्यकर्ताओं के सहारे सपा के लिए अब तक उबड़-खाबड़ रही अंबेडकरनगर संसदीय सीट पर साइकिल की रफ्तार तेज कर हर सभा में जीत का दावा कर रहे हैं।


### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| रितेश पांडे | 564,118 |
| मुकुट बिहारी | 4,68,238 |
| प्रेमनाथ निषाद | 2,390 |

2019 नोटा 11,344

### 2014 में किसको कितने वोट




2014 नोटा 7,422

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | हरिओम पांडे | 4,32,104 |
| बसपा | राकेश पांडे | 2,92,675 |
| सपा | राम मूर्ति वर्मा | 2,34,467 |
| कांग्रेस | अशोक सिंह | 22,775 |
| एमएडीपी | सुरेश कुमार बौद्ध | 7,694 |

# विकास के सपने देखती रही बलरामपुर व श्रावस्ती क्षेत्र की जनता

## विभिन्न पार्टियों ने स्थानीय सांसदों को कभी टिकने का मौका ही नहीं दिया

## जाति व धार्मिक समीकरण से चुने जाने के कारण विकास का मुद्दा रहता है पीछे


रमेश चंद्र गुप्ता,तुलसीपुर/बलरामपुर

**अमृत विचार:** श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र की जनता हमेशा बाहरी नेताओं को संसद भवन पहुंचाकर अपने विकास के सपने देखती रही लेकिन वह बेकार और बेबुनियाद साबित हुआ । अब श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र की जनता इस संसदीय चुनाव के बढ़ते माहौल को देखते हुए यह कह रही है कि हमने तो इस संसदीय क्षेत्र से ऐसे सांसद को दिया जो देश के प्रधानमंत्री भी रहे । 2024 के संसदीय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी साकेत मिश्रा तथा समाजवादी पार्टी से निवर्तमान सांसद राम शिरोमणि वर्मा, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी मोइनुद्दीन खान उर्फ हाजी दद्दन खान बड़ी मशक्कत करके भारत के सबसे बड़ी अदालत संसद भवन पहुंचने की फिराक में दिन-रात एक किए हुए हैं।

बलरामपुर संसदीय क्षेत्र की जनता ने चुनाव के दौरान 1952 से लेकर 2019 तक जितने भी सांसद को चुनकर संसद भेजा उनमें अधिकांश बाहरी प्रत्याशी रहे जो मौके का फायदा उठाकर जनता से मत लेकर संसद भवन तो पहुंच गए लेकिन दोबारा लौटकर नहीं आए। बलरामपुर संसदीय क्षेत्र की जनता का हाल वैसे तो श्रावस्ती बलरामपुर संसदीय क्षेत्र जब एक हुआ तब भी ऐसा होता रहा। जैसे इस क्षेत्र की जनता की मानसिकता बन चुकी हो कि हम अपनों के सिर पर ताज पहनना नहीं देख सकते है।

अगर एक नजर डाली जाए इस लोकसभा चुनाव में तो एक तरफ तो भारतीय जनता पार्टी ने ऐसा पार्टी प्रत्याशी बनाया है जो अपने श्रावस्ती क्षेत्र में चलकर ये मान रहे हैं कि मेरे ननिहाल की राजनीतिक विरासत के चलते श्रावस्ती क्षेत्र की जनता मुझे सांसद बनाकर भेजेगी। क्योंकि भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा पूर्व के नौकरशाह होने के साथ-साथ पीएम के पूर्व सलाहकार तथा श्री राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा के पुत्र भी हैं। अगर दूसरी तरफ देखा जाए तो निवर्तमान सांसद राम शिरोमणि वर्मा 2019 में बहुजन समाज पार्टी के बैनर तले चुनाव में बाजी मारकर सांसद बन गए थे। लेकिन 5 साल हो ऐसे गायब रहे जैसे कि मानो कुछ हुआ ही ना हो। जब 2024 का चुनाव आया क्योंकि यह व्यापारी होने के नाते व्यापार का गुणा भाग लगाकर पाला बदलकर समाजवादी पार्टी के बैनर तले इंडी गठबंधन का प्रत्याशी बनकर श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र में आ गए। चुनावी गुणा भाग में परिपक्व हो गए राम शिरोमणि वर्मा ने देखा इस क्षेत्र की जनता धार्मिक और जातीय भावनाओं में उलझ कर रह जाती है तो इन्होंने जातीय भावनाओं से काम चालू किया।

सुबह उनके श्रावस्ती कटरा के आवास पर भारी भीड़ रहती है । मतदाता चुपचाप तमाशा देख रहा है। जनता किसको अपने मतों से सांसद बनाएंगे यह आने वाली 4 जून को ही पता चल पाएगा।




# राजा भइया की दरियादिली या सपा से नजदीकी..

## सपा प्रत्याशी पर दर्ज कराये मुकदमे को वापस लेंगे कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह

कुण्डा, प्रतापगढ़

**अमृत विचार:** कौशाम्बी लोकसभा सीट पर राजनीतिक परिस्थितियां प्रतिदिन नया मोड़ ले रही हैं। ऐसा ही अब एक नया मामला सामने आया है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज द्वारा रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के विरुद्ध बोले गए अमर्यादित टिप्पणी को लेकर मुकदमा दर्ज कर गया था। मामले में रघुराज प्रताप सिंह ने मतदान के ठीक चार दिन पहले सपा प्रत्याशी पर दर्ज कराया मुकदमे को वापस ले लिया। इस घटनाक्रम को लेकर चर्चाओं पर गौर करें तो लोग इसे राजा भइया की दरियादिली और सपा से नजदीकी को देख रहे हैं।

बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान वर्ष 2019 में सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज द्वारा जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर चुनाव माहौल को गर्म कर दिया था। जिसे लेकर जनसत्ता दल के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश दिखा और लोगों की भावनाएं आहत हुई थी। जिसके बाद सपा प्रत्याशी के विरुद्ध न्यायालय में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया गया था। उक्त मुकदमा इस समय एमपी एमएलए कोर्ट संख्या 14 में विचारधीन है। जिसमें



इंद्रजीत सरोज

न्यायालय ने धारा 500 संहिता के तहत सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज को तलब किया है। राजा भइया के अधिवक्ता हनुमान प्रसाद पांडेय ने बताया कि 13 मई की शाम इंद्रजीत सरोज अपने बेटे पुष्पेंद्र सरोज जो वर्तमान में समाजवादी पार्टी से कौशांबी लोकसभा के प्रत्याशी व अन्य लोगों के साथ बेंती कोठी पहुंचे थे।

उन्होंने रघुराज प्रताप से मिलकर उनसे आग्रह किया और पूर्व में हुए गिले शिकवे टिप्पणी व गलत बयान बाजी को भूलने का आग्रह करते हुए राजनीतिक शुचिता को बनाये रखने का प्रयास किया। इस कारण से राजा भइया अब सभी बातों को भूलकर न्यायालय में दाखिल मानहानि के मुकदमे को खत्म करने की तैयारी की हैं। राजा भइया द्वारा दाखिल मानहानि का मुकदमा अब न्यायालय में समाप्त कर लिया जाएगा। राजा भइया के चचेरे भाई व एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी ने बताया कि सपा नेता इंद्रजीत सरोज पर दर्ज मुकदमा जल्द ही वापस कर लिया जाएगा। कोई गिला शिकवा नहीं है,राजनीतिक शुचिता बनी रहनी चाहिए।



### सबसे धनवान प्रत्याशी भाजपा की मेनका गांधी, 162 में से 38 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज

# छठे चरण में धनबलियों की भरमार, 59 उम्मीदवार करोड़पति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** छठे चरण के चुनाव में सबसे धनवान प्रत्याशी भाजपा की मेनका गांधी हैं और सबसे ज्यादा आपराधिक मुकदमे सपा के बाबू सिंह कुशवाहा पर हैं। चुनाव लड़ने वाले 162 प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच में 59 उम्मीदवार करोड़पति हैं। 38 प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, इनमें 21 पर गंभीर मामले हैं।

उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा 14 निर्वाचन क्षेत्रों के नामांकनों पत्रों की जांच रिपोर्ट के आधार पर करोड़पति प्रत्याशियों में भाजपा सबसे आगे है, उसके सभी 14 उम्मीदवार करोड़पति हैं। जिनकी औसतन संपत्ति लगभग 28 करोड़ हैं। दूसरे नंबर पर सपा के 12 में 11 करोड़पति प्रत्याशियों के आधार पर औसतन संपत्ति 13 करोड़ हैं। वहीं, बसपा के 14 में से 9 प्रत्याशी करोड़पति हैं, औसतन संपत्ति चार करोड़ है।

धनवान प्रत्याशियों की बात करें तो सुल्तानपुर से भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी हैं। जिनकी संपत्ति लगभग 97 करोड़ के आसपास है। फूलपुर से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे प्रवीन पटेल के पास करीब 64 करोड़ रुपये की संपत्ति है। वहीं, प्रतापगढ़ से सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह पटेल के पास लगभग 46 करोड़ के आसपास की संपत्ति है।


मेनका गांधी। संपत्ति- 97 करोड़।


बाबू सिंह कुशवाहा। 25 आपराधिक मामले।

**अनपढ़ प्रत्याशी नहीं :** छठे चरण में कोई प्रत्याशी असाक्षर या अनपढ़ नहीं है। उच्च शिक्षित उम्मीदवार सबसे ज्यादा 105 हैं, 5वीं और 12वीं के बीच शिक्षा ग्रहण करने वाले 51 प्रत्याशी हैं। डिप्लोमा धारक तीन प्रत्याशी हैं और तीन उम्मीदवार मात्र साक्षर हैं।

**27 प्रत्याशी 60 वर्ष से ज्यादा, 10 महिला प्रत्याशी मैदान में :** छठे चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, सन्तकबीर नगर, लालगंज (सु.), आजमगढ़, जौनपुर, मछली शहर (सु.) और भदोही में चुनाव है। इन सीटों पर कुल 162 प्रत्याशियों में मात्र 10 महिलाएं हैं और 61 से 80 साल की आयु के प्रत्याशियों की संख्या 27 है। वहीं, 25 से 40 वर्ष के बीच के 60 प्रत्याशी, सबसे ज्यादा उम्मीदवार 41 से 60 साल के बीच के हैं, जिनकी संख्या 75 है।

#### आपराधिक इतिहास वाले प्रत्याशी भी कम नहीं

छठे चरण के 38 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। कई पर तो गंभीर धाराओं में मुकदमे हैं। जौनपुर लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा पर 25 आपराधिक मामले दर्ज हैं। बसपा सरकार में मंत्री रहे बाबू सिंह का एनएचएम घोटालों में नाम आया था, जिसके बाद मायावती ने पार्टी से उन्हें निष्कासित कर दिया था। यूपी इलेक्शन वॉच एडीआर संजय सिंह ने बताया कि दूसरे नम्बर पर सुल्तानपुर सीट से सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद पर आठ मामले दर्ज हैं। वहीं, तीसरे नंबर पर मोइनुद्दीन अहमद खान जो बसपा से श्रावस्ती के उम्मीदवार हैं, उनके ऊपर 10 मुकदमे पंजीकृत हैं। दलवार देखें तो बसपा के कुल चार प्रत्याशियों पर, भाजपा के छह, सपा के नौ प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

#### सबसे गरीब प्रत्याशी

छठे चरण में प्रतापगढ़ से एसयूसीआई (सी) के प्रत्याशी राम कुमार यादव के पास मात्र 1686 रुपए हैं, दूसरे नंबर पर मछली शहर से निर्दलीय प्रत्याशी सुबास के पास मात्र 10 हज़ार रुपये और तीसरे नंबर पर मछली शहर से ही समाज परिवर्तन पार्टी की प्रत्याशी उर्मिला ने अपनी कुल संपत्ति 34 हज़ार रुपये बताई है।

## एनपीएस के बाद नियुक्त अध्यापकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुरानी पेंशन योजना से संबंधित मामले में महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए कहा कि नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू होने की तिथि के बाद नियुक्त होने वाले सहायक अध्यापकों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिलेगा। भले ही उनका चयन एनपीएस लागू होने से पूर्व हो गया हो। यह आदेश न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने गाजीपुर की सुषमा यादव की विशेष अपील को खारिज करते हुए दिया।

याचिका में एकलपीठ के 4 मार्च 2024 के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें एकल पीठ ने याची को पुरानी पेंशन का लाभ देने से इनकार कर दिया था। याची का कहना था कि उसका चयन 1 अप्रैल 2005 को एनपीएस लागू होने की तिथि से पूर्व का है, इसलिए उसे पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाना चाहिए। 8 मार्च 1998 को सहायक अध्यापक पद पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी हुआ था, जिसमें याची ने आवेदन किया था। मगर उसकी बीटीसी की डिग्री मध्य प्रदेश की होने के कारण उसका चयन नहीं हुआ।

अंततः हाईकोर्ट के आदेश के बाद याची को 2006 को नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। उसने पुरानी पेंशन के लिए प्रत्यावेदन दिया। मगर उन्होंने स्वीकार नहीं किया। याची का कहना था कि चयन प्रक्रिया 1998 में शुरू हुई जिसमें वह शामिल हुई। मगर नियोजकों ने उसे पूरा नहीं किया और कोर्ट के आदेश के बाद उसे 2006 में नौकरी मिल सकी।

## राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित तीन पर रिपोर्ट

**अमेठी, अमृत विचार :** एक दिन पहले राजपूतों के बीच जाकर भाजपा को वोट न देने की शपथ दिलवाना राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष को महंगा पड़ गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष का शपथ दिलाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष समेत तीन पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बुधवार को अमेठी पहुंचे राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने भाले सुल्तान थाना क्षेत्र के सादीपुर गांव में भैरवनाथ बाबा मंदिर के प्रांगण में क्षत्रिय समाज के लोगों के साथ बैठक की थी। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मौके पर मौजूद लोगों को लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट न देने की अपील करते हुए शपथ दिलाई। राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष का क्षत्रिय समाज को लोगों को शपथ दिलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लेते हुए एसआई सोहनलाल की तहरीर पर राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना] सादीपुर निवासी अवधेश सिंह व भरत कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# साइबर ठगों ने लगाई टेलीकॉम कंपनियों और बैंकों में सेंध

### चीन के मोबाइल एप से हैक करते है सिस्टम, निकाल लेते हैं डाटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बैंक कर्मचारियों की मिली भगत से मिलती है खातों की जानकारी

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों ने सुनियोजित तरीके से टेलीकॉम कंपनियों और बैंकों में सेंध लगा दी है। बिना खाताधारक की जानकारी के खातों से रकम निकालने के कुछ मामलों में एसटीएफ निजी बैंक और टेलीकॉम कंपनियों के कर्मचारी और एजेंटों को गिरफ्तार भी कर चुकी है।

साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक बृजेश यादव के मुताबिक इसमें जालसाजों का नेटवर्क काम करता है। गिरोह के सदस्य बैंक कर्मचारियों से संपर्क करते हैं। उनको मोटी रकम का लालच देकर एक बार में सैकड़ों खातों की जानकारी हासिल कर लेते हैं। वहीं, कुछ सदस्य टेलीकॉम कंपनियों के कर्मचारियों के संपर्क में रहते हैं। जो आसानी से मोबाइल नंबर उपलब्ध कराते हैं। साथ ही कुछ एजेंट और कर्मचारी प्री एक्टिवेटेड सिम भी मुहैया कराते हैं। साइबर ठगों के कुछ गिरोह आम लोगों को जिस तरह चीन के एप के जरिये ठगते है, उसी तरह के एप का प्रयोग कर बैंक व टेलीकॉम कंपनियों के कर्मचारियों के मोबाइल व डेस्कटॉप हैक कर लेते हैं।



साइबर ठगी के मामले में दर्जनों बैंक कर्मचारी गिरफ्तार हो चुके है। इसमें बैंक मैनेजर, कैशियर व लोन दिलाने वाले शामिल है। हाल ही में एक महीने पहले वाराणसी पुलिस ने रिटायर्ड शिक्षिका से साढ़े तीन करोड़ की ठगी करने के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसमें अयोध्या के पुरानी सब्जी मंडी निवासी सरफराज आलम और नुरूलहुदा शामिल है। सरफराज आईसीआईसीआई बैंक लखनऊ में रीजनल हेड और नुरूलहुदा लखनऊ एचडीएफसी बैंक का कैशियर है। इसके अलावा एसटीएफ ने दो साल पहले नोएडा से 10 जालसाजों को गिरफ्तार किया। उनमें एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक की दो महिला कर्मचारी सहित चार लोग शामिल थे जो साइबर ठगों को खातों की डिटेल उपलब्ध कराते थे।

जालसाज बैंक खातों की जानकारी हासिल करने के लिए मोटी रकम खर्च करते है। 50 लाख रुपये से अधिक के खातों की जानकारी देने वाले कर्मचारी 25 से 50 हजार रुपये दिए जाते है।

#### इन एप का करते हैं प्रयोग

हेलो, वी चैट, वीबो, शेयरइट, क्यूक्यू मेल, लिवयू, एपीयूएस, एएमओआर, वीगो, मीटू, वीवा, एमआई, मेल मास्टर और वीमैट का प्रयोग करते है। इसके अलावा कुछ अन्य एप जैसे टीम व्हीवर, एनी डेस्क, इनसाइडर, इंस्टॉल बैक ट्रैक ऑन एंड्रायड, फिंग नेटवर्क, डब्ल्यूपीएस और जांटी।

## बार काउंसिल ऑफ यूपी के सचिव बने सेवानिवृत्त न्यायाधीश



**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** राज्य विधिज्ञ परिषद उत्तर प्रदेश में 12 मई 2024 को हुई बैठक में सर्वसम्मति से राम किशोर शुक्ला, अपर जिला जज (सेवानिवृत्त) को सचिव पद पर नियुक्त किया गया। नव नियुक्त सचिव को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़, बार काउंसिल के सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष क्रमशः इमरान माबूद खान, पांचूराम मौर्य, अजय यादव, जानकी शरण पांडेय, देवेंद्र मिश्रा 'नगरहा', पूर्व उपाध्यक्ष राकेश पाठक, प्रशांत सिंह अटल आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। यह जानकारी बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ ने दी है।

# जेल में बंद आजम खां से मिले प्रदेश सचिव व मुरादाबाद से आये दो सपा नेता

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** जिला कारागार में बंद सजायाफ्ता कैदी और पूर्व मंत्री आजम खां से सपा के प्रदेश सचिव और रामपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान ने गुरुवार को मुलाकात की। मुरादाबाद से आये दो सपा नेताओं ने भी मुलाकात कर उनका हाल जाना है। लोकसभा चुनाव के बीच यह मुलाकात अहम मानी जा रही है। जेल में करीब 1 घंटे 10 तक चली मुलाकात के दौरान सपा नेताओं ने आजम को कुछ कागजात और खाने की चींजे भेंटकर राजनीति को लेकर गहन चर्चा की।

फर्जी जन्मप्रमाण पत्र मामले में रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम खां, पत्नी और बेटे को 7-7 साल की सजा जुर्माने के साथ सुनाई थी। रामपुर में दो दिनों तक रहने के बाद आजम खां को सीतापुर जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। गुरुवार को जेल में मुलाकात के लिए पहुंचे रामपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान, मुरादाबाद से आये सपा नेता आरिज अख्तर और मोहम्मद सलीम ने आजम से मुलाकात की। जेल में चली मुलाकात के दौरान रामपुर और मुरादाबाद के राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान आजम ने चुनाव में चल रही गतिविधि को लेकर भी चर्चा की। लोकसभा चुनाव के दौरान परिवार को छोड़कर राजनीतिक लोगों से आजम की यह तीसरी मुलाकात है।

#### आजम का सीतापुर जेल से पुराना नाता



समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान लगभग डेढ़ साल बाद 22 अक्टूबर 2023 को एक बार फिर सीतापुर जेल शिफ्ट किए गए थे। मालूम हो कि रामपुर में फर्जी आयु प्रमाण पत्र मामले में कोर्ट से सजा मिलने के बाद उनके बेटे अब्दुल्ला को हरदोई जेल शिफ्ट कर दिया गया था। इसके बाद उनके पिता आजम खान को सीतापुर जेल भेज दिया गया था। वहीं आजम की पत्नी तंजीम फातिमा रामपुर जिला जेल में ही रखी गई है। 22 अक्टूबर से आजम खां सीतापुर जेल की तन्हाई बैरिक में सजा काट रहे है। इस दौरान वह तीन बार रामपुर कोर्ट भी पेशी के लिए जा चुके है। बताया जाता है कि आजम खान इससे लगभग 27 महीने तक सीतापुर में विचाराधीन बंदी के रूप में बंद रहे थे। इसी जेल में काफी समय तक उनकी पत्नी और बेटे अब्दुल्ला भी उनके साथ रहे थे। आजम खान बीते 20 मई 2022 को जमानत मिलने के बाद सीतापुर जेल से रिहा हुए थे।

## शराब के लिए पैसे न देने पर बेटे ने पिता को कुल्हाड़ी से काट डाला

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पुलिस ने हत्यारोपी पुत्र अखिलेश को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** शराब पीने के लिए पैसे न देने से नाराज पुत्र ने पिता पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, पुलिस क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकांत गौड़ और थानाध्यक्ष खरेला ने घटना स्थल पर पहुंचकर जाचं पड़ताल की और टीमें गठित कर हमलावर को गिरफ्तार कर लिया।

थाना खरेला के ग्राम पाठा निवासी इंद्रपाल साहू (52) पुत्र स्वामीदीन साहू अपने पुत्र के शराबी होने के कारण उसकी डर की वजह से वह पशुबाड़े में सोते थे। अखिलेश के शराब के लती होने के कारण वह आए दिन पिता को परेशान करता रहता था। बुधवार की रात को वह अपने पशुबाड़े में सो रहा था, तभी अखिलेश कुल्हाड़ी लेकर वहां पहुंच गया और शराब के लिए पैसे मांगने लगा, पिता ने पैसे देने से मना किया तो गाली गलौज करते हुए कुल्हाड़ी से पिता पर कई वार कर दिये जिससे वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया। जमीन पर गिरने के बाद पुत्र ने पत्थर से पिता के सिर को कुचल दिया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

सूचना पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों से पूछताछ कर की। ग्रामीणों ने बताया कि अखिलेश साहू शराब का लती था। उसके शराब के लती होने के कारण उसकी पत्नी दस साल पहले उसे छोड़कर अपने मायके चली गई थी। शराब के लिए आए दिन पिता से पैसे की मांग करता था। घर के मुखिया की मौत से परिजनों के सामने अब रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है।

## 21 लाख के गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफ ने गाजीपुर जिले के जंगीपुर से अंतर्राज्यीय स्तर पर गांजा सप्लाई करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को 21 लाख रुपये के गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों तस्करों में एक आजमगढ़ तो दूसरा गाजीपुर का निवासी है।

एसटीएफ के डीएसपी प्रमेश शुक्ला ने बताया कि विगत कुछ दिनों से एसटीएफ को असम, उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश आदि राज्यों से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिल रही थी। इस दौरान एसटीएफ की एक टीम गाजीपुर पहुंची। टीम को सूचना मिली कि कुछ लोग असम राज्य से गांजे की बड़ी खेप लेकर ट्रक से आजमगढ़ पहुंचने वाले हैं। एसटीएफ ने शक के आधार पर जंगीपुर के पास एक ट्रक को रोककर तलाशी ली, जिसमें भारी मात्रा में गांजा छिपाकर रखा गया था।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि, शाही ईदगाह मामले की सुनवाई 20 को होगी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में 16 मई को भी वाद की पोषणीयता को लेकर 3 घंटे सुनवाई चलने के बाद मामले को 20 मई के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया है। गुरुवार को मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता ने तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि गलत तथ्यों के आधार पर यह वाद दायर किया गया है। इस पर हिंदू पक्ष की ओर से सिविल वाद को व्याख्यायित किया गया। हिंदू पक्ष की ओर से यह भी कहा गया कि सुन्नी वक्फ बोर्ड न्यायालय की प्रक्रिया में सहयोग नहीं कर रहा है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट और संस्थान के अधिवक्ता हरेराम त्रिपाठी व प्रणय ओझा ने संयुक्त रूप से 7 मई के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि कोर्ट की ओर से बार-बार समय देने के बाद भी सुन्नी वक्फ बोर्ड की ओर से आवश्यक शपथ पत्र पक्षकारों को उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। दूसरी ओर वाद संख्या तीन, चार और पांच की ओर से अधिवक्ता विनय शर्मा ने पक्ष रखते हुए कहा कि प्रस्तुत मामले में विशेष उपासना अधिनियम, परिसीमा अधिनियम, वक्फ एक्ट के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

ईदगाह का पूरा क्षेत्र भगवान का गर्भगृह है। विपक्षी के पास ऐसा कोई रिकार्ड उपलब्ध नहीं है, जिससे यह सिद्ध होता हो कि सीपीसी का आदेश 7 नियम 11 इस वाद पर लागू नहीं होता है। मालूम हो कि हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले से जुड़ी 18 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की जा रही है।

### वर्ग पहेली-72

**बाएं से दाएं**

1. 1. तेज़ दौड़ने वाला 2. फुरतीला।

3. 1. कमल, पद्म, कुईं 2. कनकचंपा, कनिआरी 3. सारस 4. (पुराण) कुश द्वीप में स्थित एक पर्वत।

6. 1. रास्ता भूलना 2. भ्रम में पड़ना 3. व्यर्थ में इधर-उधर घूमते फिरना, मारे-मारे फिरना 4. बहकना, गुमराह होना।

7. न्योछावर करना, उत्सर्ग करना।

8. 1. नीति संबंधी, नीति का 2. नीति के अनुसार होने वाला (आचरण या व्यवहार)।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. बचकाना, शिशुओं के समान 2. शिशुओं को होने वाला

3. 1. किसी पदार्थ या चीज़ में नीचे की तरफ़ से कुछ निकालने के लिए ऊपर की परत को हटाना, खुरचना 2. किसी कठोर सतह पर कुछ उत्कीर्ण करना, खरोंचना, उकेरना, उभारना 3. लकड़ी

4. परिवर्तन, बदलाव, क्रांति।

5. 1. जलबेंत 2. एक प्राचीन माप (परिमाण)।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | 2 | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 | | | |
| ■ | 4 | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | ■ | 5 |
| 6 | | | | ■ | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | |
| 7 | | | ■ | 8 | | |

#### वर्ग पहेली -71 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 गुं | ■ | 2 रि | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ज | ■ | 3 का | नू | न | गो | ■ |
| न | ■ | र | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 4 मॉ | ड | लिं | 5 ग | ■ | 6 मे |
| 7 लो | ■ | ■ | ■ | 8 ज | मी | न |
| भी | ■ | ■ | ■ | दं | ■ | हो |
| ■ | 9 ख़ु | रा | फ़ा | ती | ■ | ल |

### सुडोकू -151

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 2 | | | | |
| | 4 | | 5 | | | | | |
| | | | 3 | | | 8 | | |
| 2 | | | 9 | 7 | | | | |
| 8 | | | | | | | | 9 |
| | | | | 6 | 1 | | | |
| | | 6 | | | 4 | | 2 | |
| | | 3 | | | 5 | | | |
| | | 9 | | 8 | | | 7 | |

#### सुडोकू -150 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 8 | 2 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 2 |
| 6 | 4 | 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 4 | 7 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 3 | 9 | 2 | 8 | 6 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 08 .48 तक तत्पश्चात दशमी।

#### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 21 .18 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।


मेष

आज व्यवसाय में आय बढ़ने से प्रसन्न रहेंगे। क्रोध व जल्दबाजी के कारण महत्वपूर्ण काम बिगड़ सकते हैं। प्रेमी जन को विवाह के लिए प्रपोज कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन में उत्तम सामंजस्य रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है।


वृष

आज जीवनसाथी से अपने दिल की बातें शेयर कर सकते हैं। आलस्य की वजह से कुछ काम लंबित हो सकते हैं। स्वार्थी व्यवहार से आपको बचना चाहिए। आपकी छवि भी खराब हो सकती है। व्यापार में अदूरदर्शी निर्णय लेने से बचना चाहिए।


मिथुन

आज सभी काम समय पर पूरे हो जाएंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। बौद्धिक कार्यों में आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। पैतृक संपादा से लाभ प्राप्त होगा। व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं।


कर्क

आज का दिन आपके लिए कुछ चुनौतीपूर्ण हो सकता है। थोड़े से धन लाभ के लिए कोई गलत काम न करें। परिवार के सदस्यों से अपने संबंध अच्छे रखें। आपको अपनी आर्थिक स्थिति की चिंता रहेगी। बुरे व्यवहार के लोगों से मित्रता हो सकती है।


सिंह

आज सभी कार्य समय पूरे हो जाएंगे जिसके कारण काफी दिनों से चला आ रहा तनाव समाप्त होगा। विदेश में नौकरी कर रहे लोगों का वेतन बढ़ सकता है। नए कारोबार में लाभ प्रतिशत बढ़ने से आप प्रसन्न रहेंगे।


कन्या

आज गलत कार्यों की तरफ आपका रूझान बढ़ेगा। अपना चरित्र अच्छा रखें। शेयर मार्केट और कमीशन संबंधी कार्यों में नुकसान हो सकता है। यदि संभव हो तो लंबी दूरी की यात्रा न करें। व्यापार में आपको काफी सावधान रहने की आवश्यकता है।


तुला

आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। घर की साज-सजावट का आप पूरा ध्यान रखेंगे। वैवाहिक संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। अधिकारी वर्ग आपके प्रति काफी नरम भाव रखेगा। व्यापार में नए अवसर मिलने की संभावना निर्मित हो रही है।


वृश्चिक

आज रुके हुए कार्यों में प्रगति होने की संभावना है। पुराने ऋण का भुगतान करने से आपके ऊपर से भार कम होगा। वाहन चलाते समय आपको सावधानी रखनी चाहिए। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो दिन आपके पक्ष का रहने वाला है।


धनु

आज उच्चाधिकारी आपके काम के ऊपर काफी निर्भर रहेंगे। गंभीर और बुद्धिमान लोगों की संगत में रहना पसंद करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपका कोमल व्यवहार लोगों को आकर्षित करेगा।


मकर

आज महिलाओं को स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है। घर और कार्यक्षेत्र में तालमेल की कमी रहेगी। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। शांतिपूर्वक परिस्थितियों का अवलोकन करें। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से विचलित हो सकता है।


कुंभ

आज धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था मजबूत होगी। जीवनसाथी को कुछ उपहार देने का प्लान कर सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा भी कर सकते हैं। आपको व्यवसाय में शानदार लाभ मिलेगा। धन संबंधित परेशानियां दूर होगी।


मीन

आज आपकी गलतियां लोगों के सामने आ सकती हैं। झिझक के कारण आप अपनी बातों को ठीक तरह से रख पाने में भी मुश्किल होगी। योग और व्यायाम अवश्य करें जिससे आपको फोकस करने में आसानी होगी।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
मेला
सुबह : 10 .00
हिरासत
रात : 07 .00

&pictures
मालामाल वीकली
सुबह : 10 .50
ऊंचाई
रात : 08 .00

SONY PIX
स्पाइडर मैन : होमकमिंग
सुबह : 11 .10
वंडर वुमन
रात : 08 .29

ZEE CINEMA
नाम शबाना
सुबह : 10 .45
अकेले हम अकेले तुम
शाम : 04 .25

colors CINEPLEX
हैलो ब्रदर
सुबह : 08 .57
देवदास
दोपहर : 02 .13

#### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात :08 .00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

एक बच्चा पार्क में बैठकर बहुत सारी चॉकलेट खा रहा था।
पास बैठी एक महिला बोली, ज्यादा मीठा खाने वाले जल्दी मर जाते हैं।
लड़का-आपको पता है मेरी दादी की उम्र 106 वर्ष थी, जब वह मरी थी।
औरत-वह कम मीठा खाती होगी
लड़का-नहीं, वह अपने काम से काम रखती थी।

नेता-हम आपको मोबाइल देंगे, लैपटॉप देंगे, साइकिल देंगे।
जनता-और मालिक नौकरी?
नेता-वो हमारे मामा के साले के भतीजे के लिए हम जबान दे चुके।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक– 985 फ्लैग– 1100 डीएमओ– 870 बोल्ड– 1160
**चन्दौसी :** शिवालिक– 990 फ्लैग– 1100 बोल्ड– 1140 डीएमओ– 870

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 88650 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 90000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75550 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56300–56500 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,200 |
| चांदी आभूषण | 85,000 |

## मुरादाबाद मंडी

दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 –106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपए राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

## रिलायंस ने की आरईसी सोलर नॉर्वे की बिक्री पूरी

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने करीब 2.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर में आरईसी सोलर नॉर्वे एएस को ओस्लो में सूचीबद्ध एल्केम एएसए को बेच दिया है। बिक्री प्रक्रिया पूरी हो गई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि बिक्री प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब आरईसी नॉर्वे कंपनी की अनुषंगी कंपनी नहीं है। आरआईएल ने अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और एशिया में अन्य जगहों सहित वैश्विक स्तर पर हरित ऊर्जा बाजारों में विस्तार को चाइना नेशनल ब्लूस्टार ग्रुप को . से आरईसी सोलर होल्डिंग्स को अक्टूबर 2021 में खरीदा था।

# सेंसेक्स 676 अंक चढ़ा, निफ्टी भी 22 हजार पार

## एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में लिवाली, अमेरिका व एशिया के बाजारों में तेजी से मिला समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 676 अंक से अधिक के लाभ में रहा। वहीं एनएसई का निफ्टी भी 22,400 अंक के पार निकल गया। वहीं बुधवार को आई गिरावट के बाद बाजार गुरुवार फिर से संभल गया है और करीब एक प्रतिशत के लाभ में रहा। एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली तथा अमेरिका तथा एशिया के अन्य बाजारों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 676.69 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,663.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 73,749.47 अंक तक गया और नीचे में 72,529.97 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 203.30 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,403.85 अंक पर बंद हुआ।



- अमेरिका में मुद्रास्फीति अनुमान से कम रहने के मिल रहे संकेत

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच घरेलू बाजार में तेजी दिखाई दी है। मजबूत वैश्विक रुख यह संकेत देता है कि अमेरिका में मुद्रास्फीति अनुमान से कम रह सकती है। इससे इस साल वहां नीतिगत दर में कम-से-कम दो बार कटौती की उम्मीद जान पड़ती है।

वहीं सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, टाइटन, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और कोटक महिंद्रा बैंक आदि प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक आदि के शेयर शामिल हैं।

### उतार- वढ़ाव के बीच बाजार एक प्रतिशत लाभ लेने में रहा सफल

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि कारोबार के दौरान बाजार में उतार–चढ़ाव रहा लेकिन यह लगभग एक प्रतिशत लाभ लेने में कामयाब रहा। मझोली कंपनियों के शेयरों का सूचकांक (मिडकैप) 1.07 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों के शेयरों का सूचकांक (स्मॉलकैप) 0.85 प्रतिशत लाभ के साथ मजबूत हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग भी लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट बुधवार को भी बढ़त में था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.33 प्रतिशत घटकर 82.45 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,832.83 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

# एयर इंडिया सरकार की इकाई नहीं तो मौलिक अधिकार का उल्लंघन कैसा

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फैसले में कहा कि जनवरी, 2022 में टाटा समूह के हाथों अधिग्रहीत होने के बाद एयर इंडिया संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत सरकार या इसकी इकाई नहीं रही है और इसके खिलाफ मौलिक अधिकार के उल्लंघन का कोई मामला नहीं बनता है। साथ ही शीर्ष अदालत ने बंबई हाईकोर्ट के 20 सितंबर, 2022 के फैसले के खिलाफ दायर अपील को रद कर दिया।

हाईकोर्ट में एयर इंडिया के कुछ कर्मचारियों की तरफ से वेतन बढ़ोतरी और पदोन्नति जैसे मसलों को उठाया गया था। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि हाईकोर्ट ने एयर इंडिया के निजीकरण को आधार बनाते हुए इन रिट याचिकाओं को सुनवाई के लायक न मानते हुए उनका निपटारा कर दिया था। पीठ ने कहा कि सरकार ने एयर इंडिया के विनिवेश के दौरान अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा समूह की इकाई टैलेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित कर दी थी लिहाजा अब इस निजी कंपनी पर उसका कोई प्रशासनिक या सघन व्यापक नियंत्रण नहीं है। एयर इंडिया का सरकार ने विनिवेश किया था जिसमें टाटा समूह के हाथ में इसकी कमान आ गई थी। अपने विनिवेश के बाद कंपनी का नियंत्रण निजी हाथों में चले जाने के बाद उसे अब एक सरकारी इकाई नहीं माना जा सकता है।



- सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर अपील को किया रद
- एयर इंडिया के कुछ कर्मचारियों ने वेतन बढ़ोतरी और पदोन्नति की उठाई थी मांग

## अल्पकालिक परिपक्वता पर एसबीआई ने एफडी दर बढ़ाई

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चुनिंदा अल्पकालिक परिपक्वता पर सावधि जमा दर में 75 आधार अंक तक की बढ़ोतरी की है। यह कदम अन्य ऋणदाताओं द्वारा भी उठाए जाने की संभावना है। एसबीआई की वेबसाइट पर जारी किए गए संशोधित आंकड़े के अनुसार, 46-179 दिन की सावधि जमा (एफडी) के लिए दर 75 आधार अंक बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दी गई है, जो पहले 4.75 प्रतिशत थी। अन्य दो परिपक्वता अवधि 180-210 दिन और 211 दिन से लेकर एक वर्ष से कम में 25 आधार अंक की वृद्धि हुई है, जो क्रमशः छह प्रतिशत और 6.25 प्रतिशत है। दो करोड़ रुपये से कम जमा पर नई दरें 15 मई 2024 से प्रभावी हैं। इसमें कहा गया कि वरिष्ठ नागरिक मानदंडों के अनुसार संशोधित दरों पर अतिरिक्त 50 आधार अंक के पात्र होंगे। एसबीआई ने एक वर्ष से अधिक की अन्य परिपक्वता अवधियों पर ब्याज दरें अपरिवर्तित रखी हैं।

## निर्यात बढ़कर पहुंचेगा 500 अरब डॉलरः फियो

**नई दिल्ली।** निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो ने गुरुवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद देश का वस्तु निर्यात चालू वित्त वर्ष में 12 से 15% बढ़कर 500 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। फियो ने निर्यात को गति देने के लिए दीर्घकालीन कर्ज देने, ब्याज छूट बढ़ाने, निर्यात विकास कोष बनाने जैसे सुझाव दिये। वस्तु निर्यात 2023-24 में 437.1 अरब डॉलर रहा है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने कहा कि देश का सेवा निर्यात 2024-25 में 390 से 400 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है।

# मेंथा पर फिर फिदा हुए किसान, बढ़ाई पैदावार

- सिंथेटिक मेंथा के उत्पादन व कम दाम से 2020 से घटा था प्रदेश का रकबा
- तीन साल में काफी हुई बढ़ोतरी, नए जिलों में बंद हो गई पैदावार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश-विदेश में मेंथा ऑयल की मांग बढ़ने से प्रदेश के किसान इसको पुनः गंभीर हुए हैं। निष्कर्ष यह कि वर्ष 2020 से घटे रकबा और उत्पादन में 2023 तक बढ़ोतरी हुई है। लाभ होता देखकर मेंथा बेल्ट के 37 जिलों के किसान मुख्य फसल उगाने लगे हैं। जबकि कन्नौज समेत कुछ जिलों में पैदावार बंद हो गई है। क्योंकि 2020 में सिंथेटिक मेंथा ऑयल ने बाजार में जगह बनाई थी। जो सस्ता होने से खूब बिका। इससे पैदावार और बिक्री प्रभावित हुई। इस वजह से बेल्ट टूटती गई, लेकिन दवाएं, खाद्य और पेय पदार्थ आदि में असली की जगह सिंथेटिक नहीं ले सका। इस वजह से प्राकृतिक मेंथा की मांग बढ़ने से रकबा और पैदावार में इजाफा होने लगा है।

### ठंडी होती तासीर, किया जाता निर्यात

मेंथा ऑयल की तासीर ठंडी होती है। इसका उपयोग खुशबू वाले उत्पाद में होता है। ज्यादातर औषधीय दवाएं बनती हैं। खाने की चीजें जैसे पान, टॉफी, च्युइंगम, चाकलेट, कैंडी, चाय और मिठाई आदि में डाली जाती है। किसी खाद्य सामग्री का स्वाद बनाने में ज्यादा प्रयोग होता है। कॉस्मेटिक सामान, परफ्यूम, टूथपेस्ट, माउथवाश, शैंपू, बॉडी लोशन, दर्द नाशक क्रीम. साबुन आदि में मेंथा ऑयल डाला जाता है। इसका प्रदेश से निर्यात अमेरिका, चीन और सिंगापुर जैसे देशों में होता है।

### सिंथेटिक हानिकारक, पहचान मुश्किल

कंपनियां सिंथेटिक मेंथा केमिकल से तैयार करती हैं। बिना परीक्षण इसकी पहचान मुश्किल है। इसके सेवन से बीमारियां होती हैं। दवाओं और खाद्य पदार्थों के परीक्षण पर सिंथेटिक की पहचान हुई तो प्रयोग नहीं हुआ। जबकि कॉस्मेटिक सामान बनाने वाली इकाइयां इसका प्रयोग कर रही हैं।

> सिंथेटिक मेंथा से से किसानों को अच्छे दाम नहीं मिले थे और उतार चढ़ाव लगा रहा, लेकिन सिंथेटिक की मांग न होने से सुधार हुआ है। जल्द पहले से अधिक उत्पाद करेंगे।
> –विजय बहादुर द्विवेदी, निदेशक खाद्य एवं प्रसंस्करण उप्र

### इस तरह घटा और बढ़ा प्रदेश में मेंथा का क्षेत्रफल और पैदावार

| वर्ष | क्षेत्रफल (हे.) | आयल (उत्पाद एमटी) |
|---|---|---|
| 2020 | 3,46,003 | 36,304.12 |
| 2021 | 3,46,299 | 35,007.04 |
| 2022 | 3,47,461 | 35,117.46 |
| 2023 | 3,48,682 | 35,154.10 |

### इन जिलों में हुई बढ़तोरी

| जिला | 2020 | 2023 |
|---|---|---|
| बदायूं | 4837.21 | 4920 |
| मुरादाबाद | 2281 | 2357 |
| रामपुर | 2366 | 2359 |
| संभल | 3591 | 3626 |
| लखनऊ | 910 | 938 |
| सीतापुर | 4656 | 4713 |
| बाराबंकी | 9935 | 9963 |
| बरेली | 74 | 76.21 |

(आंकड़े एमटी में)

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### भंडारे के भोजन से 90 लोग बीमार, अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में एक मंदिर के बाहर आयोजित भंडारे में खाना खाने से कई लोगों की तबीयत खराब हो गई और कम से कम 90 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। पुलिस के अनुसार घटना बुधवार शाम को नायगांव में हुई। शिव मंदिर के बाहर भंडारे का आयोजन किया गया था। भंडारे में श्रद्धालुओं को अम्बील और खीर का प्रसाद दिया गया। अम्बील खाने के बाद श्रद्धालुओं को चक्कर आने के साथ उल्टी होने लगी। शुरुआत में कुछ लोगों को अस्पताल ले जाया गया लेकिन देर शाम कुछ और लोगों ने खाद्य विषाक्तता की शिकायत की।

### सोनीपत में बॉयलर फटने से दो लोगों की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सोनीपत में बॉयलर फटने से दो लोगों की जान चली गई और 25 लोग घायल हो गये हैं। बृहस्पतिवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। सोनीपत के कुंडली शहर में बुधवार की रात यह घटना हुई। कुंडली नगर के थाना प्रभारी देवेन्दर सिंह ने फोन पर बताया, हमें घटना स्थल से दो शव मिले हैं। विस्फोट से 25 लोग घायल हो गये हैं। बॉयलर फटने के कारण हुए धमाके से निकटवर्ती इमारत को भी नुकसान पहुंचा है।

### कार में बंद होने के बाद दम घुटने से बच्ची की मौत

**कोटा (राजस्थान)।** राजस्थान के कोटा में कार में बंद हो जाने के कारण तीन वर्षीय बच्ची की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घटना बुधवार की है जब बच्ची के माता–पिता शादी समारोह मे गए थे। मृतक बच्ची की पहचान गोरविका नागर के रूप में हुई। खतौली थाने के प्रभारी बन्ना लाल ने बताया कि प्रदीप नागर अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ जोरावरपुरा गांव में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। जैसे ही परिवार कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा, मां और उसकी बड़ी बेटी कार से बाहर निकल आईं और प्रदीप वाहन पार्क करने चले गए। प्रदीप को लगा कि गोरविका अपनी मां के साथ है और उन्होंने कार को लॉक किया। बाद में बच्ची का पता नहीं चलने पर उसको ढूंढना शुरू किया। माता–पिता ने बच्ची को कार की पिछली सीट पर बेहोश पाया और उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### 2.71 करोड़ डोडा पोस्त छिलका जब्त, दो गिरफ्तार

**चूरू।** राजस्थान में चूरू जिले की सेड़वा थाना पुलिस ने गुरुवार को नाकाबंदी के दौरान कंटेनर से दो करोड 71 लाख मूल्य का डोडा पोस्त छिलका जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। एसपी जय यादव ने बताया कि थाना प्रभारी अल्का बिश्नोई की टीम ने मामले में पलविंद्र सिंह निवासी पंजाब एवं मंगल पासवान निवासी यूपी को पकड़ा है।

# देश को नहीं चाहिए एक-एक साल वाला पीएमः शाह

## केंद्रीय गृह मंत्री ने बिहार के सीतामढी और मधुबनी में राजग उम्मीदवारों की रैलियों में इंडिया गठबंधन को घेरा

सीतामढी/मधुबनी, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि देश को एक मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए, न कि बारी-बारी, एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री। बिहार के सीतामढी और मधुबनी में राजग उम्मीदवारों के पक्ष में अलग-अलग रैलियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि इंडिया गठबंधन वालों का कुछ होना नहीं है। पर मान लीजिए, वे स्वप्न में भी जीत जाते हैं तो उनका प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार कौन होगा। ममता बनर्जी बन सकती हैं क्या, लालू बन सकते हैं क्या, स्टालिन बन सकते हैं क्या, शरद पवार बन सकते हैं क्या, जब गठबंधन वालों से पूछा गया कि आपका प्रधानमंत्री का प्रत्याशी कौन है तो उन्होंने कहा, बारी-बारी एक-एक साल बनेंगे। अरे यह परचून की दुकान है क्या कि पीढ़ी दर पीढ़ी चलेगी।



बिहार के मधुबनी में लोकसभा चुनाव के लिए एक सार्वजनिक रैली के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का अभिनंदन किया गया।

उन्होंने कहा, देश को मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए जो उसे सभी खतरों से निकाल ले। कोरोना जैसी महामारी आ जाए तो नेतृत्व करे। देश को अगर संकट से कोई बचा सकता है तो वह मोदी हैं। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दीजिए, गो हत्या करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेंगे। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले पर शाह ने कहा, यह केंद्र सरकार का सही फैसला था। पीएफआई देश को इस्लामिक राज्य बनाना चाहता था। ये कांगेस वाले, ये फारूक अब्दुल्ला हमें डराते हैं कि पीओके मत मांगिए, पाकिस्तान के पास एटम बम है। अरे राहुल बाबा, आप डरिए पाकिस्तान से, एटम बम से, यह भारत किसी से नहीं डरता। मैं आज सीता माता की धरती पर कहकर जाता हूं, पीओके भारत का है, रहेगा और वह हम लेकर रहेंगे।

### मां सीता की जन्म भूमि पर स्मारक बनाने का काम बाकी

उन्होंने कहा, मोदी जी ने अयोध्या में रामलला का मंदिर बनाया। एक काम पूरा हुआ। अब मां सीता की जन्म भूमि पर महान स्मारक बनाने का काम बाकी है। रामलला के मंदिर से अपने आपको दूर रखने वाले वह नहीं बना सकते। सीता माता का भाव, उनके त्याग, समर्पण, तपस्या और आदर्श के अनुरूप स्मारक/मंदिर अगर कोई बना सकता है तो नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी ही बना सकती है। मैं आप लोगों को विश्वास दिलाकर जाता हूं, न केवल भारत, न केवल बिहार, न केवल पूर्वांचल, मिथिलांचल, पूरी दुनिया का आकर्षण का केंद्र हमारा सीतामढ़ी बने, ऐसा भव्य मंदिर बनाने का काम हम करेंगे। शाह ने कहा, देश में 10 साल तक सोनिया–मनमोहन की सरकार चली जिसमें लालू यादव भी मंत्री थे। उन्होंने बिहार को मात्र दो लाख 80 हजार करोड़ रुपये दिए, जबकि मोदी जी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में बिहार को 11 लाख 33 हजार करोड़ रुपये देने का काम किया।

# सरकार बनी तो 30 लाख पदों पर भर्ती कर देंगे शुरू : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांग्रेस नेता ने एक एक वोट को बताया जरूरी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अन्याय को मिटाने के लिए एक एक वोट को जरूरी बताते हुए कहा है कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती शुरु कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में न्याय नहीं हो रहा है।

जल, जमीन और जंगल से आदिवासियों के हकों को छीना जा रहा है और सबके साथ अन्याय हो रहा है इसलिए न्याय के लिए हर एक वोट जरूरी है। उन्होंने कहा कि अपने वोट की ताकत समझिए। आपका एक वोट, 15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों की भर्ती का काम शुरू करवाएगा। एक जुलाई से गरीब महिलाओं के खाते में 8,500 रुपए हर माह खटाखट पहुंचाएगा- आपका एक वोट। कांग्रेस को मिला आपका एक वोट युवाओं को 1 लाख रुपए वर्ष की पहली नौकरी दिलवाएगा, आपको अधिकार देने वाले संविधान की रक्षा करेगा, अपनी सरकार चुनने का अधिकार सुरक्षित कर लोकतंत्र बचाएगा और वंचितों के हक, भागीदारी तथा आरक्षण की रक्षा करने के साथ ही जल, जंगल, जमीन पर आदिवासियों का अधिकार कायम रखेगा। इन्डिया गठबंधन को मिला आपका हर वोट, मजबूत लोकतंत्र और सशक्त नागरिक बनाएगा।

# कोर्ट के संज्ञान के बाद आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती ईडी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 44 के तहत एक शिकायत पर अदालत के संज्ञान लेने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह सुनवाई के दौरान अपना फैसला सुनाया।

उच्चतम न्यायालय ने अपीलकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा और ईडी का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में कई निर्देश जारी किए।



- सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में जारी किए निर्देश

शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि अगर ईडी उसी अपराध की आगे की जांच करने के लिए अदालत की ओर से समन जारी होने के बाद कोर्ट में पेश हुए आरोपी की हिरासत चाहती है तो उसे (केंद्रीय जांच एजेंसी) को विशेष अदालत में आवेदन करके आरोपी की हिरासत मांगनी होगी। इसके बाद संक्षिप्त कारण दर्ज करने के बाद आवेदन पर आदेश पारित करना होगा।

### आरोपी को रिहाई के लिए जमानत की दोहरी शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं

शीर्ष अदालत ने कहा कि आरोपी को अदालत की ओर से समन किया जाना चाहिए, लेकिन उसे अपनी रिहाई के लिए जमानत की दोहरी शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने कहा, यदि आरोपी समन (अदालत के) के अनुसार विशेष अदालत के समक्ष पेश होता है तो यह नहीं माना जा सकता कि वह हिरासत में है। इसलिए आरोपी के लिए जमानत के वास्ते आवेदन करना जरूरी नहीं है।

# झारखंड के मंत्री आलमगीर छह दिन की रिमांड पर

रांची, एजेंसी

- धन शोधन में ईडी ने बुधवार को आलम को किया था गिरफ्तार

धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड की पाकुड़ सीट से विधायक और राज्य सरकार में संसदीय मामलों के मंत्री आलमगीर आलम को बृहस्पतिवार को छह दिनों के लिए केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने आलम के लिए 10 दिन की रिमांड मांगी थी। आलम को ईडी ने बुधवार को छह घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

आलम के वकील किशलय प्रसाद ने कहा कि मंत्री की छह दिन की रिमांड शुक्रवार से शुरू होगी। आज, वह न्यायिक हिरासत में हैं। आलम के खिलाफ कोई विशिष्ट आरोप नहीं हैं। सब कुछ अस्पष्ट है। उन्होंने (ईडी) न तो किसी ऐसे व्यक्ति के नाम का खुलासा किया, जिसने पैसे लिये हैं और न ही अपराध किसने किया, इसका जिक्र है। नकदी किसी जहांगीर के पास से बरामद हुई है और उसका आलमगीर आलम से कोई लेना-देना नहीं है। आलम के वकील ने ईडी की रिमांड याचिका का विरोध करते हुए अदालत में 70 वर्षीय मंत्री की स्वास्थ्य स्थिति का भी हवाला दिया।

# चुनाव के चार चरणों में 67% हुआ मतदान

- आयोग ने मतदान करने का लोगों से किया आग्रह

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चार चरणों में कुल मतदान 66.95 प्रतिशत दर्ज किया गया। करीब 97 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से 45.1 करोड़ लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। आयोग ने बयान में मतदाताओं का आह्वान किया कि वे आने वाले चरणों में मतदान के लिए बड़ी संख्या में बाहर निकलें। आयोग के अनुसार, 13 मई को हुए चौथे चरण में अद्यतन मतदान 69.16 प्रतिशत था, जो 2019 के संसदीय चुनावों में इसी चरण की तुलना में 3.65 प्रतिशत अंक अधिक है। लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण के मतदान के लिए अद्यतन मतदान का आंकड़ा 65.68 प्रतिशत रहा। 2019 के आम चुनाव के तीसरे चरण में 68.4 प्रतिशत मतदान हुआ था। गत, 26 अप्रैल को हुए चुनाव के दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि 2019 के दूसरे चरण में 69.64 प्रतिशत मतदान हुआ था। मौजूदा आम चुनाव के पहले चरण में 66.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 2019 के चुनाव में पहले चरण में 69.43 फीसदी मतदान हुआ था।

## बीआरएस नेता कविता की याचिका पर रुख स्पष्ट करे सीबीआई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिका पर गुरुवार को सीबीआई से अपना रुख स्पष्ट करने को कहा।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने सीबीआई को नोटिस जारी किया और सुनवाई 24 मई के लिए तय कर दी। इसी दिन ईडी के धन शोधन के मामले में जमानत को लेकर कविता द्वारा दाखिल अन्य याचिका पर भी सुनवाई होनी है। कोर्ट ने नोटिस जारी किया और अधीनस्थ न्यायालय के आदेश के खिलाफ कविता की एक अन्य याचिका पर भी सीबीआई से जवाब मांगा।

# यूपी में धर्म परिवर्तन मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर शीर्ष रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्राथमिकी में हिंदुओं को अवैध रूप से ईसाई धर्म में परिवर्तित कराने का आरोप

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश की सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज के कुलपति और अन्य के खिलाफ अवैध धर्मांतरण के आरोप में दर्ज पांच प्राथमिकियों पर निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी।

प्राथमिकी में हिंदुओं को अवैध रूप से ईसाई धर्म में परिवर्तित कराने का आरोप है। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत की कार्यवाही जारी रखने के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि मामले में सुनवाई अदालत में प्राथमिकी के संबंध में आगे की कार्यवाही नहीं होनी चाहिए। पीठ ने कुलपति राजेंद्र बिहारी लाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे समेत कई वकीलों की इस दलील पर गौर किया कि निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी जाए क्योंकि सभी आरोपियों को इन मामलों में राज्य पुलिस द्वारा दाखिल नए आरोपपत्रों के मद्देनजर जारी किए गए समन के बाद पेश होना होगा। आरोपियों के वरिष्ठ वकील मुक्ता गुप्ता ने कहा कि कथित पीड़ितों में से किसी की भी गवाही राज्य पुलिस द्वारा दर्ज नहीं की गई, जिनके बारे में दावा किया गया था कि उन्हें बहकाकर ईसाई धर्म में परिवर्तित कराया गया था। पीठ ने दलीलें सुनीं और मामले की अगली सुनवाई दो अगस्त के लिए सूचीबद्ध की।

## कोर्ट ने यादव सिंह को सीबीआई की गिरफ्तारी से संरक्षण किया प्रदान

- सीबीआई के आरोप पत्र दायर करने के बाद जारी हुआ जमानती वारंट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को नोएडा प्राधिकरण के पूर्व मुख्य अभियंता यादव सिंह को भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया। भ्रष्टाचार के इस मामले में यादव सिंह ने दिसंबर 2011 में कथित तौर पर 954 करोड़ रुपये के 1280 रखरखाव ठेकों का काम आठ दिन में कराया था।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने यादव सिंह की ओर से पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एनके कौल की इन दलीलों पर संज्ञान लिया कि मामले में आरोपी के खिलाफ सीबीआई द्वारा पूरक आरोपपत्र दायर किये जाने के बाद उनके खिलाफ एक जमानती वारंट जारी किया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि तीन साल से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद शीर्ष अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी और अब उन्हें ताजा पूरक आरोपपत्र दाखिल होने के मद्देनजर नए सिरे से गिरफ्तारी की आशंका है।

**आज का मुकाबला**

मुंबई इंडियंस
बनाम
लखनऊ सुपरजाइंटस
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 13 | 22 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 13 | 661 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

## जीत से विदा चाहेंगे मुंबई-लखनऊ

मुंबई, एजेंसी



आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम पर अपने आखिरी मैच में जीत के साथ टूर्नामेंट से विदा लेने की कोशिश करेंगी। मुंबई इंडियंस काफी पहले ही प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है जबकि लखनऊ सुपर जाइंट्स अगर आखिरी मैच में भारी अंतर से जीत दर्ज करती है तो भी उसके अंतिम चार में पहुंचने की संभावना नगण्य हैं। तीन मैचों में लगातार हार से लखनऊ ने अंक भी गंवाये और रनरेट भी खराब हो गया।

सातवें स्थान पर काबिज लखनऊ का नेट रनरेट माइनस 0.787 है जबकि छठे स्थान की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का रनरेट 0.387 है। पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम थी। नये कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ इस सत्र में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। अब तक 13 मैचों में बस चार जीत सकी मुंबई इंडियंस शुक्रवार को जीत जाती है तो उसके दस अंक होंगे जिससे वह आखिरी स्थान पर रहने से बच सकती है। सत्र से पहले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तानी सौंपे जाने से मुंबई के प्रशंसकों में काफी आक्रोश था जिसका टीम के प्रदर्शन पर भी असर पड़ा। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने तीन अर्धशतक समेत 136.36 के स्ट्राइक रेट से 465 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट हालांकि चर्चा का विषय रहा। निकोलस पूरन ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन एक ईकाई के रूप में टीम नाकाम रही।

## हस्सी को उम्मीद, दो साल और खेलेंगे धोनी



**बेंगलुरू।** चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हस्सी को उम्मीद है कि करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी अगले दो साल और टीम के साथ रहेंगे क्योंकि वह बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे हैं। आईपीएल 2024 की शुरूआत से एक दिन पहले रूतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपकर 42 वर्ष के धोनी ने सभी को हैरान कर दिया था।

हस्सी ने कहा हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह खेलते रहेंगे। वह इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह शिविर में जल्दी आकर काफी अभ्यास करते हैं और पूरे सत्र में फॉर्म में रहे हैं। उन्होंने कहा हम उनके कार्यभार को अच्छे से मैनेज कर पाये हैं। पिछले सत्र के बाद उनके घुटने का आपरेशन हुआ था। उम्मीद है कि वह दो साल और खेलेंगे।

## एक बार काम हो गया तो चला जाऊंगा फिर जल्दी नजर नहीं आऊंगा : कोहली

बेंगलुरू, एजेंसी



भारत के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली को पता है कि वह हमेशा खेलते नहीं रह सकते लेकिन विदा लेने से पहले वह अपना सबकुछ क्रिकेट कैरिअर को देना चाहते हैं और उनका कहना है कि एक बार जाने के बाद वह कुछ समय नजर भी नहीं आएंगे। कोहली आईपीएल में इस सत्र में अब तक का रिकॉर्ड आठवां शतक जड़ चुके हैं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिए 13 मैचों में 661 रन बनाए हैं।

आरसीबी द्वारा सोशल मीडिया पर डाले गए वीडियो में 35 वर्ष के कोहली ने कहा कि मलाल के बिना जीने की ललक ही उनकी प्रेरणा है। मैं कोई भी काम अधूरा नहीं छोड़ना चाहता ताकि बाद में कोई पछतावा नहीं हो। एक बार काम पूरा हो जाए तो मैं चला जाऊंगा और फिर कुछ समय नजर नहीं आऊंगा। जब तक मैं खेल रहा हूं, अपना सब कुछ खेल को देना चाहता हूं। हर खिलाड़ी के कैरिअर का अंतिम समय आता है। मैं भी हमेशा खेलता नहीं रहूंगा लेकिन मैं इस सोच के साथ विदा नहीं लेना चाहता कि अगर मैने उस दिन ऐसा किया होता तो अच्छा होता।

## आईपीएल मैचों में अधिकतम बाउंड्री रखना बेहतर : कुंबले

### गेंदबाजों की बढ़ी हैं मुश्किलें, हर खिलाड़ी बनना चाहता है बल्लेबाज

नई दिल्ली, एजेंसी



महान स्पिनर अनिल कुंबले को डर है कि अगर क्रिकेट का खेल बल्लेबाजों के पक्ष में झुका रहा तो अगले कुछ वर्षों में काफी अधिक युवा गेंदबाजी करने के लिए तैयार नहीं होंगे। उन्होंने गेंद और बल्ले के बीच संतुलन बहाल करने के लिए आईपीएल स्थलों में जितनी अधिक लंबी संभव हो उतनी बाउंड्री रखने और गेंद में अधिक उभरी हुई सीम रखने वकालत की।

मौजूदा सत्र में छोटी बाउंड्री, सपाट पिचों और इंपेक्ट खिलाड़ी नियम के कारण बल्लेबाजी में मदद मिलने के कारण 250 रन से अधिक का स्कोर आठ बार बन चुका है। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर की तरह कुंबले को भी लगता है कि अधिकतम बाउंड्री रखना समय की मांग है। कुंबले ने कहा, यह वास्तव में गेंदबाजों के लिए कठिन रहा है, खासकर टूर्नामेंट के पहले भाग में। मैं निश्चित रूप से मानता हूं कि आपको हर स्थान पर अधिकतम बाउंड्री रखने की जरूरत है। कोशिश करें और स्थल पर सबसे बड़ी बाउंड्री बनाएं। मुझे पता है कि आप कुछ सीटें खो देंगे लेकिन ऐसा होता है।

कुंबले ने कहा हमने देखा है कि गेंद एक ओवर के बाद या कभी-कभी उससे भी कम समय में स्विंग करना बंद कर देती है। आपको बल्ले और गेंद के बीच संतुलन की जरूरत होती है। आप सिर्फ दौड़कर नहीं आते रह सकते क्योंकि कुछ वर्षों बाद आपके पास गेंदबाजी से जुड़ने के लिए बहुत अधिक युवा खिलाड़ी नहीं होंगे। उन्होंने कहा हर कोई बल्लेबाज बनना चाहता है। आईपीएल के खेलने के हालात के अनुसार खेलने का मैदान स्क्वायर बाउंड्री से बाउंड्री तक न्यूनतम 150 गज (137.16 मीटर) होगा जबकि छोटी बाउंड्री कम से कम 65 गज (59.43 मीटर) की होगी।

### केएल राहुल ने इस बार बल्ले से खराब प्रदर्शन नहीं किया है : क्लूजनर

**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स के सहायक कोच लांस क्लूजनर ने कहा कि टीम के कप्तान केएल राहुल भले ही थोड़ा हताश हों लेकिन बल्ले से उन्होंने बिलकुल भी खराब प्रदर्शन नहीं किया है क्योंकि विकेट गिरने के कारण उन्हें अपनी आक्रामकता पर लगाम रखने के लिए बाध्य होना पड़ा। राहुल अपने स्ट्राइक रेट की वजह से चर्चा में रहे हैं और वह 13 मैच में तीन अर्धशतक से 136.36 के स्ट्राइक रेट से इस सत्र में 465 रन बनाकर सातवें सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले खिलाड़ी हैं। लेकिन फिर भी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने की कगार पर है। शुक्रवार को सातवें स्थान पर चल रही लखनऊ की टीम मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी जो दोनों टीमों के लिए इस आईपीएल का अंतिम ग्रुप मैच होगा। क्लूजनर ने गुरुवार को यहां वानखेडे स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान मीडिया से कहा उसने टूर्नामेंट के दौरान कुछ बेहतरीन प्रदर्शन दिए हैं।



## बारिश ने धुला मैच, प्ले ऑफ में हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद ने गुरुवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ने के बाद प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित की। लगातार बारिश के कारण मैच में टॉस भी नहीं हो पाया। अंपायरों ने अंततः रात 10:10 बजे पर मैच रद्द करने का फैसला किया।

गुजरात टाइटंस का यह लगातार दूसरा मैच है जो बारिश की भेंट चढ़ा। मैच रद्द होने से सनराइजर्स और टाइटंस दोनों को एक-एक अंक मिला। सनराइजर्स के 13 मैच में 15 अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। लीग तालिका की निचली सात टीमों में अब सिर्फ चेन्नई सुपरकिंग्स ही 15 या इससे अधिक अंक जुटा सकते हैं जिससे सनराइजर्स की प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित हो गई है। अब प्ले ऑफ के अंतिम स्थान के लिए चार टीमें- चेन्नई सुपरकिंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स दावेदार हैं।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान (क्वा) | 13 | 8 | 5 | 16 | 0 | +0.273 |
| हैदराबाद (क्वा) | 13 | 7 | 5 | 15 | 1 | +0.406 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | 0 | +0.528 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | +0.387 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | -0.787 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 13 | 4 | 9 | 8 | 0 | -0.271 |

अगर लखनऊ-मुंबई के खिलाफ जीत जाती है तो 14 अंक हो जाएंगे और उसकी उम्मीद जीवंत रहेगी। लेकिन अगर सुपरकिंग्स की टीम बेंगलुरू की टीम को हरा देती है या शनिवार को मैच रद्द हो जाता है तो चेन्नई की टीम प्ले ऑफ में जगह बना लेगी। आरसीबी की यदि सुपरकिंग्स को कम से कम 18 रन या 11 गेंद शेष रहते हरा देती है तो वे नेट रन रेट के आधार पर चौथा उपलब्ध स्थान हासिल कर लेंगे क्योंकि उनके दिल्ली, सुपरकिंग्स और सुपरजाइंट्स के समान 14 अंक होंगे लेकिन नेट रन रेट बेहतर होगा।

**खेल डायरी**

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में



**बैंकॉक।** युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मेईराबा लुवांग मैसनाम और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। हमवतन एचएस प्रणय पर उलटफेर भरी जीत के एक दिन बाद 21 वर्षीय मेईराबा ने 50 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसन को 21-14, 22-20 से हरा दिया। मेईराबा को अगले दौर में विश्व चैंपियन और स्थानीय दावेदार कुनलावुत वितिदसार्न की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। सात्विक और चिराग की दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने अपने दूसरे दौर के मुकाबले में 69वीं रैंकिंग वाले शेई साओ नान और झेंग वेई हान को 21-16, 21-11 से हराया। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय जोड़ी का सामना अगले दौर में जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप की मलेशिया की जोड़ी से होगा।

### श्रीलंका की महिला टीम वेस्टइंडीज के साथ खेलेगी वनडे और टी-20

**कोलंबो।** श्रीलंका की महिला टीम वेस्टइंडीज के साथ 15 से 28 जून तक तीन एकदिवीसय और तीन टी-20 मैचों की शृंखला की मेजबानी करेगी। 20 जुलाई से श्रीलंका में होने वाले टी-20 एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर इस शृंखला को महत्वपूर्ण माना जा रहा। मार्च और अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के उनके सफल दौरे के बाद इस वर्ष यह श्रीलंका की महिला टीम की दूसरी द्विपक्षीय टी-20 शृंखला होगी। श्रीलंका की टीम अगस्त में आयरलैंड का दौरे पर जाएगी। वेस्टइंडीज की महिला टीम ने हाल ही में पाकिस्तान का एक महीने का दौरा पूरा किया जहां उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 सीरीज में जीत दर्ज की। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 2017 में द्विपक्षीय शृंखला खेली गई थी।

### टी20 हरफनमौलाओं की रैंकिंग में हसरंगा के साथ शीर्ष पर शाकिब

**दुबई।** हार्दिक पंड्या टी20 हरफनमौलाओं की आईसीसी रैंकिंग में सातवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। पांड्या 185 अंकों के साथ सातवें स्थान पर हैं। हसरंगा और शाकिब के 228 अंक हैं। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी 218 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं जबकि जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा के 210 अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्करम पांचवें स्थान पर और आस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस छठे स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव 861 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि इंग्लैंड के फिल साल्ट 802 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### ओलंपिक चयन ट्रायल में जीते अंजुम और स्वप्निल



**भोपाल।** ओलंपियन अंजुम मोदगिल और पेरिस ओलंपिक खेलों के कोटा विजेता स्वप्निल कुसाले ने गुरुवार को यहां चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल में क्रमश: महिला और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहली जीत दर्ज की। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में स्वप्निल ने 463.7 अंक का स्कोर बनाकर अखिल श्योराण (461.6 अंक) की चुनौती पस्त की। स्थानीय निशानेबाज ऐश्वर्य तोमर 451.9 अंक के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं के थ्री पोजिशन फाइनल में अंजुम ने 463.9 अंक का स्कोर बनाया और भारत की नंबर एक निशानेबाज सिफत कौर सामरा को 1.9 अंक से पछाड़ दिया। आशी चौकसे 447.3 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के टी3 क्वालीफिकेशन में ओलंपियन मनु भाकर 577 के स्कोर से शीर्ष पर रही।

## हमें अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा : संजू सैमसन

गुवाहाटी, एजेंसी



राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने कहा कि हमें अपनी योजनाओं पर कायम रहते हुए अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा।

उन्होंने पंजाब किंग्स के हाथों मिली हार के बाद कहा ईमानदारी से कहूं तो हम एक अच्छे विकेट की अपेक्षा कर रहे थे। यह 140 रन वाली यह पिच नहीं थी, लेकिन हमें 160-170 तो बनाने ही चाहिए थे। हम ऐसे विकेटों पर खेलने के आदी नहीं हैं। हमें यहां पर अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा। सैमसन ने कहा ईमानदारी से कहूं तो हमें स्वीकार करना होगा कि हमें असफलता मिली है। हमें अपनी योजनाओं पर कायम रहना होगा। जब आप लगातार चार मैच हारते हैं तो आपको देखना होगा कि कहां कमी हो रही है, टीम के लिए क्या अच्छा नहीं जा रहा है। किसी एक को आगे आकर कहना होगा।

## पेरिस खेलों की चयन पात्रता पर 21 मई को फैसला करेगा डब्ल्यूएफआई

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम चुनने के लिए 21 मई को चयन मानदंड तय करेगा। भारत ने ओलंपिक खेलों के लिए कुश्ती में छह कोटा स्थान हासिल किए हैं जिनमें से पांच महिला पहलवानों को मिले हैं। अमन सहरावत पुरुषों के फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करने वाले एकमात्र पुरुष पहलवान हैं। डब्ल्यूएफआई ने कहा था कि वह 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले पहलवानों का चयन करने के लिए एक अंतिम ट्रायल आयोजित करेगा। डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने बताया डब्ल्यूएफआई ने चयन मानदंड तय करने के लिए 21 मई को दिल्ली में चयन समिति की बैठक बुलाई है। दोनों शैलियों के दो मुख्य कोच चर्चा का हिस्सा होंगे।

## पेरिस ओलंपिक : शरत, मनिका का ओलंपिक टीम में पदार्पण

नई दिल्ली, एजेंसी



अनुभवी शरत कमल और दुनिया की 24वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा पेरिस खेलों में क्रमशः भारतीय पुरुष और महिला टीम का नेतृत्व करेंगे जहां देश टीम स्पर्धाओं में ओलंपिक में पदार्पण करेगा।

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) की सीनियर चयन समिति ने गुरुवार को ओलंपिक मानदंडों के अनुसार छह सदस्यीय टीम (प्रत्येक वर्ग में तीन) का चयन किया। इसके अलावा एकल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले खिलाड़ियों का भी चयन किया गया। शरत, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर को तीन सदस्यीय पुरुष टीम में जगह मिलेगी जबकि मनिका, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ महिला वर्ग में टीम के सदस्य होंगे। प्रत्येक वर्ग में वैकल्पिक खिलाड़ी जी साथियान और आयहिका मुखर्जी होंगे। पुरुष एकल में शरत और हरमीत प्रतिस्पर्धा करेंगे जबकि महिला एकल में मनिका और श्रीजा चुनौती पेश करेंगी। यह निर्णय नवीनतम विश्व रैंकिंग के आधार पर लिया गया है।

## सुनील छेत्री ने फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की



**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा करते हुए कहा कि छह जून को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत के खिलाफ होने वाला फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैच उनका आखिरी मुकाबला होगा। सुनील छेत्री ने सोशल मीडिया मंच पर भावनात्मक पोस्ट में कहा आप जानते हैं, पिछले 19 वर्षों में मुझे जो एहसास याद है, वह कर्तव्य, दबाव और अपार खुशी का एक बहुत अच्छा संयोजन है। मैंने व्यक्तिगत रूप से कभी नहीं सोचा था कि ये इतने सारे मुकाबले हैं जो मैंने देश के लिए खेले हैं। मैंने यही किया है, अच्छा या बुरा, लेकिन अब मैंने यह कर लिया। यह पिछले डेढ़, दो महीने मैंने किया। मैंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि शायद मैं इस निर्णय की ओर जा रहा था कि यह गेम (कुवैत के खिलाफ), यह अगला गेम मेरा आखिरी होगा। उन्होंने 19 वर्षों के अपने फुटबॉल करिअर देश के लिए 150 मुकाबलों में 94 गोल किए। छेत्री, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, अली डेई और लियोनेल मेसी - फुटबॉल के सभी दिग्गज नामों के बाद सर्वकालिक शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय गोल स्कोरर की सूची में चौथे स्थान पर हैं।

### खेल जगत ने कहा- सुनील छेत्री खेल के असली लीजेंड

नई दिल्ली। चैम्पियन फुटबॉलर सुनील छेत्री के अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा के बाद खेल जगत के दिग्गजों ने उनकी उपलब्धियों की सराहना की जिसमें विराट कोहली, 2011 विश्व कप के नायक युवराज सिंह और स्टार फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया शामिल हैं। कोहली ने उन्हें अपना अच्छा मित्र बताते हुए लिखा, मेरे भाई, तुम पर फक्र है। युवराज ने उन्हें 'लीजेंड' करार करते हुए कहा कि 39 वर्ष के खिलाड़ी की 150 राष्ट्रीय मैच खेलने की लंबी विरासत लंबे समय तक बरकरार रहेगी। खेल का सही मायने में लीजेंड जिसने भारतीय फुटबॉल को वैश्विक मंच तक पहुंचाया। आपके जुनून ने एक पीढ़ी को इस खेल में आने के लिए प्रेरित किया है। भारतीय खेलों में आपकी विरासत हमेशा याद रहेगी। अब आप अपना विदाई मैच खेलने के लिए तैयार हो तो आप गर्व के साथ मुड़कर देख सकते हो। शुक्रिया लीजेंड। महान भारतीय स्ट्राइकर भूटिया ने कहा कि यह भारतीय फुटबॉल के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। इसमें कोई शक नहीं कि सुनील भारत के महानतम खिलाड़ियों में से एक है।

**बॉलीवुड हलचल**



### ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 में विलेन का किरदार निभाएंगे ऋतिक

**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो ऋतिक रौशन फिल्म ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 में विलेन का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। करण जौहर निर्मित और अयान मुखर्जी निर्देशित ब्रह्मास्त्र पार्ट वन शिवा ने बॉक्स ऑफिस पर काफी धमाल मचाया था। इस फिल्म रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन, मॉनी राय ने अहम भूमिका निभाई थी। बताया जा रहा है कि ब्रह्मास्त्र-2 में ऋतिक विलेन का किरदार निभाते नजर आएंगे। ऋतिक इस फिल्म की शूटिंग वॉर-2 के बाद करेंगे। ब्रह्मास्त्र-2 को 2026 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज किया जाएगा।

### कार्तिक की फिल्म चंदू चैंपियन का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन का नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। चंदू चैंपियन के नए पोस्टर में कार्तिक आर्यन हाथ में बॉक्सिंग ग्लव्स पहने बॉक्सर अवतार में नजर आ रहे हैं। चंदू चैंपियन का नया पोस्टर ब्लैक एंड व्हाइट है। आंख के पास चोट का निशान, मुंह में सेफ्टी गाड्र्स और हाथों में बॉक्सिंग गलव्स पहने कार्तिक नजर आ रहे हैं। चंदू चैंपियन के पोस्टर के साथ-साथ मेकर्स ने एक बार फिर कार्तिक आर्यन की फिल्म की सिनेमाघरों में आने की तारीख ऑफिशियली अनाउंस कर दी है। साजिद नाडियाडवाला निर्मित और कबीर खान निर्देशित फिल्म चंदू चैंपियन 14 जून 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## फिल्म फेस्टिवल



दक्षिण फ्रांस में आयोजित 77वें अंतरराष्ट्रीय कान्स फिल्म महोत्सव में फोटोग्राफरों के लिए पोज देती अभिनेत्री अन्या टेलर-जॉय। ● एजेंसी

## ओमान में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिजनों ने एयर इंडिया से मांगा मुआवजा

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- दिल का दौरा पड़ने के कारण महिला नहीं जा पाई थी पति के पास
- एआई एक्सप्रेस के चालक दल की हड़ताल के कारण रद हुई थी उड़ानें

दिल का दौरा पड़ने के कारण हाल ही में ओमान में जान गंवाने वाले एक व्यक्ति के परिजनों ने बृहस्पतिवार को तिरुवनंतपुरम में एअर इंडिया एसएटीएस एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एआईएसएटीएस) के कार्यालय के बाहर शव रखकर विरोध-प्रदर्शन किया। परिजनों ने एअर इंडिया एक्सप्रेस से मुआवजे की मांग की और दावा किया कि अगर विमानन कंपनी ने उड़ानें रद नहीं की होती तो उसकी पत्नी उसके साथ होती। मृतक के परिजनों ने कहा कि एअर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्यों की हड़ताल के कारण उड़ानें बार-बार रद होने से महिला अपने पति के पास नहीं जा सकी और देखभाल के लिए कोई नहीं होने के कारण खाड़ी देश में महिला के पति की मौत हो गई। मृतक के शव को सुबह केरल लाया गया।

शव के साथ रिश्तेदार सीधे एआईएसएटीएस कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया। यह कंपनी विमान का जमीन पर रखरखाव, यात्री सहायता और हवाई मालवहन जैसी सेवाएं देती हैं। टीवी चैनलों पर दिखाए गए दृश्यों के अनुसार, रिश्तेदारों ने शव को एआईएसएटीएस के कार्यालय की इमारत की सीढ़ियों के सामने रखा और आसपास चुपचाप खड़े हो गये। महिला के पिता ने आरोप लगाया कि एयरलाइन के खराब रवैये के कारण उन्होंने अपने दामाद को खो दिया।

## फट सकता है आपकी कार का टायर भूलकर भी आप न करें ये गलतियां



वाहन में टायर सबसे अहम भूमिका निभाता है। क्योंकि रोड पर जब आपकी कार चलती है तो वो सीधा टायर से कनेक्ट रहती है। कई बार लोग वाहन के टायर का खास ख्याल नहीं रख पाते हैं जिसके कारण बीच रास्ते में टायर फट जाता है। बीते दिनों ग्रेटर नोएडा से देवरिया जाते समय यमुना एक्सप्रेसवे पर दूल्हे की कार टायर फट गया। हादसे में 5 की मृत्यु हो गई, जबकि 3 लोग घायल हुए। ऐसी न जाने प्रतिदिन कितनी घटनाएं सामने आती रहती हैं। इस खबर के माध्यम से आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप कैसे अपने कार के टायर का ख्याल रखें कि आपको ऐसी दुर्घटना का सामना न करना पड़े।

### इसलिए फटते हैं टायर

- **तेज स्पीड :** घर्षण के चलते टायर गर्म हो जाते हैं। टायर के भीतर हवा फैलती है और प्रेशर ज्यादा होने से टायर फट जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक वे इतनी गर्मी सहन करने के लिए डिजाइन नहीं होते हैं।
- **खराब टायर :** खराब टायरों का घर्षण भी ज्यादा होता है और वे जल्दी गर्म होते हैं। लोगों को समझना चाहिए कि यदि टायरों की ट्रेडिंग की गहराई कम है तो वे ज्यादा स्पीड पर चलाने के लिए मुफीद भी नहीं हैं।
- **ज्यादा हवा :** टायर में क्षमता से ज्यादा हवा होने से सड़क पर टायर की कम सतह लगती है, जिससे कंट्रोल हाथ से निकल सकता है। ठीक से कंट्रोल न किया जा सकने वाला वाहन कभी भी हादसे का शिकार हो सकता है।

### यह ध्यान रखना जरूरी

- **टायर की उम्र :** सामान्यतया 40 हजार किलोमीटर के बाद टायर बदले जाने चाहिए। इतने चलने के बाद टायर गर्मी व बारिश में तेज स्पीड में चलाने लायक नहीं रहता।
- **टायर प्रेशर :** टायर कंपनियां वाहनों के आगे-पीछे के टायरों के लिए एक मानक प्रेशर तय करती हैं। लंबी दूरी की यात्रा करने से पहले टायर प्रेशर जांचना जरूरी है।
- **नाइट्रोजन भरें :** ऑटोमोबाइल एक्सपर्टस के मुताबिक सामान्य हवा के बजाय टायरों में नाइट्रोजन भरी जाए तो अच्छा है। यह हवा से हल्की होती है, जो लंबी दूरी की यात्राओं में टायर के घर्षण से गर्म होकर फैलती नहीं।
- **अलाइनमेंट :** गाड़ी का अलाइनमेंट ठीक नहीं होने से टायर पर ज्यादा इम्पैक्ट होता है जिससे वह फट जाता है। टैक्सी गाडियों का अलाइनमेंट चैकअप हर 3-4 महीने में होना चाहिए। लापरवाही मिलने पर गाड़ी मालिक के खिलाफ धारा-304 में केस हो सकता है।

## एक नजर

### कविता कृष्णमूर्ति लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**लंदन।** प्रसिद्ध गायिका कविता कृष्णमूर्ति को लंदन में वार्षिक यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल (यूकेएएफएफ) में संगीत में उनके योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। मिस्टर इंडिया और हम दिल दे चुके सनम जैसी कई हिंदी फिल्मों के गीतों को अपनी आवाज दे चुकीं हैं। 66 वर्षीय कृष्णमूर्ति को चार दशक के करियर में उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। उन्होंने लगभग 45 भारतीय भाषाओं में 50,000 से अधिक गाने गाए हैं।

### श्रीलंका में दस पाकिस्तानी तस्करों को 10 साल की सजा

**कोलंबो।** श्रीलंका की एक अदालत ने बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किए गए दस पाकिस्तानी नागरिकों को 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई है। पुलिस ने बताया कि जब यह मामला 6 मई, 2024 को कोलंबो उच्च न्यायालय के समक्ष उठाया गया तो आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और बाद में उन्हें 10 साल जेल की सजा सुनाई गई।

### हवाई की सवाना को मिस यूएसए का ताज

**न्यूयॉर्क।** हवाई की सवाना गैंकीविक्ज को बुधवार को मिस यूएसए 2023 का ताज पहनाया गया। इस खिताब की पिछली विजेता नोएलिया वोइट ने करीब एक सप्ताह पहले, अपने मानसिक स्वास्थ्य का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था। होनोलूलू स्टार-एडवरटाइजर की खबर के अनुसार, महिला सशक्तीकरण गैर-लाभकारी संस्था का नेतृत्व करने वाली मॉडल गैंकीविक्ज़ के पास यह खिताब, कार्यकाल की शेष अवधि यानी अगस्त तक रहेगा।

### 17 विदेशियों को निर्वासित करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को भारत सरकार को निर्देश दिया कि असम के एक निरुद्ध केंद्र में बंद ऐसे 17 विदेशियों को निर्वासित किया जाए जिनके खिलाफ कोई अपराध पंजीकृत नहीं है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जमा की गई एक रिपोर्ट पर संज्ञान लिया जिसमें कहा गया है कि असम के निरुद्ध (डिटेंशन) केंद्र में 17 घोषित विदेशी हैं। पीठ ने कहा हमारी राय है कि भारत सरकार को इन 17 विदेशियों को निर्वासित करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए क्योंकि उनके खिलाफ कोई अपराध पंजीकृत नहीं हैं।

# जिनपिंग-पुतिन बोले, हिंद व प्रशांत क्षेत्र में नाटो का रुख विनाशकारी

### पांचवें कार्यकाल के शपथ ग्रहण करने के बाद बीजिंग पहुंचे पुतिन, राष्ट्रपति जिनपिंग से मिले

बीजिंग, एजेंसी



बीजिंग में दलबल के साथ बैठक करते चीन व रूस के राष्ट्रपति।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गुरुवार को बीजिंग में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नाटो के रुख को विनाशकारी करार दिया। साथ ही पूर्वोत्तर एशिया में शक्ति संतुलन को बदल कर अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की। अपने 5वें कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के बाद पुतिन पहली विदेश यात्रा पर दो दिन की चीन की राजकीय यात्रा पर बीजिंग आये हैं।

चीनी राष्ट्रपति ने यहां अपने पुराने मित्र रूसी राष्ट्रपति का पारंपरिक ढंग से भव्य स्वागत किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया। पुतिन ने अपने बयान में चीनी राष्ट्रपति के साथ उनकी बातचीत को असाधारण, गहन और सार्थक करार दिया। उन्होंने कहा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हमारी आज की असाधारण गहन और सार्थक वार्ता को जारी रखते हुए द्विपक्षीय सहयोग के मौजूदा मुद्दों पर चर्चा करके बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि चीनी राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद संयुक्त वक्तव्य में चीन रूस द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए दीर्घकालिक दिशा-निर्देश तय किये गये हैं।



पुतिन का स्वागत करते जिनपिंग।

- पूर्वोत्तर एशिया में अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की

शी ने रूस के राष्ट्रपति के रूप में पांचवी बार शपथ लेने के लिए पुतिन और रूस के लोगों को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि पुतिन के नेतृत्व में रूस विकास के पथ पर निश्चित रूप से और अधिक प्रगति करेगा। चीन के राष्ट्रपति ने चीन-रूस के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अवसर दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में एक पड़ाव है।

### वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने वाली कई घोषणाएं की

बातचीत के बाद दोनों देशों की ओर से एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया जिसमें वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने वाली कई अहम घोषणाएं की गई। रूस और चीन के नेताओं ने नाटो के रुख को खतरनाक बताते हुए विभिन्न देशों से टकराव वाली नीतियां अपनाने, दूसरों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बंद करने का आह्वान किया। वक्तव्य के अनुसार चीन ने संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित करने के रूस के प्रयासों का समर्थन तथा उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप का विरोध किया। कहा गया कि किसी भी राज्य को दूसरों की सुरक्षा की कीमत पर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करनी चाहिए। रूस, चीन ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के साथ राजनीति, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और मानवीय संबंधों में सहयोग की संभावनाओं को मजबूत करने का संकल्प जताया और सैन्य निर्माण के माध्यम से पूर्वोत्तर एशिया (विशेष रूप से उत्तर कोरिया के संदर्भ में) में शक्ति संतुलन बदलने के अमेरिकी आधिपत्य प्रयासों का विरोध व्यक्त किया।

## छत्तीसगढ़ में मृत तेंदुआ मिला, शरीर के कई अंग गायब

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में वन विभाग ने एक मृत तेंदुआ बरामद किया है। अधिकारियों ने बताया कि जब दल वहां पहुंचा तो देखा तेंदुआ का शव क्षत-विक्षत वहां पड़ा था।

इस वन्य प्राणी के शरीर में खाल के कुछ हिस्से, नाखून, दांत और पूछ नहीं थे। अधिकारियों के मुताबिक इस क्षेत्र में अक्सर तेंदुआ देखा जाता है। गर्मी के मौसम में वे भोजन और पानी की तलाश में यहां आते रहे हैं। आशंका है कि शिकारियों ने तेंदुआ को जहर देकर मार दिया तथा उसके अंगों को काटकर निकाल लिया। वन विभाग ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाइडेन प्रशासन में 16 लाख प्रवासी अमेरिका में घुसे

वाशिंगटन, एजेंसी

- देश की दक्षिणी सीमा के माध्यम से अधिकारियों से बचकर किया प्रवेश



अमेरिका में बाइडेन प्रशासन में देश की दक्षिणी सीमा के माध्यम से अवैध रूप से लगभग सोलह लाख प्रवासियों ने प्रवेश किया है। फॉक्स न्यूज ने अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) से प्राप्त आंकड़ों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक 2021 और 2023 के बीच सीबीपी ने दर्ज किया कि लगभग 16 लाख प्रवासी अवैध रूप से अमेरिकी दक्षिणी सीमा पार करने पर अधिकारियों से बचने में सक्षम रहे। पिछले वर्षों की तुलना में ओबामा और ट्रम्प प्रशासनों के तहत वित्तीय वर्ष 2010 और 2020 के बीच अवैध रूप से अमेरिका-मेक्सिको सीमा पार करने वाले प्रवासियों की संख्या चौदह लाख से अधिक थी। अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर आने वाले अधिकांश शरण चाहने वाले प्रवासी अमेरिका में प्रवेश करने के तुरंत बाद खुद को अमेरिकी सीमा गश्ती एजेंटों के पास सौंप देते हैं।

## निज्जर हत्या मामले में अमनदीप कोर्ट में पेश

ओटावा, एजेंसी

- खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या से जुड़े मामले में तीन दिन पहले अमनदीप सिंह को किया था गिरफ्तार

खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से जुड़े मामले में गिरफ्तार भारतीय नागरिक अमनदीप सिंह को कनाडा की अदालत के समक्ष बुधवार को पेश किया गया। अदालत ने उसे 21 मई को दोबारा पेश करने का निर्देश दिया है। इस चर्चित मामले में अमनदीप सिंह, तीन अन्य लोगों के साथ सह आरोपी है। निज्जर की हत्या के मामले को लेकर भारत और कनाडा के रिश्तों में तनाव पैदा हो गया है।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि अमनदीप सिंह (22) को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिये बुधवार को सरे की अदालत में पेश किया गया जिसके बाद न्यायधीश ने मामले की सुनवाई अगले सप्ताह के लिए टाल दी। निज्जर (45) की पिछले साल 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में स्थित गुरु नानक सिख गुरुद्वारा के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अमनदीप पर 11 मई को हत्या और हत्या करने की साजिश रचने का अभियोग लगाया गया।

### अदालत कक्ष के बाहर झंडे लेकर खड़े थे खालिस्तान समर्थक

अमनदीप सिंह पेशी से पहले अदालत कक्ष के बाहर करीब दो दर्जन लोग खालिस्तान के समर्थक झंडे लेकर खड़े थे। पुलिस के मुताबिक अमनदीप, करण बराड़, कमलप्रीत सिंह और करणप्रीत सिंह भारतीय नागरिक हैं। अमनदीप कनाडा के ब्रैम्पटन, एबॉट्सफ़ोर्ड और सरे में अपना समय बिताता था। कनाडियाई मीडिया के मुताबिक आरोपी उस हमलावर दस्ते के सदस्य थे जिनके बारे में माना जा रहा है कि भारत सरकार ने उन्हें निज्जर की हत्या करने का जिम्मा सौंपा था।

## स्लोवाकिया पीएम फिको के हमलावर ने अकेले ही घटना को दिया था अंजाम

बांस्का बिस्त्रिका (स्लोवाकिया), एजेंसी।

- स्लोवाकिया के गृह मंत्री माटुस सुताज ने दी यह जानकारी

स्लोवाकिया के गृह मंत्री माटुस सुताज एस्टोक ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर गोलीबारी करने वाले हमलावर ने अकेले ही इस घटना को अंजाम दिया। इस जानलेवा हमले ने इस छोटे से मध्य यूरोपीय देश को सकते में डाल दिया है। नेता हमले के लिए अत्यंत राजनीतिक ध्रुवीकरण को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

गृह मंत्री एस्टोक ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमले के लिए जिस व्यक्ति पर आरोप लगाया गया है उसका किसी भी राजनीतिक समूह से जुड़ाव नहीं रहा है। प्रधानमंत्री फिको पर बुधवार को एक सांस्कृतिक केंद्र के बाहर पांच गोलियां चलाई गईं जिस दौरान वह समर्थकों से मिल रहे थे। फिको का उपचार किया जा रहा है।

**शल्य चिकित्सा के बाद हालत स्थिर :**



**ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हालत शल्य चिकित्सा के बाद स्थिर है। स्थानीय मीडिया ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया टीए3 के अनुसार बीबीसी ने स्लोवाकिया के पर्यावरण मंत्री टॉमस ताराबा के हवाले से कहा कि प्रधानमंत्री की जान को कोई खतरा नहीं है।

## नकली पुलिसकर्मियों ने कैफे मालिक से 25 लाख रुपये लूटे

**मुंबई।** अपराध शाखा से जुड़े होने का दावा करने वाले छह लोग मुंबई के सायन इलाके में एक कैफे मालिक के घर में घुस गए और कथित तौर पर 25 लाख रुपये ले गए।

पुलिस ने इनमें से चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। शहर के माटुंगा इलाके में एक मशहूर कैफे संचालक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मंगलवार को छह लोग सायन अस्पताल के पास स्थित उनके घर आए और कहा कि वे मुंबई अपराध शाखा से हैं। उन लोगों ने दावा किया कि वे चुनाव ड्यूटी पर हैं और उन्हें जानकारी मिली है कि घर में धन रखा है जिसका इस्तेमाल लोकसभा चुनाव में किया जाएगा।

## इजराइल ने गलती से अपने ही 5 सैनिकों को उतारा मौत के घाट, सात घायल

यरूशलम, एजेंसी



उत्तरी गाजा पट्टी के जबालिया रिफ्यूजी कैंप में गलती से इजराइली टैंक की गोलाबारी में पांच इजराइली सैनिकों की मौत हो गई, जबकि सात सैनिक बुरी तरह से घायल हो गए। इनमें से तीन की हालत नाजुक है। यह जानकारी गुरुवार को इसराइली रक्षा बल (आईडीएफ) ने दी।

आईडीएफ ने बताया कि इजरायली सैनिकों ने गाजा शहर में प्रवेश किया और शरणार्थी शिविर पर फिर से हमले शुरू किये गये और इमारतों पर कब्जा कर लिया। इमारतों से कई मीटर की दूरी पर तैनात दो आईडीएफ टैंकों ने स्पष्ट रूप से एक इमारत की खिड़की में एक बंदूक देखी और लक्ष्य तय कर दो गोले दागे। सेना ने बताया कि वह इस बात की जांच कर रही है कि सैनिकों को पहचानने में गलती कैसे हुई। उन्हें फिलिस्तीनी आतंकवादियों के रूप में क्यों पहचाना गया। आईडीएफ के अनुसार, हमास के 7 अक्टूबर के हमले और बाद में गाजा पर इजरायल के हमलों में कुल 626 सैनिक मारे गये हैं।

## इजराइल की सैन्य कार्रवाई के खिलाफ सुनवाई शुरू

**हेग।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने गाजा के दक्षिणी शहर रफह में इजराइल के सैन्य अभियान को रोकने के लिए दक्षिण अफ्रीका के अनुरोध पर बृहस्पतिवार को सुनवाई शुरू की। यह सुनवाई दो दिन तक होगी।

यह चौथी बार है जब दक्षिण अफ्रीका ने आईसीजे से आपातकालीन उपायों का अनुरोध किया है। दक्षिण अफ्रीका ने यह आरोप लगाते हुए न्यायालय का रुख किया है कि गाजा में हमास के साथ युद्ध में इजराइल की सैन्य कार्रवाई नरसंहार के समान है। पिछले आदेश गाजा के लोगों के लिए एकमात्र शरणस्थल पर बर्बर सैन्य हमले को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं थे।

## चीन कर रहा है एआई का दुरुपयोग : अमेरिका

जिनेवा, एजेंसी

- जिनेवा में प्रौद्योगिकी को लेकर हुई बैठक में अमेरिका के अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की

जिनेवा में प्रौद्योगिकी को लेकर हुई बैठक के एक दिन बाद अमेरिका के अधिकारियों ने चीन द्वारा एआई के दुरुपयोग को लेकर चिंता व्यक्त की, तो वहीं बीजिंग के प्रतिनिधियों ने प्रतिबंधों और दबाव को लेकर अमेरिका की आलोचना की। उच्च-स्तरीय दूतों के बीच बंद कमरे में हुई बातचीत में एआई के जोखिमों और इसे प्रबंधित करने के तरीकों को शामिल किया गया था।

तेजी से आगे बढ़ने वाली प्रौद्योगिकी पर चीन और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ गया है। यह द्विपक्षीय संबंधों में टकराव का एक और मुद्दा बन गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने एक बयान में कहा चीन और अमेरिका ने एक दिन पहले स्पष्ट और रचनात्मक चर्चा में एआई सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन के लिए अपने-अपने दृष्टिकोण का आदान-प्रदान किया। बीजिंग ने कहा कि दोनों पक्षों ने गहनता के साथ पेशेवर और रचनात्मक रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया। एआई पर इस तरह की पहली अमेरिका-चीन वार्ता सैन फ्रांसिस्को में राष्ट्रपति जो बाइडन और शी चिनफिंग के बीच नवंबर में हुई बैठक का परिणाम थी। वॉट्सन ने चीन का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका ने एआई के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की है। उसके मुताबिक दुरुपयोग करने वालों में चीन भी शामिल है।

## फीस बढ़ोतरी मामले में निजी स्कूलों पर लगा दो-दो लाख का जुर्माना

**हरदा।** मध्यप्रदेश के हरदा जिले में कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिले के चार निजी स्कूलों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किये बिना फीस वृद्धि करने पर उनके विरूद्ध दो-दो लाख का अर्थदंड लगाने के आदेश जारी किए हैं।

अधिकारिक जानकारी के अनुसार सहायक संचालक शिक्षा बलवंत पटेल ने बताया कि हरदा के जिन स्कूलों पर अर्थदंड लगाया गया है, उनमें सेंट मेरी को-एड हायर सेकण्ड्री स्कूल हरदा, सनरेज हायर सेकण्ड्री स्कूल हरदा, होलीफेथ बाल रेडक्रॉस हायर सेकण्ड्री विद्यालय हरदा तथा द फाउण्डेशन ऑफ एजुकेशन हायर सेकण्ड्री विद्यालय हरदा शामिल है। कलेक्टर के निर्देश पर प्राइवेट स्कूलों की विस्तृत जांच की गई, जिसमें गत वर्ष की तुलना में इस बार फीस में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई।

**कहर** भयावह रहा है कैनेडियन आग का अतीत, 88000 लोगों को छोड़ना पड़ा था घर

## कैनेडियन जंगलों की आग से अमेरिकी देश धुंए की चपेट में

संवाददाता, नैनीताल



कैनेडा के जंगलों में लगी भीषण आग का दृश्य। ● एजेंसी

**अमृत विचार :** जंगलों मे आग के कहर से न केवल भारत के कई हिस्से झुलस रहे हैं, बल्कि कैनेडियन जंगलों में लगी भीषण आग ने अमेरिका के कई देशों को धुंआ धुंआ कर दिया है। जिस कारण संयुक्त राज्य अमेरिका के महानगरों की आबो हवा बेहद खराब हो चली है। प्राकृतिक संसाधन कनाडा ने रिपोर्ट जारी कर कैनेडियन जंगलों में लगी आग से आगाह किया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कैनेडियन ज़ॉम्बी की आग फिर तेजी भड़कने लगी है, जो आने वाले दिनों में रौद्र रूप धारण ले सकती है। सैटेलाइट के जरिए जंगलों में आग का मानचित्र तैयार किया गया है और समय रहते काबू पाने की चेतावनी दी है। दरअसल कैनेडियन आग का अतीत हमेशा भयावह रहा है। 2023 में कनाडा के जंगल की आग ने कई रिकॉर्ड तोड़े थे। जिसमें 6551 स्थानों में लगी आग से लगभग 46 मिलियन एकड़ जमीन क्षेत्र के जंगल जलकर खाक हो गए थे। यह भीषण आग बरसात व सर्दियों में थमी हुई तो नजर आई, लेकिन जमीन के अंदर धधकती रहीं और वसंत आते ही फिर से धधकने लगी।

आग का धुआं संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिण हिस्से में फैलना शुरू हो गया है। इस आग को ज़ोंबी नाम से पुकारा जाता है, जो सूखे की स्थिति, गर्म तापमान और तेज़ हवाओं के कारको को जन्म दे रही है। यह आग आने वाले दिनों में तेज भड़कने लगेगी। जिसकी चेतवानी जारी कर रिहायसी क्षेत्रों की सुरक्षा को लेकर उपाय तलाशने को कहा गया है। प्रभावित क्षेत्रों की आशंका को लेकर लोगों ने पलायन शुरू कर दिया है। जंगलों की तुलना भारत से करें तो आग से बचाव की सुरक्षा को लेकर भारत में कमसेकम पलायन की नौबत शायद ही कभी रही हो। मगर जंगलों की आग से बचाव के पुख्ता उपाय पूरी दुनिया मे आज तक नही ढूंढे जा सके हैं, जो साबित करता है कि कुदरत के आगे आज भी इंसान बौना है।

### 2016 में लगी थी भयानक आग

कैनेडियन के जंगलों में सबसे बड़ी आग मई 2016 में लगी थी, जो इतिहास में फोर्ट मैकमरे ने प्रांत के क्षेत्र में सबसे बड़ी आग मानी जाती है। उस आग के दौरान, 88,000 लोगों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। इस आग ने 2400 घरों और इमारतों को नष्ट कर दिया था। बड़ा तथ्य है यह भी है कि जंगलों की आग के धुएं से समीपवर्ती बड़े क्षेत्रों का वातावरण बुरी तरह प्रभावित होता है। जिसका बुरा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है।